माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
हल्द्वानी, गुरुवार, 1 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 349, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 16
चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 15

राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।

साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है, जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

एक नजर

सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

नई दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं।

संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर जिले को ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुशी व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि जिस दिन से चला हूं मेरी मंज़िल पे नज़र है, आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा। संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला बधाइयां।

फार्मा फैक्टरी में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्टरी में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जिले की पडरा तालुका के एकाल्बरा गांव में स्थित फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक अन्य कर्मी भी घायल हो गया। पडरा पुलिस निरीक्षक एलबी तडवी ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजे ओनीरो लाइफकेयर संयंत्र में एक गैस पाइप से रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और उस समय घटनास्थल पर चार कर्मी मौजूद थे।

ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

अदालत ने जिलाधिकारी को दिए सात दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।

- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी

वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।

शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता शृंगार गौरी।

-केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री

इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।

-मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, एआईएमपीएलबी सदस्य

ईडी की गिरफ्तारी के बाद हेमंत का इस्तीफा, चंपई सोरेन होंगे मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी

ईडी ने भूमि घोटाला मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद बुधवार को देर शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस बीच झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 'हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है।' 67 साल के चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी।

इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सांसद महुआ मांझी ने बताया है कि सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत है। उन्होंने बुधवार देर शाम बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी हिरासत में हैं। वह ईडी की टीम के साथ गवर्नर साहब के पास गए हैं। महुआ ने कहा कि विधायकों की बैठक में यही निर्णय हुआ है कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने देर शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।

हेमंत सोरेन

चंपई सोरेन

भूमि घोटाला मामला

- सात घंटे तक पूछताछ के बाद सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
- मुख्यमंत्री के लिए हेमंत सोरेन की पत्नी के नाम की भी थी चर्चा

सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

रांची। हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

पेटीएम को 29 फरवरी के बाद सेवाएं देने से रोका

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का बुधवार को निर्देश दिया। हालांकि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों को किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को किसी भी समय जमा किया जा सकता है।

आरबीआई ने कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी।

समस्याओं को शालीनता से सुनें और विभागों को भेजें : मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आईटीडीए (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एजेंसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1905 और इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं को भी देखा। धामी ने यातायात व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जिले के पच्योना गांव निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर शिकायत की थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद कर दिया है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिए कि जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा के स्तर से इनकी समस्या का शीघ्र समाधान कराएं।

मुख्यमंत्री ने आईटीडीए के इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन कंट्रोल रूम में काम कर रहे कार्मिकों से कहा कि फोन पर आने वाली लोगों की समस्याओं को शालीनता से सुनें और जिस विभाग से संबंधित शिकायत है, उसे यथाशीघ्र उस विभाग को भेजें।

- पुष्कर सिंह धामी ने किया आईटीडीए का औचक निरीक्षण

जम्मू-कश्मीर, पंजाब और यूपी में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है।

कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया। अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की।

राधा रतूड़ी बनीं राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव

संवाददाता, देहरादून

उत्तराखंड में पहली बार महिला अधिकारी को मुख्य सचिव बनाया गया है। सरकार ने वर्ष 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी को नया मुख्य सचिव बनाया है। बुधवार सुबह आदेश जारी होने के बाद राधा रतूड़ी ने पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने रतूड़ी को पदभार सौंपा।

बता दें कि 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो गया। संधु को सेवानिवृत्ति के बाद छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया था, जो 31 जनवरी को पूरा हो गया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि यह दशक उत्तराखंड का होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप प्रदेश को आगे ले जा रहे हैं।

- बुधवार सुबह शासन से आदेश जारी होने के बाद संभाला पदभार

चमोली की बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष बहाल

ब्यूरो, नैनीताल

अमृत विचार: हाईकोर्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली रजनी भंडारी को राहत देते हुए उनके खिलाफ की जा रही जांच और बर्खास्तगी पर रोक लगा दी है। रजनी भंडारी की याचिका पर सुनवाई के बाद एकलपीठ ने उन्हें बहाल करने का निर्देश दिया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली रजनी भंडारी ने अपनी याचिका में सरकार के 25 जनवरी के आदेश पर रोक लगाने आग्रह किया था। भंडारी ने याचिका में कहा है कि सरकार ने जांच करने में पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं किया है। जांच में भी पंचायती राज नियमावली का उल्लंघन किया गया है। पंचायतीराज नियमावली के अनुसार अनियमितता होने पर पहले जिला अधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच की जानी थी, लेकिन जिलाधिकारी ने स्वयं जांच न कर सीडीओ को जांच सौंप दी।

मामले के अनुसार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नंदन सिंह बिष्ट की शिकायत पर जांच की सिफारिश के बाद पंचायती राज विभाग की ओर से बीते 25 जनवरी को एक आदेश जारी कर रजनी भंडारी को जिला पंचायत अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। उन पर विकास कार्यों की निविदाओं में गड़बड़ी करने का आरोप है।

- हाईकोर्ट की एकल पीठ से रजनी भंडारी को मिली राहत

तिलवाड़ा मयाली मार्ग पर कार खाई में गिरी, दो की मौत

रुद्रप्रयाग। तिलवाड़ा मयाली मोटर मार्ग पर सियाल्स्यू के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक कार चलाना सीख रहा था।

घटना की सूचना मिलते ही डीडीआरएफ मुख्यालय की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने बताया कि कार में दो लोग सवार थे। इनमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान कैलाश जगवाण निवासी जगतोली, सांदर रुद्रप्रयाग तथा किशन कठैत निवासी सकलाना टिहरी गढ़वाल हाल निवासी तिलवाड़ा के रूप में हुई है।

यूपी में विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया। आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

- छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी
- तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष, छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था, लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं, उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है। **-गौरव कश्यप**, विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली। पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

सार-संक्षेप

भीमताल में बोट संचालक कल्याण समिति की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

बोट संचालन के नियमों पर सहमति

भीमताल : भीमताल के डांठ में बंधवार को बोट चालक कल्याण समिति की बैठक हुई। इसमें नियम रजिस्टर पकड़ने वाला सुबह 9 :00 से शाम 6 :00 तक, रजिस्टर की ड्यूटी देने रजिस्टर सवेरे 9 :30 बजे के बाद नहीं देने, बोट चालक कल्याण समिति की महीने के आखिरी तारीख को नियमित रूप से बैठक होने पर सहमति बनी। एक अप्रैल से बोट के रेट टापू आना जाना साढे.तीन सौ रुपये, झील का पूरा चक्कर आधे घंटे का साढ़े पांच सौ रुपये लेने की सहमति बनी। इस दौरान अध्यक्ष देवेंद्र सिंह फर्त्याल, उपाध्यक्ष मनोज कुमार आर्य, सचिव मनोज सिंह रावत, कोषाध्यक्ष सलीम उल्ला, तेजिंदर पडियार, उमेश भट्ट, रफीक उल्ला, शाहिद खान, रईस खान, सुभाष चंद्र, पंकज गिरी, मकसूद उल्ला, नसीब उल्ला, वाजिद खान, फिरोज उल्ला सहित अनेक बोट चालक और संचालक मौजूद थे।

विभागीय बाउंड्री के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

भीमताल : नये मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से विभागीय परिसम्पत्तियों की बाउंड्री सृजन करने का प्रशिक्षण कार्य 1 व 2 फरवरी को विकास भवन भीमताल में किया जायेगा। मामले की जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि सूचना प्रोद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रोद्यौगिकी विभाग द्वारा विभागीय परिसम्पत्तियों की बाउंड्री सृजन करने के लिए नवीनतम कस्टमाइज मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया गया है। समस्त विभागों को नये मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से विभागीय परिसम्पत्तियों की बाउंड्री सृजन करने का प्रशिक्षण दिया जाना है।

खनस्यू में बिजली विभाग के शिविर में समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान किया

भीमताल : बिजली विभाग के तत्वावधान में खनस्यू में शिविर के आयोजन के दौरान झड़गांव गडगरी क्वैराला बड़ौन थराड़ी, टांडा खनस्यू सहित कई ग्राम के उपभोक्ताओं में अपनी समस्याओं को रखा। इस दौरान 30 आरडीएफ बिल की शिकायतें, 10 बिल सुधार और वहीं सामान्य निराकरण के लगभग 30 मामले सामने आए। जिसका समाधान किया गया। बीडीसी मेंबर रवि गोस्वामी ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा गांव में ही कैंप लगाने से उपभोक्ताओं को भीमताल नहीं जाना पड़ा। इससे धन और समय दोनों की बचत हुई। इस दौरान कार्यालय सहायक नैनीताल हरिश्चंद्र भट्ट, टेक्नीशियन कमल मेहता, बीडीसी मेंबर रवि गोस्वामी, प्रकाश बृजवासी, धीरज कुमार, बॉबी कुमार, बीडीसी मेंबर रोहित थुवाल आदि मौजूद थे।

नये भवन का शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

नवनिर्मित विकासखंड कार्यालय का किया शुभारंभ

भीमताल : विकासखंड भीमताल के 315 .75 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित कार्यालय भवन का ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने पूजा अर्चना कर शुभांरभ किया। ब्लॉक में प्रवेश से पूर्व नए भवन में हवन का आयोजन करवाया गया तथा सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा लंबे समय से जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों को पुराने भवन में अपना कार्य कर रहे थे। इसमें स्थान कम होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख गीता बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक अजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश बेनी उपस्थित रहे।

पौधे रोपित करते ईओ व अन्य। ● अमृत विचार

नगर में चेरी व सेब के पौधे किए गए रोपित

नैनीताल। पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशुतोष पंत के सहयोग से अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद के नेतृत्व में बुधवार को मल्लीताल स्थित पंत पार्क, बाल्मीकि पार्क व झील के समीप दर्जनों अखरोट व चेरी के पौधे रोपित किए गए। आशुतोष पंत ने कहा कि नगर में चेरी व सेब के पौधों से शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी।

बलिया नाला क्षेत्र के स्थायी उपचार के लिए शिफ्ट की गई कक्षा, छात्रों के लिए न तो शौचालय, न बैठने के लिए बेहतर कक्षा

आज से खुल रहा स्कूल, बच्चों के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार: शहर की तलहटी पर स्थित बलियानाला पहाड़ी पर वर्षों से चल रहे भूस्खलन की रोकथाम का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग की ओर से जीआईसी स्कूल भवन के हिस्से का ध्वस्तीकरण किया जा रहा है।

बलियानाले के स्थायी उपचार के दौरान जीआईसी स्कूल के अधिकांश कक्षाएं, कार्यालय, लैब पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इसको देखते हुए स्कूल की कक्षाओं को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राओं का पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न न हो। स्कूल प्रबंधन द्वारा अधिकांश कक्षाओं को दूसरे ब्लॉक में विस्थापित कर दिया गया है लेकिन वहां पर छात्रों के बैठने के लिए बेहतर कक्षाएं विद्युत व्यवस्था और शौचालय की सुविधा नहीं है। कक्षाओं की खिड़कियां और चारदिवारी भी पूरी तरह से टूटी हुई है। इसके अलावा स्कूल में साफ सफाई की भी कोई व्यवस्था नहीं है जगह-जगह कबूतरों और पक्षियों द्वारा गंदगी फैलाई गई है जो अब तक साफ नहीं हुई है। ऐसे में एक फरवरी से खुल रहे स्कूलों में छात्रों को कैसे बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिलेगी।

उधर, सिंचाई विभाग सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत जीआईसी स्कूल के एक हिस्से को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। पहाड़ी की रोकथाम के लिए बड़ी मशीनों को पहाड़ी के मुहाने तक पहुंचाया जा रहा है। इनसे पहाड़ी का कटान कर 45 डिग्री का स्लोप दिया जाएगा। बताया कि एप्रोज रोड बनाने के लिए मशीनें मंगवाई गई है। इससे सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

जीआईसी स्कूल भवन को तोड़ते कर्मचारी। ● अमृत विचार

कबूतरों और पक्षियों द्वारा फैलाई गई गंदगी अब तक साफ नहीं।

जीआईसी स्कूल में बदहाल स्थिति में शौचालय। ● अमृत विचार

150 साल पुराने इंटर कॉलेज का अस्तित्व खतरे में

नैनीताल : भले ही बलियानाले के उपचार का स्थायी काम प्रथम चरण में शुरू कर दिया गया हो लेकिन नाले के काम के साथ ही शहर के सबसे पुराने ऐतिहासिक स्कूल शहीद मेजर राजेश अधिकारी इंटर कॉलेज के सामने उसका अस्तित्व खतरे में दिख रहा है। स्कूल के अधिकांश भवनों को तोड़कर सड़क निर्माण का काम किया जा रहा है। इससे ऐतिहासिक स्कूल अब केवल इतिहास के पन्नों में दिख सकेगा।

जिले के पहाड़ी इलाकों में हो सकती है बर्फबारी, तराई-भाबर में बारिश

नैनीताल, मुक्तेश्वर में हिमपात की संभावना, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में शुरू हुई बर्फबारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मौसम ने करवट बदलना शुरू कर दिया है। हल्द्वानी में बुधवार की शाम हल्के बादल छा गए और हवाएं चलने लगीं। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक फरवरी को जिले में कई जगह बारिश हो सकती है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना है।

सर्दियों का सीजन अभी तक बारिश और बर्फबारी की दृष्टि से सूखा साबित हुआ है। जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बन गई है। बुधवार को शहर में अपरान्ह बाद बादल छाने लगे। साथ ही हवाएं भी चलने लगीं। सर्द हवाओं से ठंड और बढ़ गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक फरवरी को जिले में कई जगह पर बारिश हो सकती है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों जैसे नैनीताल, मुक्तेश्वर, पदमपुरी, रामगढ़ आदि में बर्फबारी की भी संभावना है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि का भी अनुमान जताया है। अगर ऐसा होता है तो यह राहत की बात होगी क्योंकि सर्दियों के इस सीजन में अभी तक नाममात्र की बारिश हुई है और जिले में बर्फबारी भी नहीं हुई है। इधर मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि उत्तराखंड के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों जैसे चकराता आदि में बर्फबारी शुरू हो गई है। हल्द्वानी में बुधवार का अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में ठंड में बढ़ोत्तरी होगी।

नैनीताल में बुधवार को बादल छाने से ठंडा रहा मौसम। ● अमृत विचार

खेती और बागवानी के लिए अच्छी खबर

हल्द्वानी : सूखे की मार खेती और बागबानी पर भी पड़ी है। पहाड़ों में बर्फबारी न होने की वजह से सेब की फसल पर गलत प्रभाव पड़ रहा है तो वहीं गेहूं की फसल पर भी दुष्प्रभाव पड़ा है। साथ ही मौसमी सब्जियों जैसे मटर, गोबी, पालक, मैथी, गाजर के भी उत्पादन पर असर पड़ा है। अगर बारिश होती है तो खेती और उद्यान के लिए काफी फायदेमंद रहेगी।

अल-नीनो का रहा प्रभाव

इस बार सर्दियों के मौसम में अल-नीनो का प्रभाव रहा। जिस वजह से दिसंबर में जहां तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज हो रहा था वहीं जनवरी में सूखी और गलन भरी ठंड पड़ी। आम जनजीवन असमान्य सर्दी से प्रभावित रहा।

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है। एक फरवरी मौसम काफी खराब रहेगा। बर्फबारी भी हो सकती है। अगर संभव हो तो लोग एक फरवरी को यात्रा करने से बचें। **-डॉ. विक्रम सिंह,** निदेशक, राज्य मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून

नैनीताल में सुबह से छाया रहा कोहरा

नैनीताल। बीते कुछ दिनों से नैनीताल में लगातार ठंड में बढ़ोतरी होने लगी है हालांकि अभी भी बारिश व हिमपात का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं मौसम विभाग ने नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी और बारीश की संभावना जताई है। बुधवार सुबह से ही नगर में कोहरा छाया रहा जिसके चलते बीते दिनों के मुताबिक आज सुबह से ही शहर में ठंड का इजाफा देखने को मिला। हालांकि दिन में गुनगुनी धूप भी खिली रही।

भीमताल के मिनी स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी।

भीमताल मिनी स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : सिक्स एम क्रिकेटर्स के तत्वावधान में मिनी स्टेडियम में आयोजित ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने किया।

इस दौरान सीडीओ अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं से युवा पीढ़ी का खेल के प्रति रुझान बढ़ेगा और क्षेत्र से बेहतरीन खिलाड़ियों को आगे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। इस मौके पर आयोजक निवर्तमान चेयरमैन देवेन्द्र चनौतिया ने बताया कि विजेता टीम को एक लाख उपविजेता को 25 हजार का इनाम दिया जाएगा।

पहला मैच शिवाय क्रिकेटर्स,चार खेत स्मैचर्स के बीच खेला गया। इसमें 271 रन शिवाय क्रिकेटर्स ने बनाए और जीत हासिल की। इस मौके पर डीके डालाकोटी, मनोज भट्ट, सीमा टम्टा, ललित मेहरा, विपिन सनवाल, मीना बिष्ट, शिप्रा जोशी, शुभम नैनवाल, मोहित पडियार, राकेश पांडेय, अनिल रूबाली आदि उपस्थित थे।

सड़क पर अतिक्रमण कर वाहनों की मरम्मत कर रहे मैकेनिक

भीमताल : लोक निर्माण विभाग के द्वारा लाखों की लागत से मल्लीताल बाजार में टाइल्स को लगाया गया, जहां टाइल्स के लगाने का उद्देश्य मोटर मार्ग की दशा को सुधारना था वहीं अस्थाई रूप से मोटर मार्ग चौड़ा हो सके। पर विभागीय प्रयास विफल होता दिख रहा है। आज के दिन भी मल्लीताल बीच बाजार में पूर्वरत स्थिति है। यहां मैकेनिकों के द्वारा जहां सड़क के किनारे खराब वाहन स्थाई रूप से खड़े किए गए हैं वहीं सड़क का एक व्यापक हिस्सा घेर लिया जाता है और वहां पर कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते दिन भर कम वाहन होने के बावजूद इस स्थान पर यातायात जाम लगा रहता है। लोगों ने दुकानों को शहर से बाहर स्थापित करने की मांग की है।

रामनगर में गोष्ठी में मौजूद छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण में दें योगदान

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: राजकीय इंटर कॉलेज शंकरपुर में मंदाल रेंज द्वारा जागरूकता अभियान के तहत वन क्षेत्राधिकारी अजय सिंह रावत ने बच्चों को वन एवं वन्यजीव सुरक्षा तथा वन अग्नि सुरक्षा में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जंगल वन्य जीव हमारी धरोहर हैं। इनको आग से बचाना हम सब का कर्तव्य है। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. हाकिम सिंह, प्रवक्ता महेश कुमार भारती, नरेश चन्द्र सोराडी आदि ने अपने विचार रखे। प्रवक्ता डॉ. एसके सिंह, अखिलेश कुमार, डॉ. नारायण अग्रवाल, संतोष कुमार, अनिल कुमार उपस्थित रहे।

चुनाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

नैनीताल: लोक सभा चुनाव को सुचारू, सुव्यवस्थित, शान्तिपूर्ण रूप से संपन्न किए जाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी वंदना ने नोडल अधिकारी व प्रभारी, सह नोडल अधिकारी की तैनाती कर दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से व्यवस्थाओं को अपने स्तर से प्रारम्भ करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक व्यवस्था एवं पीठासीन अधिकारी, मतदान व मतगणना कार्मिक, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व माइक्रो आब्जर्वर तैनात करने के लिए नोडल मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय को नियुक्त किया है।

शिक्षा के हब भीमताल में एक पुस्तकालय तक नहीं

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : इसमें जरा भी संदेह नहीं है कि भीमताल शिक्षा का हब बनते जा रहा है, जहां यहां रेग्युलर विषयों की कक्षाएं संचालित हैं तो वहीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के कई शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। इसके बावजूद यहां के लोगों के द्वारा कई बार नैनीताल की मालरोड में स्थित पुस्तकालय की तर्ज पर एक पुस्तकालय बनाने की मांग की। जिस पर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया।

इधर क्षेत्र के कई सीनियर सिटिजन और पर्यटक भीमताल में पुस्तकालय को अक्सर खोजते नजर आते हैं। पुस्तकालय नहीं होने की जानकारी मिलने पर उन्हें निराशा होती है। साथ ही साथ आश्चर्य भी प्रगट करते हैं। भीमताल की जनता ने एक बार फिर से भीमताल में एक सभी सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय निर्माण की मांग की है।

लोगों की जायज मांग है। भविष्य में कभी मौका मिलेगा तो मेरी प्राथमिकता में इसका निर्माण रहेगा। **-हितेन्द्र बिष्ट,** सामाजिक कार्यकर्ता

जिन लोगों को पढ़ने का शौक है। उनके लिए और विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय का होना आवश्यक है। लोग सवेरे और शाम वहां जाकर अखबार व अन्य किताब आदि पढ़ सकें। **-विपिन पांडे,** सेवानिवृत पर्यटन विकास अधिकारी, कुमविनि

पालिकाकर्मी से मारपीट के आरोपी पर मुकदमा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मल्लीताल बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पालिका व व्यापारी के बीच हुए विवाद व मारपीट मामले में पुलिस ने व्यापारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

27 जनवरी को ईओ राहुल आनंद के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम बड़ा बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे अतिक्रमण हटवा रही थी। अतिक्रमण प्रभारी कमल कटियार ने तहरीर देकर कहा कि टीम बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाने के साथ ही चालानी कार्रवाई कर रही थी। कुछ दुकानदारों के चालान करने के बाद जब वह स्टूडेंट शूज स्टोर पर पहुंचे तो दुकान स्वामी ने सामान हटाने से मना कर दिया। दुकान स्वामी ने गाली गलौच कर टीआई के हाथ से चालान बुक गिराकर लात मारकर दूर फेंक दी। जब वह बीच बचाव करने पहुंचे तो व्यापारी ने उनके साथ मारपीट की। तहरीर पर स्टूडेंट शूज स्टोर स्वामी मल्लीताल निवासी सारिम उर्फ सहल अहमद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

एक नजर

तीन फीट पीछे जाएंगे क्रश बैरियर

हल्द्वानी : तल्ली हल्द्वानी वार्ड 58 में अधिकारियों ने क्रश बैरियर का सर्वे किया। पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि आमजन क्रश बैरियर से काफी परेशान थे। साथ ही घंटों जाम में फंसे रहते थे। मौके पर आए एसडीएम पारितोष वर्मा ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया है और कहा है कि बैरियर तीन फीट पीछे किए जाएंगे।

तीन मामलों में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रामनगर : पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। प्रभारी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि कानिया निवासी विकास सत्यवली की तहरीर पर घर में घुस कर उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में संजय सत्यवली, प्रमोद सत्यवली, चन्द्रा सत्यवली, तारा सत्यवली, किरन सत्यवली कुल पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में रहीन जहां ने भवानी गंज निवासी नितिन शर्मा पर उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एक अन्य मामले में गौजानी निवासी पूजा देवी ने उसके पति पर एक राय होकर मारपीट करने व जान से मार देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अनुज, सागर, विक्की व दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

नजाकत का बगीचा पर नगर निगम ने की तारबाड़, कब्जा लिया

राजपुरा में नजूल जमीन को वापस लेने की कार्रवाई, मौके पर टीम का हुआ विरोध, जमीन फ्री होल्ड होने के कागज नहीं दिखा पाए विरोध जताने वाले लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नजाकत का बगीचा में नगर निगम और प्रशासन ने कार्रवाई करके दो एकड़ जमीन को अपने कब्जे में ले लिया। इस जमीन के कब्जेदार जब विरोध जताने आए तो उन्हें फ्री होल्ड के कागज दिखाने को कहा। कागज नहीं दिखा पाने के बाद नगर निगम ने जमीन के चारों ओर तारबाड़ कर दिया।

नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने इन दिनों शहर में उन सरकारी जमीनों को वापस कब्जे में लेना शुरू किया है। जिन पर गैर कानूनी तरीके से कब्जा किया गया है। बुधवार को नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में टीम राजपुरा के नजाकत के बगीचे में पहुंची। यहां खाली जमीन पर कब्जा किए जाने की कार्रवाई शुरू की गई।

कार्रवाई होते देख जमीन के कब्जेदार विरोध जताने पहुंच गए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि जमीन के फ्री होल्ड के कागज ले आएं। उसके बाद ही कार्रवाई रोकी जाएगी लेकिन जब विरोध जताने वाले कागज दिखाने में असमर्थ रहे तो नगर निगम ने मौके पर तुरंत ही तारबाड़ करके जमीन पर कब्जा ले लिया। नगर आयुक्त ने बताया कि जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जेदार बैठे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

इन जमीनों को प्रशासन वापस अपने कब्जे में लेगा। जिससे भविष्य में जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए जमीनों की कमी आड़े नहीं आए।

अतिक्रमण को लेकर नगर आयुक्त और जमीन स्वामी में होती झड़प। ● अमृत विचार

अतिक्रमण हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

जमीन पर मजार भी मिली

हल्द्वानी : नजाकत के बगीचे में मजार भी बनी मिली है। नगर आयुक्त ने कहा कि प्रथम दृष्टया देखने में आया है कि इसे भी अवैध तौर पर बनाया गया है। ये जांच का विषय है कि इस तरह से सरकारी जमीन को कब्जाने का काम कौन कर रहा है। साथ ही इस जमीन को पहले छोटे टुकड़ों में बेचा गया था। अवैध निर्माण भी हुए थे। जिसे पूर्व में हटाया गया था। जब गंगापुर कबडवाल में स्थाई गौशाला का निर्माण नहीं हो रहा है तब तक यहां पर नगर निगम अस्थाई तौर पर गौशाला बना सकता है। नगर आयुक्त ने आदेश देकर एक निर्माण को सील भी करवा दिया। उन्होंने विरोध जताने वालों से कहा कि ये जमीन सरकार की है। कब्जा लेने के लिए बुलडोजर की भी मदद ली गई।

हमारा केस चल रहा है

हल्द्वानी : विरोध करने के लिए आई युवती ने कहा कि इस जमीन को लेकर हमारा केस सिविल कोर्ट में चल रहा है। प्रशासन ने गलत तरीके से हमारी जमीन को नजूल बना दिया है। जब हमने आरटीआई में जबाव मिला तो कोई जवाब नहीं मिला है। उस मामले में 6 फरवरी की तारीख है। वहां नगर निगम को भी अपना पक्ष रखना है। इसके बावजूद नगर निगम ने यहां ताड़बाड़ कर दिया है। प्रशासन कोर्ट में जवाब नहीं दे रहा है। विरोध जताने आई युवतियों ने काफी देर तक अपना विरोध जताया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने स्पष्ट कहा कि आप कोर्ट से स्टे ले आएं। हम कार्रवाई रोक देंगे।

> स्टांप पर सरकारी जमीन को खरीदना बंद कर दें। नहीं तो जेल जाने की भी नौबत आ सकती है। -**पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी

अतिक्रमण हटाने के बाद तारबाड़ करते कर्मचारी।

गौलापार क्रॉसिंग पर काम के चलते लोग हुए परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गौलापार क्रॉसिंग गेट के दिनभर बंद रहने से मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानी हुई। हल्द्वानी से गौलापार आने-जाने वाले लोगों को वाया शनि बाजार रोड होते हुए बरेली रोड से बाजार आना पड़ा। गौलापार पुल के पुलिस चेक पोस्ट पर दोनों ओर से बेरिकेडिंग की गई थी और रस्सियों के सहारे मार्ग को बंद किया गया था।

परिवहन निगम की टनकपुर, सितारगंज, खटीमा जाने वाली बसों के साथ ही प्राइवेट बसें और केमू भी इसी मार्ग से आवागमन करती हैं। रास्ता बंद होने के कारण इन वाहनों को भी घूमकर आना पड़ा जिस कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अभाव में कई लोगों को इस मार्ग से गुजरने पर रास्ता बंद होने की जानकारी मिली जिस कारण सुबह के समय जाम की स्थिति रही। बता दें कि गौलापार क्रॉसिंग के पास गेट की मरम्मत की गई जिस कारण बुधवार को दिनभर मार्ग पर आवाजाही बंद की गई थी। रेलवे अधिकारी आरके मल ने बताया कि क्रॉसिंग गेट की मरम्मत की गई जिसके लिये रूट डायवर्ट किया गया था। इसके साथ ही ट्रैक पर भी काम किया गया। उन्होंने कहा कि काम पूरा कर लिया गया और गुरुवार को मार्ग पर आवागमन सुचारू हो जाएगा।

मस्जिद और मदरसा बचाने के लिए लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मलिक का बगीचा में नगर निगम ने मस्जिद और मदरसा को ध्वस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। एक फरवरी तक का समय मदरसा स्वामी को दिया गया है। इससे आक्रोशित अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने जमियत उलेमा हिंद संगठन के तले सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में धरना दिया।

जमीयत उलेमा हिंद के प्रदेश सचिव अब्दुल कादिर फार्मर ने कहा कि हल्द्वानी में 75 प्रतिशत बसावट नजूल भूमि पर है। नजूल भूमि पर ही कई धार्मिक स्थल, सरकारी भवन, स्कूल हैं। शहर अब महानगर बन रहा है लेकिन फ्री होल्ड के नाम पर प्रशासन के पास केवल ढुलमूल नीति है। कहा कि लोग अपनी नजूल जमीन को फ्री होल्ड कराना चाहता हैं लेकिन प्रशासन की तरफ से कार्यवाही में लेट लतीफी की जाती है। इसी तरह मलिक का बगीचा में कई सालों से मदरसा और मस्जिद बना हुए हैं। जब इनका निर्माण हो रहा था तब प्रशासन ने नहीं रोका लेकिन अब दो दिन में ऐसा क्या हो गया कि प्रशासन इसे तोड़ने पर आमदा हो गया है।

नगर अध्यक्ष कारी अब्दुल ने कहा कि अगर इसी तरह से सब जगह कार्रवाई कर दी जाए तो पूरा शहर वीरान हो जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष मौलाना मुस्तफा ने कहा कि मस्जिद और मदरसा के ध्वस्तीकरण के आदेश को तुरंत रोका जाए। इस दौरान राष्ट्रपति को भी ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन करने वालों में मो. फुरकान, युसूफ आदि मौजूद रहे।

एसडीएम कोर्ट में सिटी मजिस्ट्रेट के न मिलने पर परिसर में बैठे मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

आक्रोश

- अल्पसंख्यक समुदाय ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन
- नगर निगम के नोटिस के बाद भड़के लोग

मंडी समिति में जल्द खोला जाएगा किसान बाजार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : क्षेत्र के किसानों के लिए सरकार ने अच्छी पहल शुरू की है। सब कुछ ठीक रहा तो रामनगर में जल्द ही किसान बाजार बनने जा रहा है। इसमें 40 दुकानों का निर्माण होगा। किसान बाजार के लिए मंडी समिति ने तैयारी शुरू कर दी है।

उत्तराखंड सरकार की पहल पर किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलने के साथ ही उन्हें अपनी उपज को बेचने के लिए पर्याप्त स्थान देने के लिए रामनगर में किसान बाजार खोला जाएगा। इसके लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर मंडी समिति को अनुमति भी मिल चुकी है। मंडी समिति के सचिव सहील अहमद ने बताया कि रामनगर मंडी समिति के बाहर जो कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाने के बाद किसान बाजार का निर्माण कराया जाएगा।

मेरी इच्छा है कि हरिद्वार से मेरा बेटा लड़े चुनाव: हरीश रावत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने हरिद्वार लोकसभा सीट से अपने चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि वह अपने बेटे आनंद रावत को इस सीट से चुनाव लड़ाना चाहते हैं।

बुधवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मेरा बेटा लंबे समय से राजनीति में संघर्ष कर रहा है। इसलिए मेरी इच्छा है कि उसे हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ने का टिकट मिले। उन्होंने कहा कि ये मेरी इच्छा है। अंतिम फैसला हरिद्वार की जनता और पार्टी को लेना है। कहा कि उनका बेटा युवा कांग्रेस का निर्विरोध अध्यक्ष रह चुका है। कहा कि चंडीगढ़ में जिस तरह से भाजपा ने अपना मेयर प्रत्याशी जिताया है, उसे जनता देख रही है। जनता को समझना होगा कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आती है तो देश के क्या हाल होंगे। उन्होंने कहा कि नीतिश कुमार के एनडीए में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इंडिया गठबंधन में उन्हें प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर देखा जा रहा था। उन्होंने स्वयं का ही नुकसान किया है। कहा कि हरिद्वार सीट पर सपा प्रत्याशी उतरेगा या नहीं यह गठबंधन की रणनीति में तय होगा।

हरिद्वार से पूर्व सांसद रहे हैं रावत

हल्द्वानी : एक समय जब हरीश रावत अल्मोड़ा लोकसभा सीट से भाजपा नेता बची सिंह रावत से बार-बार चुनाव हार रहे थे तब उन्होंने साल 2009 में हरिद्वार से लोकसभा का चुनाव लड़ा और सवा लाख से ज्यादा वोटों से जीत गए। इसके बाद वह केंद्र में मंत्री और बाद में राज्य के सीएम बने। हरिद्वार लोकसभा सीट पिछली दो बार भाजपा की झोली में गई है। वर्तमान में उनकी बेटी अनुपमा रावत हरिद्वार ग्रामीण सीट से कांग्रेस की विधायक हैं।

चचेरे भाई ने लूट ली गले की चेन

हल्द्वानी, अमृत विचार : चचेरे भाइयों के बीच चल रहा पुराना विवाद मारपीट में बदल गया। एक ने दूसरे को पीटा और उसके गले से चेन लूट ली। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुरानी आईटीआई स्थित प्रगति विहार निवासी पंकज पांडे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की मंगलवार की रात उनकी कॉलोनी में ही रहने वाले अरुण पांडे ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। इसके बाद गले में पड़ी दो तोले की सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। आरोप यह भी है कि आरोपी ने परिवार सहित जान से मारने की धमकी भी दी है। मंडी चौकी प्रभारी विजय महता ने बताया कि पंकज और अरुण दोनों सगे चचेरे भाई हैं।

मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाने वाला पकड़ से बाहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गिरफ्तारी तो दूर पुलिस अभी तक उस शातिर की पहचान नहीं कर सकी, जिसने मंडलायुक्त दीपक रावत के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई थी। इस बात को 11 दिन गुजर चुके हैं। हालांकि फेसबुक आईडी की लॉक करा दिया है और पुलिस का कहना है कि फेसबुक से डाटा मिलते ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

बीती 19 जनवरी को मंडलायुक्त दीपक रावत के नाम से किसी व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक आईडी बना डाला थी। आईडी की डीपी पर दीपक रावत का फोटो लगाकर आरोपी ने फेसबुक स्टोरी में अश्लील फोटो पोस्ट कर दी थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आता, उससे पहले ही ये अश्लील स्टोरी सोशल मीडिया में वायरल हो गई। इसकी जानकारी एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा को हुई तो उन्होंने साइबर सेल को कार्रवाई के निर्देश दिए। सीओ ऑपरेशन नितिन लोहनी का कहना है कि फेसबुक से डाटा मांग गया है। डाटा आते ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी जाएगी।

सुस्ती

- 11 दिन बाद भी पुलिस को डाटा का इंतजार
- फिलहाल पुलिस ने लॉक कराई फर्जी फेसबुक आईडी

सावधान | बस स्टेशन में बुधवार को एक यात्री की जेब से निकाले रुपये, शिकायत पर ले गई पुलिस

कान साफ करने वाले कर रहे हैं यात्रियों की जेब साफ

मुश्किल

- बस स्टेशन के साथ ही रेलवे स्टेशन व टैक्सी स्टैंड में परेशान रहते हैं यात्री

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सावधान! जेबकतरे आपकी जेब कभी भी काट सकते हैं। हल्द्वानी बस स्टेशन व इसके आसपास कान साफ करने वाले आपकी जेब कभी भी साफ कर सकते हैं। स्टेशन में बुधवार को कान साफ करने वाले एक लड़के ने एक यात्री से कान साफ करने के बहाने जेब से रुपये निकाल लिए।

यात्री ने बताया कि कान साफ करने वाला व्यक्ति उसको कान साफ करने के बहाने से किनारे ले गया जहां एक पल में उसकी जेब से रुपये निकाल दिये गए। इसका पता उसे थोड़ी देर बाद चला। उसने रोडवेज के संचालन कर्मियों को इसकी जानकारी दी जिस पर उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने कान साफ करने वाले लड़कों से पूछताछ की और अपना पहचान पत्र दिखाने को कहा जिस पर वह पहचान पत्र नहीं दिखा पाए। इसके बाद पुलिस उनको कोतवाली ले गई। बता दें कि बस स्टेशन के साथ ही टैक्सी स्टैंड व रेलवे स्टेशन में भी कान साफ करने वाले अपने समूह में घूमते रहते हैं जिनसे यात्रियों के साथ ही यहां के कर्मचारी भी परेशान रहते हैं। हल्द्वानी डिपो की संचालन इंचार्ज इंद्रा भट्ट ने बताया कि कई बार इनकी शिकायत पुलिस में की जा चुकी है। पुलिस अपनी कार्रवाई करती है तो 1-2 दिन इसका असर दिखता है लेकिन इसके बाद ये फिर से नजर आने लगते हैं। रोडवेज के एक दुकानदार ने बताया कि स्टेशन में दुकान चलाने वाले दुकानदार भी इनसे परेशान हैं। कहा कि ग्राहकों के साथ व्यस्त रहने पर पल भर में ये दुकान से सामान उठा लेते हैं। कहा कि रोडवेज प्रशासन भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

रोडवेज में जेब काटने के आरोपियों से पूछताछ करता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

रात में स्टेशन में मचाते हैं हुड़दंग

रात में रेलवे स्टेशन के पास बस्ती में रहने वाले लड़के-लड़कियों का आतंक रहता है। रोडवेज स्टेशन के एक दुकानदार ने बताया कि स्टेशन में रात में बस्ती में रहने वाले लड़के-लड़कियां हुड़दंग मचाते हैं और यात्रियों व दुकानदारों से भी अभद्रता करते हैं। उन्होंने कहा कि इनके कारण स्टेशन का माहौल खराब हो रहा है। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिये जिससे यात्रियों व दुकानदारों को राहत मिले।

> एक यात्री के जेब से रुपये निकाल लिये गए। यात्री की शिकायत पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस तीन लड़कों को पकड़ कर ले गई। पुलिस को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिये। - **सुरेंद्र सिंह बिष्ट**, एआरएम, हल्द्वानी डिपो

अमेरिका में नशे का जाल फैलाने वाले के परिवार से की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डार्क वेब के जरिये अमेरिका में नशे का जाल फैलाने वाले बनमीत का परिवार हल्द्वानी के तिकोनिया इलाके में रहता है। वॉशिंगटन में गिरफ्तारी और खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने पड़ताल की और बनमीत के घर का पता तलाश लिया। पुलिस की एक टीम उसके परिवार से मिली और कई अहम जानकारियां जुटाईं।

वर्ष 2019 में बनमीत को लंदन में गिरफ्तार किया गया था। भारतीय मूल का बनमीत लंबे समय से अमेरिका में था। पुलिस ने उसे प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोप था कि बनमीत डार्क बेव के जरिये अपने कारोबार को लगातार फैला था। पुलिस ने बनमीत के पास से कई सौ डॉलर भी बरामद किए थे। बताया जा रहा है कि बनमीत ने पुलिस के सामने अपना जुर्म भी कुबूल लिया और जब यह खबर प्रकाशित हुई और पता लगा कि बनमीत हल्द्वानी का रहने वाला है तो दून से लेकर हल्द्वानी तक खलबली मच गई। खुफिया एजेंसियां भी सक्रिए हो गईं और 24 घंटे के भीतर हल्द्वानी पुलिस ने बनमीत को खोज निकाला है। पुलिस के मुताबिक तिकोनिया चौराहा नैनीताल रोड से सटे एक इलाके में बनमीत का परिवार रहता है। पुलिस की एक टीम ने बनमीत के परिवार से पूछताछ की।

तीन तस्कर पकड़े तीन के नाम उगले

हल्द्वानी : पुलिस ने स्मैक पीने और बेचने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया। इन शातिरों ने अपने आकाओं के नाम पुलिस को बताए हैं। मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस ने तीनपानी चौराहा के पास से धौलाखेड़ा अर्जुनपुर निवासी पंकज नेगी उर्फ पवन नेगी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 16.40 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वह यह स्मैक गौलापार में रहने वाली चच्ची से लाया था। बनभूलपुरा पुलिस ने गोपाल मंदिर के पास से मलिक का बगीचा वार्ड 31 निवासी अनश उर्फ मिद्दू को 15.85 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। अनश ने बताया कि वह स्मैक नई बस्ती ठोकर निवासी शमशाद से खरीद कर लाया था। मुखानी पुलिस ने लामाचौड़ चौराहे के पास 1.98 ग्राम स्मैक के साथ जीवनपुरम पार्वती कालोनी निवासी विजय कश्यप को गिरफ्तार किया।

सार-संक्षेप

14 दिवसीय हस्तनिर्मित कढ़ाई-प्रशिक्षण शिविर शुरू

नाबार्ड की ओर से किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते अधिकारी।

हल्द्वानी। श्रद्धा महिला एवं बाल विकास संस्था ने 14 दिवसीय हस्तनिर्मित कढ़ाई-प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। इसका आयोजन नाबार्ड की ओर से किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष पुष्पा कांडपाल ने बताया प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसमें 30 महिला स्वयं सहायता समूह प्रतिभाग करेंगे। नाबार्ड के महाप्रबंधक विनोद कुमार बिष्ट ने कहा कि महिलाओं के बनाए उत्पाद आसानी से बिक सकें, इसके लिए रूलर मार्ट बनाना जरूरी है। इस दौरान नाबार्ड के डीडीएम मुकेश बेलवाल, महाप्रबंधक संदीप भाटिया, एलडीएम केपी आर्या, कृष्ण मोहन शर्मा, विमल सिंह, अमित, प्रदीप, डॉ. कंचन, हिमांशु पंत, मंजू पांडे, पूजा मल्ल, भावना, ममता जोशी रहे।

हल्द्वानी के सृजन को बंगलुरू में मिला सम्मान

सम्मान के साथ सृजन पांडे। ● अमृत विचार

हल्द्वानी। संस्कृति मंत्रालय-भारत सरकार व 'वर्ल्ड फोरम फॉर आर्ट एंड कल्चर' ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 'झंकृति' का आयोजन अगस्त-दिसम्बर 2023 तक किया। इसमें हल्द्वानी के बाल कलाकार सृजन पांडे को बंगलुरू में 'नाट्य प्रज्ञा सम्मान' से सम्मानित किया गया। उन्होंने 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में रंगमंच-एक पात्री में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

परीक्षा पर चर्चा व करियर गाइडेंस पर हुआ संवाद

हल्द्वानी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा में छात्राओं से परीक्षा पर चर्चा, करियर गाइडेंस, परीक्षा की तैयारी व समस्याओं पर विस्तार से संवाद किया गया। बुधवार को डाइट भीमताल से आए संदर्भ दाता डॉ. ज्योतिर्मय मिश्रा और कुसुम लता वर्मा ने बालसखा प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। इसके साथ ही छात्राओं को बताया कि परीक्षा को तनाव के रूप में नहीं एक उत्सव के रूप लेना चाहिये। विद्यालय की बाल सखा प्रकोष्ठ व करियर गाइडेंस प्रभारी मोनिका चौधरी, डॉ. यास्मीन शबाना व रचना बर्गली ने समस्या समाधान पेटिका पर की गई कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। लगभग 300 से अधिक छात्राओं ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया। प्रधानाचार्या सविता श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम को छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में उपयोगी बताते हुए संदर्भदाताओं का आभार व्यक्त किया गया।

क्लस्टर स्कूल की आड़ में हो रहा शिक्षा का निजीकरण

बैठक में विचार रखते शिक्षक नेता नवेन्दु मठपाल।

रामनगर। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में लागू की जा रही कलस्टर प्रणाली का राजकीय शिक्षक संघ ने विरोध किया है। राजकीय शिक्षक संघ की राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में मध्यांतर में हुई बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय नेता पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल ने कहा सरकारी स्कूलों के एकीकरण के लिए लाई जा रही कलस्टर प्रणाली वास्तव में सरकारी शिक्षा का निजीकरण है, उसके अतिरिक्त कुछ नहीं। उन्होंने कहा आज सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किए जाने की जरूरत है। पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष बालकृष्ण ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों को भी इस मुद्दे पर आगे आना होगा। तय किया गया कि राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व से भी इस मुद्दे पर बातचीत की जाएगी। इस दौरान मनोज जोशी, सीपी खाती, हरीश कुमार, संत सिंह, दिनेश निखुरपा, महेंद्र आर्य, नफीस अहमद, शैलेंद्र भट्ट, बालकृष्ण चंद मौजूद रहे।

नशेड़ियों के लिए पनाहगार बन गए पार्क

नैनीताल रोड से सटे पार्कों में सिगरेट, शराब का चलन बढ़ा, बेंच टूटी पड़ी तो पेड़-पौधों को पानी भी नसीब नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी की शान कहे जाने वाले नैनीताल रोड से सटे पार्कों में ज्यादातर की स्थिति बदहाल हो रही है। पार्कों में पेड़-पौधे सूख रहे हैं। लोगों के बैठने के लिए बनाई गई बेंच भी कई जगह टूटी पड़ी हैं। शराब की खाली बोतलें और सिगरेट के खाली पैकेट पार्कों में आराम से देखने को मिल सकते हैं।

एमबी डिग्री कॉलेज के सामने के पार्क बदहाल हो रहे हैं। यहां एक पार्क जिसको वन विभाग ने गोद लिया है। उस पार्क में एक बेंच टूटी पड़ी है। पार्क में जाने के लिए जो गेट बनाया गया है, उसी गेट के सामने कूड़े का ढेर लगा दिया गया है।

पार्क के अंदर कई जगह कूड़ा करकट पड़ा हुआ है। यहां एक बेंच भी पूरी तरह से टूटी हुई है। इससे सटे पार्कों का भी यही हाल है। वहां भी यही हाल हैं। पार्कों को देखकर कहीं साफ-सफाई की व्यवस्था भी नहीं है। इन पार्कों में शराब की खाली बोतलें पड़ी हैं। माहौल देखकर समझा जा सकता है कि पार्कों रात के समय शराब और कबाब के मजे लिए जाते हैं और बाद में कूड़ा-करकट यहीं छोड़ दिया जाता है।

हालांकि गुरुनानक पुरा के सामने के पार्कों की स्थिति ठीक मिली है। साथ ही भगवान वाल्मिकी पार्क भी काफी साफ-सुथरा था। लेकिन टैक्सी स्टैंड के पास बने पार्कों में भी यही हाल रहे। एक पार्क में दिन के समय खुलेआम जुआंरी ताश खेलने में व्यस्त थे। जबकि पास ही में भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी है। पार्कों में पेड़-पौधों के लिए पानी भी नहीं डाला जा रहा है। जिस वजह से अधिकांश जगह पौधें सूख रहे हैं।

पार्क में टूटी पड़ी बेंच। ● अमृत विचार

पार्क में सूखा पड़ा फव्वारा। ● अमृत विचार

लोगों द्वारा फेंका गया कूड़ा।

नहर कवरिंग से पार्कों को हुआ नुकसान

हल्द्वानी। ठंडी सड़क पर की गई नहर कवरिंग की वजह से पार्कों को नुकसान पहुंचा है। पार्कों की एक तरफ की दीवार को तोड़कर दोबरा बनाया गया। इस वजह से पार्कों में सुंदरता को जो नुकसान हुआ उसे ठीक नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि नहर कवरिंग के बाद से ही पार्कों को ज्यादा दुर्दशा हुई है।

पुलिस चौकसी पर भी सवालिया निशान

हल्द्वानी। नैनीताल रोड से सटे पार्कों में अगर अराजक तत्वों का जमावड़ा हो रहा है तो पुलिस चौकसी पर भी सवालिया निशान उठता है। शहर के राजमार्ग के पास ही अगर रात के समय लोगों को नशाखोरी करने की छूट मिल रही है तो इससे पुलिस गश्त का असर समझा जा सकता है।

पौधारोपण वाले केवल फोटो खिंचाने आते हैं

हल्द्वानी। पर्यावरण दिवस और मानसून के दौरान इन पार्कों में पौधारोपण करने वालों की होड़ लग जाती है। पौधा रोपने के समय एक पौधे के साथ कई लोग फोटो भी खिंचाते हैं। लेकिन अब पार्क में पौधारोपण के समय किए पौधों के हाल देखकर लग रहा है कि इन पर्यावरण प्रेमियों की रुचि पौधे लगाने से ज्यादा अपने फोटो खिंचाने की होती है।

> पार्कों की साफ-सफाई करवाई जाती है अगर किसी पार्क में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है तो शीघ्र ही उसे दिखवाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त

पार्कों में फव्वारे भी सूखे

हल्द्वानी। पार्कों में जो फव्वारे लगाए गए हैं वह भी सूख गए हैं। इनमें पानी नहीं है। साथ ही नगर निगम का बनाया गया वेस्ट टू वंडर पार्क भी सूना पड़ा हुआ है। यहां कूड़े करकट से सामान लगाया गया है। जो अब बदहाल होता जा रहा है।

एक महीना भी नहीं टिक पा रहे अधिकारी

हल्द्वानी। विद्युत विभाग में अधिकारियों का बेहद कम समय में ही ट्रांसफर हो रहा है। एक अधिकारी तो एक महीना भी नहीं टिक पाए, जबकि वर्तमान अधिकारी प्रभारी के तौर पर तैनात हैं। अधिकारी के लगातार तबादलों से लोगों की बिजली से संबंधित शिकायतें सुलझ नहीं पा रही हैं। नैनीताल रोड स्थित विद्युत कार्यालय में पदस्थ अधिशासी अभियंता (ईई) विभाग से जुड़ी समस्याओं को समझते व उसका समाधान निकालने की कोशिश करते, उससे पहले ही उनका ट्रांसफर हो जा रहा है। उमाकांत चतुर्वेदी का तो एक महीने से भी कम समय में ट्रांसफर हो गया। उन्होंने 25 मई, 2023 को पदभार ग्रहण किया व 16 जून, 2023 को उनका तबादला हो गया। बीएम भट्ट व वीके पांडे का भी 5-5 महीनों में तबादला हो गया था। इधर, संजय तिवारी ने 17 जून, 2023 को जॉइन किया व 8 जनवरी, 2024 को उनका ट्रांसफर किच्छा हो गया। उनकी जगह में आए प्रदीप कुमार वर्कशॉप में कार्यरत हैं लेकिन उन्हें यहां का अतरिक्त चार्ज भी दिया गया है। अधिकारियों के कम अंतराल में तबादला होने से जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कार्यालय में लोग बार-बार बिजली जाने या अन्य समस्या लेकर आ रहे हैं तो अधिकारी जवाब दे रहे हैं कि वह अभी-अभी आए ही हैं।

वाहनों से वसूला गया तीन करोड़ से ज्यादा का राजस्व

- 10 वाहनों को राजकीय संपत्ति घोषित किया

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : तराई पश्चिमी वन प्रभाग ने रामनगर, काशीपुर, बन्नाखेड़ा, बाजपुर, काशीपुर आदि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 200 वाहनों को जब्त करते हुए उनसे तीन करोड़ से ज्यादा का राजस्व वसूला है। साथ ही 10 वाहनों को राजकीय संपत्ति घोषित भी किया गया है।

गौरतलब है कि साल 2023 में रामनगर वन प्रभाग तराई पश्चिमी द्वारा अवैध खनन में संलिप्त 200 से ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई की गई। ऐसे में इन वाहन स्वामियों से करीब 3 करोड़ रुपये का राजस्व विभाग द्वारा वसूला गया है। बावजूद इसके क्षेत्र में अवैध खनन जारी है। बता दें कि वन प्रभाग तराई पश्चिमी द्वारा अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई की जाती है। इसमें इनसे जुर्माना भी वसूला जाता है। ऐसे में साल 2023 में तराई पश्चिमी द्वारा कुल 200 वाहन अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की गई। 10 से ज्यादा वाहनों को सरकारी संपत्ति भी विभाग द्वारा घोषित किया गया। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश आर्य ने बताया कि इन अवैध खननों में लिप्त, ट्रैक्टर, डंपर, ट्रक, साथ ही फील्डरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बाइकें भी शामिल हैं। नदियों में अवैध रूप से उपखनिज के कार्य में संलिप्त पाई जाने वाली जेसीबी पोकलैंड आदि को कब्जे में लेकर कार्रवाई करते हुए उनसे भी जुर्माना वसूला गया है।

आश्वासन के बाद माने जल संस्थान कर्मी

- जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा विभागों के राजकीयकरण को लेकर कर रहा था धरना
- मांगों पर 20 फरवरी तक शासनादेश जारी न होने पर फिर करेंगे आंदोलन

संवाददाता, हल्द्वानी

जल संस्थान में धरना देते जल निगम और जल संस्थान के कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने एकीकरण और राजकीयकरण की मांग को लेकर बुधवार को तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में धरना दिया और एक बैठक का आयोजन किया।

बैठक में सेवानिवृत्त ईई सुरेश चंद्र पंत ने कहा कि जल निगम व जल संस्थान को एक कर राजकीय विभाग बनाने के लिये सरकार ने संयुक्त मोर्चे से समय मांगा है इसलिये धरने को स्थगित किया जा रहा है। कहा कि समय दिया जाना आवश्यक है जिसके बाद सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि तय समय के बाद भी सरकार ने कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो मोर्चा फिर आंदोलन करेगा। मोर्चे के संयोजक शीतल साह ने बताया कि बीते 29 जनवरी को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शासन और संयुक्त मोर्चे के प्रांतीय पदाधिकारियों के बीच विभागों के एकीकरण कर राजकीयकरण किये जाने व यूयूएसडीए से कराए जा रहे सभी पेयजल व सीवरेज कार्यों को पेयजल निगम से कराए जाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस पर मुख्यमंत्री ने जल्द ही सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया और सचिव पेयजल अरविंद सिंह ह्यांकी को मांगों के संबंध में आगे की कार्यवाही प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिये। इसके बाद सचिव पेयजल ने जल्द कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया और आंदोलन समाप्त करने की अपील की। मोर्चे ने बुधवार को सचिव पेयजल को 20 फरवरी तक मांगों के संबंध में एक शासनादेश जारी करने के संबंध में पत्र भेजा और आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की। संजय जोशी ने बताया कि 20 फरवरी तक मांगें पूरी नहीं की गई तो 21 फरवरी को उच्चाधिकार समिति की बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर यतेंद्र सिंह रावत, हेमंत भट्ट, सुनीता बेलवाल, हरेंद्र बर्गली, तारी राम, लक्ष्मण बिष्ट, दीपक राणा आदि उपस्थित रहे।

उद्यमिता विकास के लिए कराएं पंजीकरण

- महिला महाविद्यालय में दो फरवरी तक होगा पंजीकरण

संवाददाता, हल्द्वानी

महिला महाविद्यालय में समीक्षा बैठक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : महिला महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू होने वाला है। बुधवार को महाविद्यालय में कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई।

योजना के नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि प्रस्तावित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के लिए छात्राओं और अन्य पात्रों का पंजीकरण करवाया जाएगा। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से चलाया जाएगा। इसमें प्रतिभाग करने के लिए आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए। न्यूनतम योग्यता 12 वीं पास है। महाविद्यालय के पूर्णकालिक विद्यार्थी के अलावा भूतपूर्व विद्यार्थी, यूओयू, इग्नू के विद्यार्थी, नए उद्यम लगाने के इच्छुक व्यक्ति भी इसमें पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 2 फरवरी है। बताया कि महाविद्यालय अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने का प्रयास कर रहा है।

कार्यक्रम की मेंटर डॉ. रेखा जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में नए उद्यम निर्माण से संबंधित उद्यमियों को सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें उद्यमियों को परियोजना निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत तथ्य, वित्तीय और सरकारी तथ्य समझाए जाएंगे। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि हमको नौकरी मांगने वाला ना बनकर नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

दीक्षांत स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

हल्द्वानी। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह हुआ। जूनियर छात्रों ने अपने सीनियरों को विदाई दी। जूनियर विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य, गाने एवं मन मोह लेने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूल के छात्रों एवं लीडर्स ने भाषण भी दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों के लिए कविताएं प्रस्तुत की। निदेशक समित टिक्कू ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सफलता के पथ पर उन्हें बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय से अपने विदाई के भावनात्मक पलों को व्यक्त किया। इस दौरान एकडेमिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे भी थे।

दीक्षांत स्कूल में विदाई समारोह के दौरान मौजूद छात्र एवं शिक्षक।

वर्तमान में कंप्यूटर का ज्ञान जरूरी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सूचना और प्रौद्योगिकी के युग में छात्रों में तकनीकी ज्ञान नितांत आवश्यक है। आज के दौर में कंप्यूटर, उसके साफ्टवेयर को भी समझना समय की मांग है।

इस दिशा में छात्रों को गम्भीरता से अध्ययन करना चाहिए। यह बात विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने विधायक निधि व अभिभावक संघ से तैयार रा.इ.का. रामनगर की कंप्यूटर प्रयोगशाला का शुभारंभ करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि विधायक निधि से विद्यालय को कंप्यूटर लैब की स्थापना के लिए छह कम्प्यूटर दो प्रिंटर प्रदान किए हैं। विधायक बिष्ट ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि सरकारी विद्यालयों के छात्र तकनीक से रूबरू हों, इसलिए सरकार ने सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम शुरू किया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य बलवंत सिंह मनराल ने कहा कि जिस मकसद से लैब स्थापित की गई है छात्र उसकी कसौटी पर खरे उतरेंगे। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद देवरानी, विद्यालय के अभिभावक संघ के अध्यक्ष दिनेश चंद्र, बलवंत सिंह रावत, मदन पंत, किशोरी लाल आर्य, अजय धस्माना, दिनेश पाठक, जीवन चन्द्र पांडेय, कमला पाठक, मीना बिष्ट, सुषमा चौहान आदि मौजूद रहे।

रामनगर में कंप्यूटर लैब का निरीक्षण करते विधायक दीवान बिष्ट। ● अमृत विचार

भावपूर्ण पल

सेवानिवृत्त होने वाले चार पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया सम्मानित, विदा लेते वक्त ट्रैफिक के लिए बेहतरीन काम करने वाले डोभाल निशब्द हुए

चार पुलिस कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर रुंधा गला, साथियों ने किया विदा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चार पुलिस कर्मी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। समारोह में जब साथियों से विदा लेने का वक्त आया तो सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों का गला रुंध गया। निशब्द हुए सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की विदाई साथियों ने धूमधाम से की। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न सम्मान किया।

बुधवार को हल्द्वानी कोतवाली सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने ट्रैफिक पुलिस के एसआई मोहन सिंह डोभाल, सिविल पुलिस के राजेन्द्र सिंह अधिकारी, उमेश चंद्र लोहनी और हेड कांस्टेबल गिरीश चंद्र टम्टा के कार्य की सराहना व प्रशंसा की। मोहन सिंह डोभाल ने शहर के यातायात को व्यवस्थित करने में अहम योगदान दिया। एसएसपी ने सभी के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद पुलिस वाहन में बिठाकर सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कोतवाली से विदाई दी गई। इस दौरान सीओ संगीत, सीओ ट्रैफिक संजय गर्बयाल, आरआई भगवत सिंह राणा आदि लोग मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों और टीम के साथ एससएपी प्रह्लाद नारायण मीणा।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डंगवाल हुए सेवानिवृत्त

हल्द्वानी। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम डंगवाल के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को यूनियन के प्रदेश कार्यालय में विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में उनके निगम और कर्मचारी हित मे किये गये कार्यों को सराहा गया। बता दें कि विक्रम डंगवाल कर्मचारी नेता होने के साथ ही वॉलीबाल के राष्ट्रीय खिलाडी भी रहे हैं। इस मौके पर हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एआरएम कार्मिक मनोज दुर्गापाल, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, मुकेश वर्मा, सुरेंद्र कुमार, गिरीश तिवारी, श्याम सिंह साही, जगदीश कांडपाल, मनोहर रावत आदि उपस्थित रहे।

सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दी

उप वन क्षेत्राधिकारी को विदाई देते लोग।

भीमताल। उप वन क्षेत्राधिकारी प्रकाश चंद्र आर्या के सेवानिवृति होने पर उनको आयोजित कार्यक्रम के दौरान भावभीनी विदाई दी गई। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने प्रकाश आर्या के सेवाकाल को शानदार बताया। इस दौरान उप वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल, फारेस्टर दया किशन तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता जानकी असवाल, शालू आर्या आदि मौजूद थे।

एससी/ एसटी श्रमिक संघ ने चालक को दी विदाई

हल्द्वानी। परिवहन निगम के एससी/ एसटी श्रमिक संघ ने हल्द्वानी बस स्टेशन में निगम में 60 साल की आयु होने पर सेवाकाल पूरा कर चुके कर्मचारी को विदाई दी। संघ ने बुधवार को बस स्टेशन में हल्द्वानी डिपो के चालक अन्त राम को विदाई देने के लिये सम्मान समारोह आयोजित किया। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने अन्त राम के विभाग में योगदान दिये जाने की सराहना की और भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। शाखा मंत्री जीवन चंद्र आर्य ने कहा कि अन्त राम का कार्यकाल सराहनीय रहा।

इस मौके पर नंदलाल, किशन राम, पूरनराम, नवीन चंद्र, नवनीत कपिल, उमेश जोशी, रामप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

सार संक्षेप

बिजली कटौती रोकने की मांग

मंडलायुक्त को ज्ञापन देते भुवन पोखरिया।

चोरगलिया। अनियमित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। पिछले दो माह से चोरगलिया क्षेत्र में सायं कालीन एवं प्रात: कालीन विद्युत कटौती की जा रही है। इससे स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बच्चों के बोर्ड के पेपर होने वाले हैं। बिजली न होने के कारण बच्चे एग्जाम की तैयारी भी नहीं कर पा रहे हैं। यह मुद्दा ग्रामीणों ने पिछले दिनों डीएम वंदना सिंह के जनता दरबार में भी उठाया था। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए समाजसेवी भुवन पोखरिया ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

चंडीगढ़ में मेयर चुनाव पर युवा कांग्रेसी आक्रोशित

बुद्ध पार्क में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : चंडीगढ़ में मेयर चुनाव पर युवा कांग्रेसियों ने आक्रोश जताया है। इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए युवा कांग्रेसियों ने भाजपा का पुतला भी फूंका। बुद्ध पार्क में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि 30 जनवरी को चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव तय हुए थे। तय कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चुनाव भी हुआ, लेकिन मेयर चुनाव में कांग्रेस-आप के 20 में से 8 वोट अवैध करार दे दिए गए, जिसके चलते भाजपा के उम्मीदवार मेयर पर चुन लिया गया। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू व महानगर अध्यक्ष विशाल भोजक ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का हनन करने में तुली है। इस मौके लाल सिंह पवार, प्रदेश महासचिव राधा आर्या, प्रीती आर्या, हर्षित जोशी, मयंक गोस्वामी, जतिन अग्रवाल, सचिन राठौर, हिमांशु कबडवाल, निखिल कुमार, सौरभ कुमार, अक्षत पाठक, शुभम जोशी, आयुष नागर आदि मौजूद थे।

राजस्व गांव को लेकर बनाई रणनीति

बैठक करते संघर्ष समिति के लोग। ● अमृत विचार

लालकुआं। बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने को लेकर क्षेत्र वासियों की एक बैठक बिंदुखत्ता संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले प्रतिभा बाल विद्यालय काररोड में हुई। इसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि 4 फरवरी को विशाल धरना प्रदर्शन की तिथि घोषित की जाएगी। बैठक में संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, पूर्व सैनिक कुंदन सिंह मेहता, मूलचंद कोरी , अमित बोरा, गोपाल सिंह नेगी, भाकपा माले नेता भुवन जोशी, प्रभात पाल ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में हुई "शक्ति वंदन" कार्यशाला, महिला स्वयं सहायता समूह व एनजीओ संपर्क अभियान की शुरुआत

मातृशक्ति के सहयोग से फिर बनेगी भाजपा सरकार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा के शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान की कार्यशाला बुधवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में आयोजित की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि एक बार फिर मातृशक्ति के सहयोग भाजपा की सरकार बनेगी।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि मातृ शक्ति का सहयोग हमेशा भाजपा को मिलता रहा है। मातृशक्ति के सहयोग से ही उत्तराखंड में पुनः सरकार आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के लिए देश की लोकसभा और विधानसभा में 30 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं मातृशक्ति को सशक्त करने के लिए चल रही हैं।

शक्ति वंदन कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लखपति दीदी योजना के तहत रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। इसलिए मातृशक्ति के विकास के लिए भाजपा की सरकार को लाना आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्य, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश संयोजक विजय भट्ट, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अल्का जीना आदि मौजूद थे।

250 से कम आबादी वाले गांवों की सड़कों के मांगे प्रस्ताव

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: महिला सशक्तिकरण, बाल विकास व युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना की जिलास्तरीय बैठक ली। जनपद प्रभारी मंत्री ने बताया कि ग्राम संपर्क योजना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों को सड़कों से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। रेखा आर्या ने कहा कि बैठक में 9 प्रस्तावों को भेजा जा रहा है साथ ही 250 से कम आबादी वाली सड़कों के प्रस्तावों को मांगा गया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़कें ओखलकांडा और बेतालघाट की हैं। कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 250 की आबादी से नीचे के गांव सड़क मार्गों से जुड़ नहीं पा रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब सभी गांव सड़कों से जुड़ सकेंगे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्र में सड़क के प्रस्ताव बनाने के लिए दिए हैं, उन सभी पर कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह सहित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग मौजूद रहे।

बैठक लेतीं मंत्री रेखा आर्य।

पहल

- जनपद प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने ली संपर्क योजना की जिलास्तरीय बैठक

संघर्ष में दो युवक घायल

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : सेंचुरी पेपर मिल की 25 एकड़ कॉलोनी में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दो युवक घायल हो गए। इसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

25 एकड़ वर्कर कॉलोनी में दो पक्षों के बीच बुधवार की प्रातः लगभग 11 बजे खूनी संघर्ष हो गया। इसमें कुछ युवकों ने विशाल शर्मा और लक्ष्मण चौहान पर जानलेवा हमला कर दिया। उक्त हमले में दोनों युवक लहूलुहान होकर कॉलोनी में गिर पड़े तो अफरातफरी मच गई। इसी दौरान कॉलोनी वाले पहले दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं लेकर आए, जहां से उन्हें हल्द्वानी सुशीला तिवारी चिकित्सालय को रेफर कर दिया गया। इसके बाद चोटिल युवकों को परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद से हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां विशाल शर्मा की गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने हायर सेंटर को रेफर कर दिया, विशाल को नाजुक स्थिति में वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस के माध्यम से राम मूर्ति ले जाया जा रहा है, शाम 7 बजे तक भी युवक को होश नहीं आया था। घायल विशाल शर्मा की मां विमला देवी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा कि विशाल अपने घर से झोपड़ पट्टी 25 एकड़ लालकुआं में अपनी बुआ से मिलने गया था। इस बीच झोपड़ पट्टी 4 नंबर ट्यूबवेल के पास मौजूद लवकुश, राजकुमार और आकाश कुशवाहा निवासी 25 एकड़ कालोनी लालकुआं ने मिलकर उसके बेटे को किसी भारी चीज से मारा व जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज भी की। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एचएन इंटर कॉलेज में 9 से किताब कौतिक

हल्द्वानी, अमृत विचार: एचएन इंटर कॉलेज में 9 से 11 फरवरी तक पुस्तक मेला आयोजन होगा, जिसे किताबों का कौतिक नाम दिया गया है। यहां 60 प्रकाशकों की 75 हजार से अधिक किताबें उपलब्ध होंगी।

आयोजक क्रिएटिव उत्तराखंड और कुमाऊंनी आर्काइव्स के हेम पंत ने बताया कि संस्थान किताब कौतिक अभियान चला रही है। टनकपुर, बैजनाथ, चंपावत, पिथौरागढ़, द्वाराहाट, भीमताल और नानकमत्ता में पुस्तक मेला लगाया जा चुका है। 9 फरवरी को एचएन इंटर कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग और काव्य गोष्ठी होगी।

10 से 11 फरवरी तक पुस्तक मेला लगाया जाएगा। यहां प्रसिद्ध लेखक भी आएंगे। इसके अलावा ऐपण, चित्रकला, कविता, फोटो ग्राफी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा।

अब संयुक्त टीम रोकेगी जिले में अवैध खनन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : खनन समिति की अध्यक्ष, जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में जिला खनन समिति की बैठक हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि विगत वर्ष जिन खनन वाहनों से खनन नहीं किया गया था, ऐसे वाहन सशुल्क चलाए जा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने अवैध खनन की रोकथाम के लिए पुलिस, परिवहन और खनन विभाग को टास्क फोर्स गठित कर नियमित संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही वन महकमे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन क्षेत्र के मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव कराएं। जिन खनन गेटों में अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। उन खनन गेटों पर 15 दिनों के भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाएं। उन्होंने रामनगर खनन क्षेत्रों के बाहरी मार्गों पर एएनपीआर कैमरा लगाने के लिए स्टीमेट तैयार कर शीघ्र कैमरा लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि विभाग को जेब्रा क्रासिंग, स्पीड ब्रेकर आदि के भी स्टीमेट देने के निर्देश दिए। कहा, खनन कार्य कर रहे श्रमिकों का समय-समय पर चिकित्सकीय परीक्षण कराएं। बैठक में डीएलएम धीरेन्द्र बिष्ट, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा, राहुल साह, रेखा कोहली आदि मौजूद रहे।

सख्ती

- खनन समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स बनाने को कहा

खैरना स्टार्स बना बीडीएससी क्रिकेट चैंपियनशिप का सिरमौर

गरमपानी, अमृत विचार : बीडीएससी क्रिकेट चैम्पियनशिप का खिताब खैरना स्टार्स ने अपने नाम कर लिया। फाइनल में मेजबान बीडीएससी की टीम को रोमांचक मुकाबले में शिकस्त देकर मैच जीत लिया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी भेंट की। विपक्षी टीम के महत्वपूर्ण चार विकेट चटकाने वाले खैरना स्टार्स के कमलेश मैन ऑफ द मैच चुने गए।

समीपवर्ती चापड क्षेत्र में क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक प्रमुख धन सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य त्रिभुवन फर्त्याल व भाजपा नेता दिलीप सिंह बोहरा ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन का आह्वान किया। आयोजन पर समिति सदस्यों की सराहना की। फाइनल मुकाबला मेजबान बीडीएससी चापड व खैरना स्टार्स के बीच खेला गया।

एक नजर

पूर्व सैनिक का बैग छीनकर भागे उचक्के को दबोचा

खटीमा । सितारगंज रोड पर दिनदहाड़े एक उचक्के ने पूर्व सैनिक से बैग छीन लिया। जिसे बाद में पुलिस ने धर दबोच लिया। बैग में 25 हजार रुपये की नकदी समेत अन्य सामान था। हिल व्यू कालोनी निवासी पूर्व सैनिक रमेश चंद्र भट्ट अपने पुत्र रजत के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आए थे। उन्होंने बैंक से करीब 25 हजार रुपए निकाले और बैग में डाल दिये। जैसे ही वह बैंक से बाहर आए तभी एक उच्चके ने उनके हाथ से बैग छीन लिया और भाग खड़ा हुआ। इस पर रजत व कई लोग उचक्के के पीछे दौड़ पड़े। सूचना पर एसआई किशोर पंत, दीपक विश्वकर्मा, संतोष मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसनके अपना नाम शाहरुख निवासी वार्ड 6 बताया। पुलिस ने उसके पास से नगदी, दो मोबाइल व दो बैंक पासबुक भी बरामद की।

जनपद में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या सबसे कम, जिले में कुल 1317741 हैं मतदाता

यूएस नगर में 30 से 39 वर्ष के मतदाता सबसे ज्यादा

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार : जनपद ऊधमसिंह नगर में एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। इसके आधार पर जनपद में मतदाताओं की संख्या 1291126 से बढ़कर 1317741 हो गयी है। इसमें 30 से 39 वर्ष के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 394114 है। जबकि 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 17003 है, जो सबसे कम है। वहीं 80 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 17548 है।

दरअसल, ऊधमसिंह नगर में जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं हैं। इन सभी विधानसभाओं में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल जनसंख्या 2181303 है। इसमें पुरुषों की संख्या 1123244 है, जबकि महिलाओं की संख्या 1058059 है। वहीं कुल जनसंख्या में मतदाताओं की संख्या 1317741 हो गयी है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 684597, महिला मतदाताओं की संख्या 633106 और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 38 है।

> जिले में जनसंख्या के आधार पर हर उम्र के मतदाताओं की संख्या अलग-अलग निकाली गयी है। इसमें 30 से 39 वर्ष के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। जबकि 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या सबसे कम है।
> -**विजय तिवारी**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार जिले में 30 से 39 वर्ष के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 394114 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 208782 है, जबकि महिलाओं की संख्या 185321 है। इसी तरह 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 17003 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9423 है, जबकि महिलाओं की संख्या 7577 है।

यहां उल्लेखनीय है कि आगामी लोकसभा के साथ ही पंचायत और निकाय चुनाव को लेकर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

जिले में किस वर्ष (उम्र) के कितने मतदाता

उम्र	कुल संख्या
18-19	17003
20-29	292762
30-39	394114
40-49	263137
50-59	177948
60-69	105041
70-79	50188
80 प्लस	17548
कुल	1317741

अध्यक्ष के आरोपों की जांच के लिए शासन को भेजा पत्र

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विगत दिवस जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह का बैठक में उपस्थित नहीं होना और जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार का इस मामले में नाराजगी दिखाने को पंचायती राज निदेशालय ने गंभीरता से लिया है। अब निदेशालय की ओर से अपर मुख्य अधिकारी के खिलाफ जांच करने लिए मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष के आरोपों की जांच के लिए शासन को पत्र भेज दिया गया है।

निदेशक पंचायती राज निधि यादव ने बताया कि जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर में पिछले तीन माह से अपर मुख्य अधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष के बीच आपसी खींचातानी चल रही है। ऐसे में कर्मचारियों का वेतन रोका जाना या विकास कार्य को रोक जाना ठीक नहीं है। अगर किसी की व्यक्तिगत लड़ाई है तो वे आपस में निर्णय ले सकते हैं।

खींचतान

▸▸ **एएमए और जिपं अध्यक्ष के बीच आपसी खींचतान का मामला सीडीओ करेंगे एएमए की जांच**

उन्होंने बताया कि प्रशासनिक कार्य में लापरवाही, अधीनस्थ कर्मचारियों के वेतन को रोकने और विकास कार्य को बाधित करने को लेकर अपर मुख्य अधिकारी के खिलाफ जांच के लिए सीडीओ को पत्र भेजा गया है, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष ने जो आरोप लगाए हैं उसको लेकर शासन को संदर्भित पत्र भेज दिया गया है। अब शासन ही इस पर निर्णय लेगा।

यहां बता दें कि 29 जनवरी को जिला पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई थी। इसमें अपर मुख्य अधिकारी मौजूद नहीं रहे। उनका कहना था कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने एजेंडा खुद तैयार किया था इसमें उनकी सहमति नहीं थी। इस कारण वे बोर्ड बैठक में मौजूद नहीं रहे।

हड़ताल और बंद को लेकर बनाई रणनीति

संयुक्त किसान मोर्चा व मजदूरों ने सरकार पर लगाया किसानों व मजदूरों के खिलाफ नीतियां बनाने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

16 फरवरी को इंडस्ट्रीयल हड़ताल व ग्रामीण बंद को सफल बनाने का लिया संकल्प, किसान-मजदूरों के हितों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने का ऐलान

44 श्रम कानूनों को खत्म कर इन कानूनों के बदले में 4 मजदूर विरोधी श्रम कोड लाने की निंदा, कहा- इन श्रम कोड से मजदूरों की स्थिति बंधुवा जैसी हो जाएगी

अमृत विचार: 16 फरवरी को इंडस्ट्रीयल हड़ताल व ग्रामीण बंद की तैयारियों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर संगठनों की एक बैठक गल्ला मंडी में आयोजित हुई। इसमें हड़ताल को लेकर रणनीति बनाई गयी।

बुधवार को गल्ला मंडी में संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य संयोजक व भारतीय किसान यूनियन (उग्रहा) के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों और किसानों के खिलाफ नीतियां बना रही है। जिससे आमजन की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। मोदी सरकार ने श्रमिक पक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म कर दिया गया है। इन कानूनों के बदले में 4 मजदूर विरोधी श्रम कोड लाए जा रहे हैं। जिससे मजदूर की स्थिति बंधुवा की तरह हो जायेगी।

गल्ला मंडी बैठक कर रणनीति बनाते संयुक्त किसान मोर्चा और मजदूर संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन मजदूरों की आय में कोई बढ़ोतरी सरकार नहीं कर रही है। दो साल पहले मोदी सरकार ने किसानों से आंदोलन खत्म करने के एवज में किसान विरोधी कानूनों को वापस लेने और एमएसपी कानून बनाने सहित कई वादे किए थे और किसानों ने उन पर भरोसा करके आंदोलन स्थगित किया था। लेकिन सरकार ने न तो एमएसपी कानून बनाया और ही लखीमपुर में छह किसानों की हत्या के आरोपी केंद्रीय मंत्री मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही की।

बैठक में निर्णय लिया गया की 16 फरवरी को रुद्रपुर के साथ ही सितारगंज, बाजपुर, नानकमत्ता में हड़ताल के समर्थन में प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर केके बोरा, लखविंदर सिंह, जागीर सिंह, मुकुल, दिनेश तिवारी, दिनेश भट्ट, अनीता अन्ना, राजेंद्र गुप्ता, दर्जन सिंह, कारण सिंह, संदीप हुड्डा, हीरा सिंह राठौर, जगमोहन डसीला, उत्तम दास, ललित मटियाली समेत विभिन्न किसान संगठन और अन्य यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

किच्छा। बेनी मजार के निकट बीती देर रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए किच्छा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बीती देर रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि हल्द्वानी मार्ग पर खुरपिया गेट के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर में घायल व्यक्ति सड़क किनारे पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम गंगोली गडरिया बाग, थाना किच्छा निवासी 45 वर्षीय जेठा पुत्र जीतन के रूप में हुई। घटना के बाद वाहन चालक मय वाहन फरार हो गया। पुलिस की सूचना पर परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

रुद्रपुर में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप स्थित सुख सागर विहार कालोनी में शॉर्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गयी। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तुरंत आग को बुझा दिया। इससे एक बड़ी घटना होने से टल गयी। बुधवार को सुख सागर विहार कॉलोनी निवासी मकान स्वामी मोहन चंद्र पाठक के मकान में अचानक आग भड़क उठी। आग लगने से घर में लगा इन्वर्टर और बैटरी पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे दमकल की टीम ने आग को बुझा दिया।

मारपीट के मामले में दो के खिलाफ नामजद तहरीर

खटीमा : टीचर्स कालोनी न्यू बाटिका वार्ड 17 निवासी कमला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 22 नवंबर की शाम करीब पांच बजे वह घर पर अकेली थी। इतने में पड़ोस में रहने वाले किशन गंगवार की पत्नी और पुत्री उनके घर के पास आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर वह दोनों मारपीट पर उतारू हो गई। पीड़िता ने कहा है कि उसके परिवार को जान माल का खतरा है। पुलिस ने किशन गंगवार की पत्नी राधिका गंगवार और पुत्री नीतू गंगवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर महोदय, धारी, जनपद नैनीताल

राजस्व वाद संख्या :- 22/110 वर्ष 2024

वादी/प्रार्थी - सुरेश चन्द्र पुत्र बची राम निवासी ग्राम धानाचूली, पट्टी सुन्दरखाल, तहसील धारी, जिला नैनीताल।

बनाम

प्रतिवादी- सरकार उत्तराखण्ड एवं अन्य

समन बनाम प्रतिवादीगण खाता संख्या :- 58

1. दिवान चन्द्र, हरीशचन्द्र, रमेशचन्द्र, प्रकाशचन्द, पूरनचन्द्र, पुत्र देवराम। 2. भीमराम पुत्र खडकराम। 3. बलीराम, किशनचन्द्र पुत्र मोतीराम। 4. सवित्री देवी पत्नी मोतीराम। 5. शेरीराम, खीमराम पुत्र खड़कराम। 6. गोपालचन्द्र पुत्र बुद्धिराम। 7. सोबनराम पुत्र नरराम। 8. सुरेश चन्द्र, मोहनचन्द्र, पुत्र बचीराम। 9. गोपुलीदेवी, पनुलीदेवी, पत्नी बचीराम। 10. बचीराम पुत्र दौलतराम। 11. गणेशचन्द्र पुत्र हरीशचन्द्र । 12. शंकरराम पुत्र गोपालराम। 13. शेरसिंह पुत्र नरसिंह। 14. हिम्मत सिंह पुत्र शिवरात सिह। 15. चनुलीदेवी, पत्नी शिवराज सिंह। 16. गंगासिंह पुत्र नरसिंह।

आपको सूचित किया जाता है कि वादी सुरेश चन्द्र पुत्र बची राम निवासी ग्राम धानाचूली, पट्टी सुन्दरखाल, तहसील धारी, जिला नैनीताल के द्वारा एक वाद इस न्यायालय में धारा 143 ज०वि० एवं भू०सू०अधि० अन्तर्गत वास्ते भूमि अकृषक हेतु दायर किया गया है जिसे इस न्यायालय में दर्ज कर लिया गया है उक्त वाद में आपत्ति हेतु दिनांक 03-02-2024 की तिथि नियत है।

अतः आप उक्त नियत तिथि दिनांक 03-02-2024 को इस न्यायालय में प्रातः 10:00 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अन्यथा उक्त मामला एकतरफा सुना व निर्गत किया जायेगा।

दिनांक : 30-01-2024

रीडर

न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर/ उप जिलाधिकारी धारी।

सरसों की नई प्रजाति का उत्पादन देखा

काशीपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय शोध परियोजना राई एवं सरसों के पंतनगर समन्वयक ने टीम के साथ क्षेत्र में सरसों की नई प्रजाति का उत्पादन देखा।

उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से की गई खेती की सराहना की। परियोजना समन्वयक डॉ. एके तिवारी ने ग्राम लालपुर में प्रगतिशील कृषक सत्यम शर्मा समेत अन्य किसानों के खेत में लगी सरसों की नई प्रजाति पंत गिरिजा, पंत पीली सरसों-1 की खेती देखी। समन्वयक ने बताया कि यह प्रजाति 100 से 110 दिन में तैयार हो जाती है। उसके बाद किसान अन्य फसल उगा सकता है। इस बार मौसम अनुकूल रहने से सरसों में रोग भी कम लगा है। इस बार जिन किसानों ने समय से फसल लगाई है, वहां एक हेक्टेयर में 18-20 क्विंटल सरसों का उत्पादन होने की संभावना है। बताया कि वह किसानों को सरसों की नई प्रजाति के लिए जागरूक कर रहे हैं।

पीएम आवास योजना का लाभ दिलाएं

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : भाजपा नौसर मंडल की बैठक में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि भूमि का मालिकाना हक न मिलने के कारण उन्हें यह लाभ नहीं मिल पा रहा है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

ग्राम प्रधान जितेंद्र गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के सामने ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि भूमि का मालिकाना हक न होने की वजह से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिस पर जोशी ने ग्रामीणों को जल्द ही आवासीय पट्टे मुख्यमंत्री के मध्यम से जारी कराकर योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक का संचालन शोभनाथ मौर्य ने किया। बैठक में भाजपा नगर महामंत्री मनोज वाधवा, सुरेंद्र प्रसाद, विपिन राणा, मुन्ना राणा, राहुल सक्सेना, रोहित वर्मा रहे।

खटीमा के जंगल जोगीठेर में भाजपा की नौसर मंडल की बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

केशलता अस्पताल

फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप

प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है

दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक

स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली

हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट

विशेष सुविधाएं

- निःशुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
- कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट



निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

सितारगंज में बालिका के साथ खेत में दुष्कर्म

सितारगंज। क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय बालिका के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने बालिका को झांसे में लेकर खेत में बारी-बारी दुष्कर्म किया। कुछ बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकड़ा बॉर्डर क्षेत्र चौकी इंचार्ज सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि पीलीभीत रोड के एक गांव में 12 वर्षीय बालिका बीते मंगलवार की शाम खेत में घास काट रही थी। तभी गोरीखेड़ा गांव निवासी नदीम वहां पहुंच गया। उसने बालिका को झांसे में ले लिया। पीड़िता नदीम के कहे अनुसार दूसरे खेत में चली गई। जहां जबरन आरोपित ने बालिका को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। आरोपी से छूटने के बाद बालिका ने दुष्कर्म की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरविंदर कुमार ने बालिका से दुष्कर्म के मामले की सूचना मिलते ही तत्काल प्रकरण में मुकदमा दर्ज किया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि बालिका का मेडिकल परीक्षण करने के बाद आरोपित नदीम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

कच्ची शराब के साथ दो तस्कर पकड़े

नानकमत्ता : पुलिस ने कच्ची शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 120 लीटर शराब बरामद हुई है। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इन दिनों नशे के खिलाफ सघन अभियान चल रहा है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर खकरा नाले से कच्ची शराब के उपकरण और 120 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी राजू सिंह व विनोद सिंह निवासी देवकाली को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

कार्यालय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास हल्द्वानी

पत्रांक : 106/3/स्था./13-14 दिनांक : 30 जनवरी, 2024

DGR (Deptt of ESM welfare (DESW) CORDIALLY INVITES ALL RETIRING AND RETIRED (EX SERVICEMEN) SERVICE PERSONNEL BELOW 60 YARS OF AGE (OFFICER/JCOS/SOLDIERS) OF ARMY NAVY AND AIR FORCE TO ATTEND ITS EX-SERVICEMEN (ESM) JOB FAIR AT LUCKNOW TO BE HELD ON 16 FEB 2024) AT SURYA KHEL PARISAR LUCKNOW CONTONMENT - 226 002.

FOR FURTHER QUERIS AND ASSISTANCE PLEASE CONTACT JOINT DIRECTOR (SE & CL). DIRECTORTE GENERAL RESETTLEMENT WEST BLOCK IV, RK PURAN NEW DELHI-110066

EMAIL seopadgr@desw.gov.in, drzclkw@desw.gov.in, arbi70d@nic.in

TELE- 011-20862542, 0522-2482833

CONTACT AT LUCKNOW

SUB POORAN SINGH 8899706906

NB SUB SANJAY KUMAR SHUKLA -9425668691

DGR EFFECTIVE RESETLEMENT FOR ESM-OUR FIRST AND FINAL GOAL

एक नजर

पुरानी रंजिश में युवक पर दो लोगों ने किया हमला

काशीपुर। पुरानी रंजिश में एक युवक पर दो लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सैनिक कॉलोनी नीझड़ा निवासी दक्ष चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह राहुल स्पोर्ट्स के सामने खड़ा था। तभी गौतम अग्रवाल व जसकरन वहां आये और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोट आई। बताया कि दोनों हमलावर उससे पुरानी रंजिश रखते है। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आज जसपुर पहुंचेंगे किसान नेता गौरव टिकैत

जसपुर। युवा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत गुरुवार (आज) को कुंडा जसपुर के गांव गिधई मुंशी पहुंचेंगे। यहां वह दिवंगत वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरदार धर्म सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। इसके बाद कुंडा चौराहा स्थित गुरुद्वारे में अंतिम अरदास में शामिल होंगे। यह जानकारी संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अमन प्रीत सिंह ने दी है।

51 पाउच कच्ची शराब के साथ तस्कर पकड़ा

काशीपुर। पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पैगा चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि महुआखेड़ागंज स्थित मछली तालाब के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था, जिसे रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से कच्ची शराब के 51 पाउच बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम छिंदरपाल सिंह निवासी ग्राम चंपतपुर चकला बिजनौर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह व शैलेंद्र सिंह शामिल रहे।

वांछित वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। बुधवार को थाना कुंडा पुलिस ने जसपुर न्यायालय के आदेश पर एनबीडब्लू के तहत वांछित आबकारी अधिनियम में वारंटी हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई होशियार सिंह, कांस्टेबल जोगिंदर सिंह शामिल रहे।

एडीएम अशोक जोशी ने अधिकारियों को दिए परिसंपत्तियों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश

संरक्षित हो सरकारी भूमि, न हो कोई अतिक्रमण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि सरकारी भूमि पूरी तरीके से सुरक्षित और संरक्षित हो, उस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित परिसंपत्तियों की आवश्यक सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड करने तथा पॉलिगन पर तैयार करने के निर्देश दिये।

बुधवार को अपर जिलाधिकारी ने यह निर्देश जिला कार्यालय में सरकारी भूमि प्रबंधन के लिए संबंधित अधिकारियों को बैठक के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि परिसंपत्तियों की अक्षांशीय व देशांतरीय स्थिति मौके पर जाकर ही भरी जाये और अक्षांशीय व देशांतरीय स्थिति भरने में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। जीआईएस एक्सपर्ट डॉ.तनवीर आलम खान ने पैम पोर्टल पर विभिन्न अधिकारियों की आईडी तैयार करने, लॉग इन आईडी और पासवर्ड जनरेट करने की जानकारी दी। इसके अलावा परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारियां अपलोड करने, अक्षांशीय व देशांतरीय स्थिति, पोलीगन तैयार करने, अपलोड सूचनाओं में संशोधन सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, मनीष बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, केएस सामंत समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम अशोक कुमार जोशी। ● अमृत विचार

इलाज में खर्च हो गए लाखों प्रबंधन नहीं कर रहा मदद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बिंदुखेड़ा स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक ने कंपनी प्रबंधन पर इलाज में हुए खर्च का पैसा नहीं देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर मदद की गुहार लगायी है।

ग्राम लम्बाखेड़ा निवासी मुवस्सर अली का कहना है कि वह ग्राम बिंदुखेड़ा में वोल्टॉस कंपनी के वेंडर के रूप में फ्रिज की बॉडी बनाने का काम करने वाली एक फैक्ट्री में काम करता है। उसे हाईड्रोलिक वाइंडिंग मशीन पर बतौर हैल्पर रखा गया था। हाइड्रोलिक वाईडिंग मशीन काफी पुरानी होने के कारण बार-बार खराब हो रही थी। जिस कारण ऑपरेटर के साथ कई बार दुर्घटना हुई जिसके चलते ऑपरेटर वहां से काम छोड़कर चला गया। नवंबर 2023 में कंपनी के संचालकों ने उससे जबरन हाईड्रोलिक वाइडिंग मशीन पर हेल्पर के स्थान पर मशीन ऑपरेटर के रूप में काम लेना शुरू कर दिया। मशीन में खराबी के चलते उसका हाथ मशीन की चपेट में आ गया और हाथ की चार अंगुलियां कट कर अलग हो गयी। कंपनी के कर्मचारी उसे रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले गये। वहां से उसे अन्यत्र रेफर कर दिया गया। इसके बाद कर्मचारी उसे गंभीर हालत में छोड़कर अस्पताल से चले गये। बरेली में उसके हाथ का अभी तक उपचार चल रहा है जिसमें दो लाख से अधिक खर्च हो चुका है। बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन उसे कोई भुगतान नहीं कर रहा है।

ससुरालियों पर दहेज के लिए बेटी की हत्या करने का लगाया आरोप

परिजनों व लोगों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, कार्रवाई की गुहार लगाई

एसएसपी कार्यालय गेट के बाहर प्रदर्शन करते परिजन व लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जसपुर क्षेत्र के लोगों ने पीड़ित परिजनों के साथ ससुरालियों पर विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई।

बुधवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित भूप सिंह ने कहा कि उनकी पुत्री रीता की शादी 3 दिसंबर 2015 को हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। शादी के समय क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया था। कुछ दिनों तक सब ठीक रहा, लेकिन उसके बाद ससुराली पुत्री को कम दहेज लाने के लिए ताने देने लगे। इतना ही उसके साथ मारपीट भी करने लगे। आरोप है कि ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर बीती 26 जनवरी की रात उनकी पुत्री ने अपने भाई के मोबाइल पर फोन किया और दहेज के लिए मारपीट करने की बात बताई। 27 जनवरी को ससुरालियों ने फोन से बताया कि उनकी पुत्री ने संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका के परिजनों ने एसएसपी से ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

उधर एसएसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में भूप सिंह, प्रीतम सिंह, मदन सिंह, राजीव कुमार, राजवीर सिंह, संतोष कुमार, महेंद्र सिंह, सुनीता, विमला देवी, अनीता, पुष्पा देवी, रूपा देवी, उमावती, सीमा आदि शामिल रहे।

नहर में मिला छह साल के जय का शव

घटना

- क्षेत्र में मचा हड़कंप, 28 जनवरी को घर से हुआ था लापता

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : ग्राम नरखेड़ा में घर से लापता हुए तीन साल के नाबालिक बच्चे का शव बुधवार को नहर से बरामद हो गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर काशीपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जय (फाइल फोटो)।

जानकारी के अनुसार बाजपुर के ग्राम नरखेड़ा निवासी अजय पुत्र भोले राम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि 28 जनवरी की दोपहर लगभग एक बजे उसका लगभग 3 वर्षीय पुत्र जय घर के आंगन से खेल रहा था जो अचानक गायब हो गया। जिसके बाद पुलिस व आसपास के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार की सुबह 8 बजे से दो जेसीबी मशीनों की मदद से नहर की साफ-सफाई की जा रही थी। तभी एक बच्चे का शव दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाला और मौके पर अजय को बुलाया। जिस पर शव की शिनाख्त जय के रूप में हुई। घटना को देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बाजपुर में मासूम बेटे का शव मिलने के बाद विलाप करने परिजन। ● अमृत विचार

100 से 150 मीटर तक साफ की नहर

बाजपुर। समाजसेवी संदीप सिंह ने बताया कि अजय के 3 वर्षीय पुत्र जय को ढूंढने के लिए लोगों व पुलिस की मदद से नहर की साफ-सफाई की जा रही थी। नहर के पानी को डाइवर्ट कर दिया गया था। बुधवार को दो जेसीबी मशीनों से नहर के दोनों तरफ साफ-सफाई की गई। करीब 3 बजे लापता जय का शव नहर से बरामद हुआ।

घर से 100 मीटर की दूरी पर मिला शव

बाजपुर। जय आंगन में खेलते हुए लापता हो गया था। आसपास के लोगों व पुलिस की मदद से उसकी तलाश की जा रही थी। जब नहर की साफ-सफाई की गई तो जय का शव नहर में दिखाई दिया। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। मासूम जय की मौत से उसकी मां रेनू और पिता अजय, छोटे भाई अक्षय का रो-रोकर बुरा हाल है।

ट्राली से दबकर व्यक्ति की मौत, मचा कोहराम

जसपुर। ट्राली से दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। खेड़ा लक्ष्मीपुर निवासी नफीस अहमद (50 वर्ष) बुधवार तड़के अपने घर के पास खड़ी ट्राली को ट्रैक्टर में जोड़ रहे था। तभी ट्राली का अगला हिस्सा उनके ऊपर गिर गया। जिससे वह ट्राली के नीचे दब गये। कई घंटे तक वह ट्राली के नीचे दबे रहे। जब लोगों ने उन्हें ट्राली के नीचे दबा देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजन तुरंत जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सात दुकानदारों पर 31 हजार जुर्माना

काशीपुर मुख्य बाजार में अभियान चलाते सहायक नगर आयुक्त व तहसीलदार। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : नगर निगम और तहसील प्रशासन ने बुधवार को काशीपुर मुख्य बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब सात दुकानदारों का 31 हजार रुपये का चालान काटा गया। निगम व तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी व तहसीलदार पंकज चंदोला ने नगर निगम मार्ग व रतन सिनेमा रोड स्थित मार्केट में टीम के साथ सघन अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर कामकाम कर रहे करीब छह दुकानदारों को नोटिस देकर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। जबकि एक दुकानदार का मौके पर नगद चालान काटा गया। अभियान के दौरान दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन की भी जांच की गई। टीम में कर एवं राजस्व निरीक्षक अब्दुल सलीम, राशिद हुसैन एवं विक्रांत यादव आदि शामिल रहे।

दंपति ने पड़ोसी दंपति के साथ की मारपीट, मुकदमा

काशीपुर, अमृत विचार : एक दंपति ने बिना बात के अपने पड़ोसी दंपति को लात घूंसों से पीट दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गौतमनगर निवासी जौली कुमारी उर्फ सोनिया ने बांसफोड़ान पुलिस चौकी में तहरीर देकर कहा कि बीती 29 जनवरी की शाम वह पड़ोसी प्रीति से कुछ बात करने उसके घर गई थी। जहां प्रीति व उसके पति हृदयेश ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसके पति मौके पर पहुंचे तो दंपति ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने प्रीति, हृदयेश सहित भीम सिंह, सुशीला देवी, शीला देवी, विक्की, निक्की और विजयपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीसीबी ने तीन नदियों से लिए पानी के सैंपल

अभियान

- कोसी, बहला और ढैला नदी से 10 सैंपल जांच के लिए लैब भेजे
- माघ मेले को लेकर हो रही नदियों की मॉनिटरिंग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : माघ मेले को लेकर केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्तराखंड और यूपी की नदियों की मॉनिटरिंग कर रहा है। इसके तहत नदियों से पानी के सैंपल लिये जा रहे हैं। बुधवार को टीम ने कोसी, बहला और ढेला नदी से करीब 10 पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए।

दरअसल, इस समय माघ मेला चल रहा है। उत्तराखंड और यूपी से होकर गुजरने वाली गंगा की सहायक नदियों में उद्योगों का प्रदूषित पानी न जा सके, इसके लिए लगातार केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, यूपी पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीमें नदियों की मॉनिटरिंग कर रही है।

बुधवार को संयुक्त टीम ने कोसी, बहला और ढेला नदी से पानी के सैंपल भरे। साथ ही इन सैंपलों को जांच के लिए केंद्रीय पीसीबी की लैब समेत अपनी-अपनी लैबों को भेजा है। इसके अलावा टीम नदी किनारे लगे उद्योगों का निरीक्षण कर उन्हें नदियों में प्रदूषित पानी न छोड़ने की हिदायत दे रही है। उत्तराखंड पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि मार्च माह तक टीम का अभियान जारी रहेगा। मानकों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर टीम सख्त कार्रवाई अमल में लाएगी। उन्होंने बताया कि टीम लगातार नदियों की मॉनिटरिंग कर रही है। आगे भी नदियों के सैंपल लेकर जांच की प्रक्रिया जारी रहेगी। टीम में वरिष्ठ वैज्ञानिक पंकज कुमार, जेआरएफ नीरज कठैत व जेएलओ धनीराम समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

काशीपुर में नदी से पानी का सैंपल लेती टीम। ● अमृत विचार

आंदोलन कार्य बहिष्कार शुरू किया, 6 फरवरी से देहरादून में प्रमुख अभियंता कार्यालय पर धरने की दी चेतावनी

मांगों पर कार्रवाई न होने से डिप्लोमा इंजीनियर नाराज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पदोन्नति समेत नौ सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई न होने से उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में पदाधिकारियों ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। पदाधिकारियों ने पांच फरवरी तक मांग पूरी न होने पर 6 फरवरी से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग देहरादून के कार्यालय में जनपदवार धरना देने का ऐलान किया है।

बुधवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ से जुड़े डिप्लोमा इंजीनियर लोक निर्माण विभाग में एकत्रित हुए। इस दौरान डिप्लोमा इंजीनियरों ने कहा कि वे पिछले कई समय से सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर पदोन्नति, कनिष्ठ अभियंताओं के स्थायीकरण समेत अपर सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति, सहायक अभियंता पद पर डीपीसी देने आदि की मांग उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मजबूरन डिप्लोमा इंजीनियरों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि 5 फरवरी तक लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने पर 6 फरवरी से लोनिवि के प्रमुख अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर 15 फरवरी से पूर्ण रूप से हड़ताल की घोषणा कर दी जाएगी। इस अवसर पर लोनिवि संयुक्त महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष आरएस मेहरा, लोनिवि संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सनवाल, प्रांतीय संगठन सचिव योगेश ततराड़ी, मंडल अध्यक्ष अजय टम्टा, प्रकाश पंत, जीबी भट्ट, प्रकाश लाल, पीसी बहुगुणा, हरगोविंद सिंह, संतोष कुमार, पंकज राय, परवेज आलम, राजेश पंतोला, मनमोहन सिंह समेत कई डिप्लोमा इंजीनियर मौजूद रहे।

लोक निर्माण विभाग में प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर। ● अमृत विचार

ईवीएम नहीं बैलेट पेपर से हों चुनाव

काशीपुर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : अंबेडकर पार्क जनकल्याण सेवा समिति ने ईवीएम के बजाए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित एक मांगपत्र एसडीएम को सौंपा।

समिति के अध्यक्ष अशोक प्रधान ने कहा कि ईवीएम से चुनाव कराकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। इसके जरिए लोगों के मत को बदला जा रहा है। बसपा महानगर अध्यक्ष डॉ. एमए राहुल ने कहा कि ईवीएम का दुरुपयोग कर भाजपा गलत तरीके से सत्ता हासिल कर अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने ईवीएम के विरोध में आंदोलन चलाने की बात कही है। ज्ञापन देने वालों में चंद्रहास गौतम, पंकज गौतम, आशीष, राज बहादुर, बीना आर्य, सौदान सिंह, मोहन आर्य आदि शामिल रहे।

भाजपा सरकार में हर वर्ग को मिल रहा लाभ : पांडेय

अल्पसंख्यक स्नेह संवाद यात्रा का बाजपुर में हुआ जोरदार स्वागत, लोगों को दी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी

बाजपुर में अल्पसंख्यक स्नेह संवाद यात्रा को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय। ● अमृत विचार

काशीपुर में स्नेह संवाद यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते राजेश कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

कार्यक्रम

▸▸ **विधायक ने मुड़िया पिस्तौर में यात्रा को किया संबोधित**

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की अल्पसंख्यक स्नेह संवाद यात्रा बुधवार को बाजपुर पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक जनहितैषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

मुड़िया पिस्तौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री व गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं संचालित हो रही हैं और इनका लाभ जनमानस को मिल रहा है। अल्पसंख्यकों के लिए सरकार की कई तरह की रोजगारपरक योजनाएं भी चला रही है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास की सार्थकता को सिद्ध करते हुए अल्पसंख्यकों के उत्थान को कदम बढ़ाए हैं। कार्यक्रम को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अजीम अहमद चौधरी, हज कमेटी के पूर्व सदस्य इरफान अली आदि ने भी संबोधित किया। इससे पहले यात्रा लेकर पहुंचे पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महमूद बंजारा, प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान, जिला महामंत्री यासीन शेख, सत्तार अली, गुलाम मुस्तफा, इब्राहीम, रहीस हाफिज, शौकीन मियां, आमिर खान, वाजिद आदि मौजूद थे।

सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य कर रहे पीएम मोदी: राजेश

काशीपुर। विधानसभा बाजपुर के महुआखेड़ा गंज मंडल में ग्राम परमानंदपुर, चापट, महुआखेड़ागंज में अल्पसंख्यक स्नेह संवाद यात्रा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बुधवार को पहुंची अल्पसंख्यक स्नेह संवाद यात्रा में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि 140 करोड़ देशवासियों को साथ लेकर देश एवं प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं से सब का विकास कर रहे हैं, इसमें देश में रहने वाला हर व्यक्ति देशभक्त होना चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री राजेश कुमार ने कहा कि अल्पसंख्यक स्नेह यात्रा बाजपुर विधानसभा में घूम कर केंद्र एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाएं अल्पसंख्यक समाज के बीच में साझा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तहत कार्य कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश के अंदर मजबूती से कार्य कर रहा है। वहां पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा गुलाम मुस्तफा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रदेश महामंत्री मोर्चा महमूद हसन, प्रदेश उपाध्यक्ष मोर्चा परवेज आलम, प्रदेश मंत्री मोर्चा अजीज खान, इब्राहिम शेख, यासीन शेख, योगेश कुमार, जमशेद आलम आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में प्रशिक्षण के बाद मौजूद जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

सतत विकास थीम पर दिया प्रशिक्षण

काशीपुर, अमृत विचार : विकासखंड सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत सतत् विकास थीम पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, रेखीय विभाग कर्मियों ने प्रतिभाग किया। इंपार्ट संस्था ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण में पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत विकास योजना आधारित नियोजन पर प्रशिक्षित किया। साथ ही सतत् विकास में गरीबी मुक्त ग्राम पंचायत की आजीविका, स्वच्छ ग्राम पंचायत, जल पर्याप्त ग्राम पंचायत, तहसील महिला हितैषी, ग्राम पंचायत के अपने स्रोत, ई-गवर्नेंस ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में बताया। बीडीओ कुंदन सिंह बिष्ट ने पंचायत की 6 समितियों के कार्य दायित्व, उत्तरदायित्व भूमिका व योजना बनाने के महत्व पर चर्चा की। प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक मनोज सिंह, प्रज्ञा मिश्रा, चंद्र तेज सिंह, आकाश कुमार रहे। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत जगदीश सिंह राणा, ग्राम प्रधान परमजीत कौर, अमनित कौर, नेहा गौतम, विमला, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकत्री मौजूद रहे।

पुलिस व छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

अभियान

▸▸ **नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगों को दिया सुरक्षा का संदेश**

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: पुलिस व स्कूली छात्र-छात्राओं ने 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूक रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारी का मानना है कि बिना जनता के जागरूकता व सहयोग के बिना अभियान संभव नहीं है।

बुधवार को अटल उत्कृष्ट स्व. चितरंजन राहा राइंका से रैली प्रारंभ होकर में मुख्य बाजार से होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मुख्य चौक पहुंची। जहां पर स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर एसएसआई संतोष उप्रेती ने कहा पुलिस व परिवहन विभाग समय-समय पर चैकिंग अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात एवं नियमों का पालन करने के लिए चालान काटकर जागरूक करती है। नाबालिग बच्चों द्वारा बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभिभावकों पर कानूनी कार्रवाई एवं 25 हजार का जुर्माना रखा गया है। इस मौके पर एसआई मंजू पंवार, एसआई दरवान सिंह, कमलेश सिंह नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र, वरिष्ठ समाजसेवी विशंभर लाल मिगलानी, नित्यानंद मंडल, अनिल रौतेला, सागर सिंह, प्रवीन नारंग आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर में राष्ट्रीय सुरक्षा माह पर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों के जागरूक करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

पूजा पांडे को नियुक्ति पत्र देते प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन। ● अमृत विचार

पूजा पांडे एकम शक्ति की जिला मंत्री नियुक्त

गदरपुर। एकम सनातन भारत दल की महिला विंग ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पूजा पांडे को जिला मंत्री नियुक्त किया है। बुधवार को दिनेशपुर रोड स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने पूजा पांडे को नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ ही आशा जताई की पूजा संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगी। इस मौके पर नवनियुक्त जिला मंत्री पूजा पांडे ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अंकुर शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगी। जल्द ही जनपद में संगठन का विस्तार किया जाएगा। यहां विजया पांडे, संगीता तिवारी, राजकुमार नैय्यर, मूर्ति देवी, चंद्र चौहान, गोपाल कश्यप, ममता देवी आदि मौजूद रहीं।

शूटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

शूटिंग प्रतियोगिता में उत्सव बने चैंपियन

काशीपुर। प्रथम स्व. विजय वीर सिंह मैमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्सव मलिक चैंपियन बने। मिनरॉ शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी में चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 50 से अधिक शूटरों ने भाग लिया था।बुधवार को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा ने प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान सर्वाधिक 116.9 अंक के साथ उत्सव मलिक पहले, 114 अंक के साथ सागर दूसरे और 103.3 अंक के साथ सचिन कौशिक तीसरे स्थान पर रहे। तीनों खिलाड़ियों व प्रतिभागियों को अतिथियों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान महेश नेगी, सुरेश पांडे, हरीश त्रिपाठी, विजेंद्र चौधरी, विजय चौधरी, डॉ. मयंक अग्रवाल, मदन ठाकुर आदि मौजूद रहे।

मंडल महामंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

विधान दास दूसरी बार भाजपा मंडल महामंत्री बने

शक्तिफार्म। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विधान दास को दूसरी बार भाजपा मंडल महामंत्री मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से विधान दास का जोरदार स्वागत किया। साथ ही मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर करते हुए संगठन का आभार जताया। इस अवसर पर नवमनोनीत भाजपा मंडल महामंत्री दास ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह पूर्ण कर्मठता एवं निष्ठा के साथ निभाएंगे। स्वागत करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, उत्तम दास, विक्की राय, संजय बाछाड़, कृष्णपद मंडल, योगेंद्र सिंह रावत, जगदीश डालमिया, विजय बागला आदि मौजूद रहे।

गुरुद्वारा साहिब में एनआरआई सहित उपस्थित अन्य लोग। ● अमृत विचार

एनआरआई ने गुरुद्वारे को भेंट की 16 लाख की राशि

खटीमा, अमृत विचार : हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कनाडा में रहने वाले एनआरआई बलराज सिंह ग्रेवाल और संदीप सिंह ग्रेवाल ने गुरुद्वारा गुरु हरगोविंद सिंह साहिब कमेटी को 16 लाख रुपए की राशि भेंट की। इस राशि से गुरुद्वारे का गेट और शौचालय निर्माण किया जायेगा। बता दें कि ग्राम जादोपुर सुनपहर निवासी बलराज सिंह ग्रेवाल उनके बेटे संदीप सिंह ग्रेवाल लंबे समय से कनाडा में निवास कर रहे हैं। बावजूद उन्हें अपनी मातृभूमि से उतना ही प्यार है जितना पहले था। ग्रेवाल पिता पुत्र यहां आने पर लगातार निर्धन कन्याओं का विवाह, मेडिकल कैंप लगवाना, गरीब लोगों की मदद करने जैसे सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। बुधवार को पिता पुत्र सुपहर के गुरुद्वारा हरगोविंद सिंह साहिब पहुंचकर माथा टेका और गुरुद्वारा प्रबंधक जसवंत सिंह को राशि सौंपी। जहां गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी दिलबाग सिंह ने ग्रेवाल परिवार के लिए अरदास की और गुरुद्वारे के प्रधान प्रबंधक जसवंत सिंह ने सरोपा भेंट किया और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके कंचनपुरी सहकारी समिति अध्यक्ष जसविंदर सिंह पप्पू, प्रदीप सिंह, परमजीत सिंह, सुखपाल सिंह, मनदीप सिंह, बलजिंदर सिंह गिल, जगदीश सिंह बाजवा, सतनाम सिंह, जसवंत सिंह, जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

बद्री गाय, पंतजा बकरी अधिक पालें

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक डॉ. संजय कुमार के निर्देशन में चंपावत जिले के स्वाला एवं धौन में आयोजित किया गया। इस दौरान पशुपालकों को बद्री गाय व पंतजा बकरी पालन को बढ़ावा देने व पशुपालकों की आय वृद्धि के उद्देश्य से वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षण दिया गया।

परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि पंतजा बकरी एक साल में दो से चार बच्चे देती है और दोबारा ढाई माह में गर्भधारण कर लेती है। बद्री गाय का दूध अन्य गायों की तुलना में पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता वाला होता है। उन्होंने दूध के उत्पादन को बढ़ाने के लिए संतुलित चारा सहित खनिज मिश्रण व विटामिन्स को नियमित रूप से जानवरों को देने की बात कही। जीबी पंत कृषि विवि के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप तलवार ने पशुपालकों को बेहतर पशुपालन से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण दिया। बताया कि देश की जीडीपी में पशु उत्पादन की हिस्सेदारी 5 फीसदी है। पहाड़ की बद्री गाय हर्बल व औषधीय वनस्पतियों को खाती है, जिससे उसके दूध की गुणवत्ता उच्च होती है। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील जोशी, डॉ. अनुपम आजाद, धीरज सुंठा, विवेकानंद आदि मौजूद रहे।

पशुपालन की तकनीकी जानकारी देते निदेशक डॉ. संजय कुमार। ● अमृत विचार

मामला शरारती तत्वों के टोटके से अधिवक्ता परेशान, सीसीटीवी लगाने की मांग

अधिवक्ताओं के चैंबर पर लटकाया ताबीज व गुड्डा

दिक्कत

▸▸ **बार एसोसिएशन ने दिया कार्रवाई करने का आश्वासन**

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : कोर्ट रोड स्थित अधिवक्ताओं के चैंबर में शरारती तत्वों के टोटका करने का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को मामला शहर में चर्चा का विषय बना रहा। इसको लेकर अधिवक्ता परेशान हैं। उन्होंने बार एसोसिएशन से चेंबर की ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक कोर्ट रोड स्थित अधिवक्ताओं के कुछ चेंबर के मेन गेट को शरारती तत्वों ने निशाना बना रखा है। शरारती तत्व पिछले कुछ दिनों से उनके चैंबर के गेट पर जादू-टोने में इस्तेमाल वस्तुओं को लटका रहे हैं। जिससे अधिवक्ता खासे परेशान नजर आ रहे हैं। अधिवक्ता ताजवर अब्बास नकवी ने बताया कि उनके व साथी अधिवक्ताओं के चैंबर के गेट पर कुछ दिनों से ताबीज, सिंदूर व गुड्डा आदि लटका हुआ पाया गया है। जिसे किसी शरारती तत्व ने द्वेष की भावना से उन्हे व अन्य अधिवक्ताओं को नुकसान पहुंचाने की नियत से अंजाम दिया गया है। जिसकी शिकायत उन्होंने बार एसोसिएशन से भी की है। साथ ही उनके चैंबरों की तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी है। बार एसोसिएशन सेकेट्री ने सीसीटीवी लगाने व शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

काशीपुर में अधिवक्ताओं के चैंबर के गेट पर लटका गुड्डा। ● अमृत विचार

दुकान के बाहर से बाइक चोरी

बाजपुर। दोराहा चौकी क्षेत्र में एक दुकान के बाहर खड़ी व्यापारी की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। व्यापारी ने पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर सौंप दी है। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी के आधार पर चोर की तलाश में जुट गई है। तहरीर में जगदीश ने बताया कि उनकी सैनी कॉस्मेटिक के नाम से काशीपुर रोड दोराहा पर दुकान है। बीते मंगलवार की शाम वह दुकान में थे और बाइक सीडी-100 यूके18 एच6358 दुकान के बाहर खड़ी थी। जब वह दुकान बंद कर घर जाने लगे तो देखा बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक व्यक्ति बाइक ले जाते नजर आया। जगदीश ने पुलिस से शीघ्र बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

बिजली चोरी में नौ लोगों पर मुकदमा

बाजपुर : विद्युत विभाग ने बिजली चोरी करने पर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बुधवार को विभाग ने अभियान चलाकर ग्राम सिसई टांडा अमीचंद्र में इंद्र सिंह, गुलाब सिंह, फौजी सिंह, सतपाल सिंह, रमेश सिंह, जोगिंदर सिंह, ग्राम गजरौला में हरकेश, सतवीर सिंह, मंगल सिंह आदि को बिजली चोरी करते पकड़ा। एसडीओ गिरीश चंद्र ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कूड़ा उठान की ठेका राशि दोगुनी करने से भड़के निवर्तमान सभासद

पिछली बार साढ़े दस लाख रुपये में हुआ था ठेका, इस बार 20 लाख रुपये में छूटा

संवाददाता, सितारगंज

सितारगंज में अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपते निवर्तमान सभासद। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर पालिका क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली के ठेके में निवर्तमान सभासदों ने व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेके की धनराशि को दोगुना कर नगर क्षेत्र की जनता पर बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने ठेके की दोगुनी राशि का विरोध कर आपत्ति जताते हुए अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपा।

बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र के निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, दीपक गुप्ता, ऋतु गहतोड़ी, रहमत हुसैन, उषा देवी, मजीदन बेगम, प्रमोद रावत, जहूर इस्लाम, सचिन गंगवार, कंचन चौहान, नूर बेग नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य के पास पहुंचे। यहां उन्होंने पालिका की ईओ को बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली कार्य का ठेका पोर्टल में 18 जनवरी के माध्यम से विज्ञप्ति के जरिए निकाला गया। जिसकी अंतिम अवधि 8 फरवरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में ठेका साढ़े 10 लाख का हुआ था, इस बार ठेके की धनराशि 20 लाख की जा रही है। ठेके की धनराशि दोगुनी होने पर समस्त निवर्तमान सभासद इस पर आपत्ति जाता रहे हैं। उनका आरोप है कि ठेके की धनराशि दोगुनी करने के साथ ही ठेके की अवधि भी पांच गुना कर दी गई है। जिससे प्रतीत होता है कि जनता के सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने दोगुने ठेके से व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही समस्त निवर्तमान ने दोगुनी ठेके को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने अधिशाषि अधिकारी को बताया कि जब तक नए बोर्ड का गठन नहीं होता तब तक किसी प्रकार का ठेका न किया जाए। ऐसा होने पर पूर्व सभासदों ने नगर की जनता के साथ आंदोलन और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि ठेका व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने को लेकर किया जा रहा है। सीधे-सीधे यह जनता के पैसे का दुरुपयोग है जो काम पिछले ठेके में दस लाख रुपए में हो रहा था। वह अब 20 लाख रुपए में क्यों किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी सिर्फ हिटलर शाही दिखा रही हैं, जहां एक तरफ सितारगंज में सफाई कर्मचारियों की कमी है और उनके पद भी खाली हैं। लेकिन कर्मचारियों को न लगाकर वह नगर पालिका के पैसे का दुरुपयोग कर रही है। निवर्तमान सभासद पति पंकज गहतोड़ी ने कहा कि ठेके में गोलमाल है। इसीलिए ठेकेदार भी उत्तराखंड का और स्थानीय न होकर उत्तर प्रदेश का है। जिससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी अपने स्वयं के लाभ और ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए इतना महंगा ठेका कर रहे हैं।

विभिन्न मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

किच्छा। पुलभट्टा थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध कच्ची शराब तथा एक अवैध चाकू बरामद कर कब्जे में लिया। साथ ही आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना पुलिस की टीम ने नई बस्ती, ग्राम भंगा फाटक के पास वार्ड नंबर 17, थाना पुलभट्टा निवासी अजय कुमार को अवैध कच्ची शराब के 44 पाउच के साथ गिरफ्तार कर लिया। दूसरे मामले में पुलिस टीम ने ग्राम अंजनिया के पास गन्ने के खेत में ग्राम दोपहरिया, थाना पुलभट्टा निवासी राधेश्याम को 22 पाउच में रखी करीब 11 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। जबकि आरोपी का साथी ग्राम दोपहरिया, थाना पुलभट्टा निवासी आरोपी राजीव कुमार पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। अन्य मामले में पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश उत्तराखंड की सीमा पर ग्राम नौली क्षेत्र में ग्राम नई बस्ती, फिरोजपुर, थाना पुलभट्टा निवासी सलमान को संदिग्ध अवस्था में अवैध चाकू के घूमते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों एवं फरार आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मौके से फरार हुए राजीव कुमार की तलाश शुरू कर दी है।

ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था होना बेहद जरूरी: बाबा जगजीत सिंह

▸▸ ग्राम चकरपुर में अमृत प्रचार संगत के तत्वावधान में दीवान सजाया गया, कीर्तन कथा का आयोजन

संवाददाता, बाजपुर

चकरपुर में कीर्तन करते अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह।

अमृत विचार : ग्राम चकरपुर में अमृत प्रचार संगत के तत्वावधान में दीवान सजाया गया। जिसमें जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह की अगुवाई में कीर्तन कथा की गई। समागम में उत्तराखंड- पंजाब के विधायक पूर्व मंत्री सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

बुधवार को अंखडपाठ के भोग के उपरान्त प्रातः 10 बजे से अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह द्वारा कीर्तन कथा शुरू की गई। उन्होंने कहा कि कोई बोले राम-राम कोई खुदाए, कोई सेवा गुसईया कोई अल्हाए तारन तरीन..... अर्थात अपने पिता को कोई किसी भी नाम से बुलाए क्या फर्क पड़ता है। फर्क सिर्फ इस बात का है कि हमारी भावना क्या है। हम अपने पिता पर कितना विश्वास करते हैं उन्होंने कहा कि भगवान को हम अपने धर्म के अनुसार कई नामों से पुकारते हैं। कहा कि राम, रब, प्रभु, अल्लाह के प्रति हम कितने आस्थावान हैं, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि अच्छी संतान के लिए हम दर दर भटकते हैं यदि गर्भ के दौरान सिमरन का सहारा लें तो कोई ताकत अच्छी संतान आने से रोक नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्रंथ साहिब में अनेकों भक्तों की वाणी है जो हमें सच्चा मार्ग दिखाती है। गुरुवाणी कहती है कि कोई जावे हज, कोई करे तीर्थ, कोई सीस नभाए, अर्थात सभी को प्रेमा भक्ति करनी है। गुरु साहिब कहते हैं कि भले ही चारों वेद पढ़ लो लेकिन जब तक वेदों में लिखा धारन नहीं करोगे तब तक जीवन सफल नहीं होने वाला है। वहीं सुप्रसिद्ध कथावाचक भाई गुज्जर सिंह अंसध ने शब्द गुरु की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि गुरुवाणी हमें समय-समय पर सचेत करती है कि हम गलत मार्ग पर ना जाएं। लेकिन चचल मन भटकांव की ओर ले जाता है। समागम में पंजाब से आए कपूरथला के विधायक पूर्व मंत्री राणा गुरजीत सिंह, सर्व प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पाडे, समागम के आयोजक मंजीत सिंह राजू, सुखजीत सिंह पूनिया, बाज सिंह, अजीत सिंह मनचंदा, रघुवीर सिंह सहोता, महेन्द्र पाल सिंह, जसविंदर सिंह जस्सी, सतनाम सिंह ढिल्लो, अजीतपाल सिंह रंधावा, कुलदीप सिंह बाजवा, दर्शन सिंह, गुरुद्वारा साहिब नानकमत्ता के पूर्व अध्यक्ष हरवंत सिंह ढिल्लो, रनजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य हरजस पाल सिंह हैरी, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कंबोज, एडवोकेट सूरज जोशी, अमृतपाल सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

ध्यान से प्राप्त होती है निर्विचार अवस्था

संवाददाता, बाजपुर

जीजीआईसी में सहजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त करतीं स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राजकीय कन्या इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को सहजयोग परिवार उत्तराखंड द्वारा सहजयोग ध्यान की जानकारी दी गई। सहजयोग उत्तराखंड के पूर्व स्टेट कोऑर्डिनेटर व राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने बताया कि ध्यान किया नहीं जा सकता, हम ध्यान की स्थिति में चले जाते हैं।

यह एक स्वतः होने वाली प्रक्रिया है। व्यक्ति के विचार या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्य काल में। जब हम अत्यधिक भूतकाल या भविष्य काल के विचारों में चले जाते हैं तो शरीर में तनाव आ जाता है और हमें शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक असंतुलन आ जाता है। श्रीमाताजी निर्मला देवी द्वारा बताए सहजयोग ध्यान करने से हम स्वयं ही निर्विचार अवस्था को प्राप्त कर जाते हैं और वर्तमान की स्थिति में आ जाते हैं।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के लिए सहजयोग ध्यान बहुत कारगर है। श्रीमाताजी निर्मला देवी ने 5 मई 1970 से गुजरात नारगोल से सहजयोग की शुरुआत की थी। आज विश्व के 120 से ज्यादा देशों के लाखों लोग सहजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह एक स्वतः होने वाली प्रक्रिया है जिसमें हम शरीर में उपस्थित तीनों नाड़ीयों इडा, पिंगला, सुषुम्ना व सात चक्रों में कुंडलिनी जागरण से संतुलन प्राप्त करते हैं। अंत में स्वयंसेविकाओं को कुंडलिनी जागरण की अनुभूति कराई गई। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी शशिबाला, सुनीता आदि मौजूद रही।

आज धूमधाम से मनेगा विधायक बेहड़ का जन्मदिन

किच्छा। किच्छा विधानसभा में कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ का जन्मदिन कांग्रेसियों द्वारा हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ का जन्मदिवस आवास विकास स्थित कार्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 बजे केक काटने के साथ ही कांग्रेसियों द्वारा विधायक बेहड़ का जोरदार सम्मान कर जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी जाएगी। चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से 1 फरवरी को सुबह 11 बजे किच्छा के आवास विकास स्थित स्थित कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया है।

यूथ आई हॉस्पिटल में लगेगा शिविर

संवाददाता, बाजपुर

बैठक में हिस्सा लेते यूथ क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अमेरिका के प्रवासी परिवार के सहयोग से फरवरी माह में हर वर्ष की भांति इस बार भी यूथ आई हॉस्पिटल बाजपुर में विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाने का निर्णय यूथ क्लब बाजपुर की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। शिविर की तिथि भी जल्द निर्धारित करने की बात कही गई है। यूथ क्लब की ओर से फरवरी माह में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाना है जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

इसको लेकर क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक हुई। बताया गया कि सरदार किशन सिंह परमार की स्मृति में विशन सिंह परमार (अमेरिका वाले) देशमित्र फार्म बाजपुर के सहयोग से आयोजित शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम सेवाएं प्रदान करेगी। बैठक में शिविर की कार्य योजना निर्धारित की गई जिसमें पंजीकरण, प्रचार-प्रसार, संपर्क, जलपान, अतिथि व्यवस्था आदि दायित्व जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को सौंपे गए। इस शिविर में चयनित मरीजों के नेत्रों के आपरेशन अनुभवी चिकित्सीय टीम द्वारा किए जाएंगे और सभी आपरेशन योग्य मरीजों को दवाइयां, लैंस, चश्मा, भोजन रहने की सुविधा आदि निश्शुल्क दी जाएगी। मोतियाबिंद, काला शनी मांस आदि बीमारियों का उपाचार भी किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष संजीव बंसल टिन्ना व संचालन सचिव संजीव जिंदल ने किया। इस मौके पर नारायण गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, ब्रह्मानंद गर्ग, चंद्रप्रकाश मित्तल, राजेश गोयल, मनोज गुप्ता, मनीष गर्ग, गजानंद मित्तल आदि रहे।

पेड़ से टकराने पर बाइक सवार घायल

बाजपुर। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम हजीरा निवासी भजन सिंह (30) पुत्र राजकुमार सिंह मंगलवार की देर रात बाइक पर गदरपुर से बाजपुर की ओर आ रहा था। इसी बीच ग्राम विजय राम्पुरा के नजदीक अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में भजन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जाहरवीर गोगा मंदिर में हुआ सामूहिक सुंदरकांड

जसपुर। सनातन धर्म सेवा समिति ने जाहरवीर गोगा नोमी मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ कराया। समिति के अध्यक्ष नीलकमल शर्मा व मंदिर के महंत वीरेंद्र महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड का वर्णन सुनकर जयकारे लगाए। विनय शर्मा ने प्रसाद की व्यवस्था की। इस मौके पर वरुण अग्रवाल, पवन वर्मा, विमल अग्रवाल, ललित शर्मा, राजुल जैन, नितेश जैन, संजय, दिग्विजय सिंह चौहान, पराग, शिवानी, राघव आदि मौजूद रहे।

जसपुर जाहरवीर मंदिर पर सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु।

छात्रों को दिए रोजगार पाने के टिप्स

संवाददाता, शांतिपुरी

शांतिपुरी राजकीय इंटर कॉलेज में छात्रों को टिप्स देते प्रोफेसर डॉ. नितिन बिष्ट।

अमृत विचार : राजकीय इंटर कालेज में बुधवार को इंटर फाइनल के छात्र-छात्राओं को कैरियर काउसिलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत रोजगार पाने के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई।

राजश्री कॉलेज बरेली के प्रवक्ता डॉ. नितिन बिष्ट ने छात्रों को प्रशासनिक, इंजीनियरिंग, मेडिकल साइंस आदि एजुकेशनल डिप्लोमा कोर्स के बारे में बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से इंटरमीडिएट पास करने के बाद अपनी दिली इच्छा एवं शैक्षिक क्षमता के अनुरूप अपनी मंजिल व उज्जवल भविष्य के लिए सही रास्ते चुनने की अपील की। प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने बाहर से आए वक्ताओं का आभार जताया। इस दौरान डॉ. गौरव कपूर, रमाकांत, पीएन सिंह, एनपी सिंह, निहारिका पांडे, डा. बीसी भट्ट, प्रकाश रावत, गोबिन्द, अलिल कुमार, राजेन्द्र शर्मा, अमरेश, अनंत चौहान व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने की कार्यकर्ताओं से मुलाकात

कालाढूंगी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनाव का फीडबैक लिया। कालाढूंगी चकलुवा पहुंचकर कांग्रेस नेता संतोष पांडे के आवास पर उनकी दिवंगत माता वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व प्रधान द्रौपदी पांडे को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख भोला भट्ट, निजी सचिव सुमित रावत, पूर्व चेयरमैन दीप सती, श्याम चौहान, विक्रम सामंत आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

धर्मेंद्र लेखपाल संघ के अध्यक्ष, दौलत सचिव बने

काशीपुर। उत्तराखंड लेखपाल संघ की काशीपुर शाखा के लिए धर्मेंद्र कुमार को अध्यक्ष और दौलत सिंह को सचिव चुना गया। तहसील परिसर में बैठक के दौरान संघ की काशीपुर शाखा का चुनाव हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री गौरव कुमार ने की। इस दौरान मनीष सिंह उपाध्यक्ष, सरताज अली खान कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक में लेखपाल जगतार सिंह, राम सिंह, अरुण कुमार मौजूद रहे।

सिमरन का राज्य स्तरीय इंस्पायर के लिए चयन

खटीमा। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की कक्षा नौ की छात्रा सिमरन कौर का चयन मैनेजमेंट ऑफ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट ऑफ साइंस के अंतर्गत राज्य स्तरीय इंस्पायर के लिए हुआ है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सिमरन के तैयार मॉडल को देखकर निर्णायक मंडल ने उसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया है। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने सिमरन सहित शिक्षक डॉ. बलवंत ऐरी, चंदन बोरा को बधाई दी है। डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, हेमलता बोरा, ऊषा चौसाली, चन्द्रा, निर्मला भट्ट, मनीषा चंद, विजय कुमार, योगेश सोराडी, अशोक जोशी आदि ने शुभकामनाएं दी है।

मंत्री गणेश जोशी का जन्मदिन मनाया

हवन-यज्ञ करते भाजपा कार्यकर्ता।

बाजपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल बाजपुर में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री गणेश जोशी का जन्मदिन प्राचीन शिव मंदिर में मनाया गया। इसमें मंडल कार्यकर्ताओं व वरिष्ठजनों ने हवन यज्ञ व केक काटने के साथ ही भंडारा आयोजित कर उनके दीर्घायु की कामना की। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल ने सामूहिक कीर्तन भजन भी करवाया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता निरंजन दास गोयल, रघुवीर सिंह सहोता, राममेहर बंसल, अशोक गोयल, राजीव गुप्ता, सत्य भूषण सिंगला, अमरजीत सिंह गोयल, सुखजीत सिंह डिम्पी, सोमनाथ राजपूत, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, खीम सिंह दानू, मेजर सिंह, सोनू राठौर, नरेंद्र चौधरी, साकेत सिंगल, राहुल शर्मा, उर्मिला पाठक, चंद्रिका फोगाट, सविता शर्मा, ममता जैन आदि मौजूद रहे।

कुष्ठ आश्रम में वितरित किए फल

रुद्रपुर। जिला प्रभारी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिन पर जिला महामंत्री अमित नारंग के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर स्थित कुष्ठ आश्रम में फल वितरित किये। साथ ही प्रभारी मंत्री की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, भाजयुमो जिला महामंत्री बिट्टू चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष नमन चावला, जिला पंचायत सदस्य जगदीश विश्वास, गजेंद्र प्रजापति, सुरेश शर्मा, जितेंद्र संधू, मनमोहन सिंह, गिरीश पाल, राजकुमार कोली, राजकुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

आयोजन | अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन जिला इकाई ने ब्लॉक स्तरीय रूरल इंडिया सपोर्टिंग ट्रस्ट कार्यक्रम

41 छात्रों के चयनित विज्ञान मॉडल किए प्रदर्शित

संवाददाता, खटीमा

कार्यक्रम में बच्चों के मॉडल का अवलोकन करते शिक्षक।

अमृत विचार : अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन उधमसिंह नगर शाखा द्वारा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय रूरल इंडिया सपोर्टिंग ट्रस्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें स्टेम कार्यक्रम के तहत राजकीय इंटर कॉलेज झनकट, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खटीमा, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बंडिया और राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के अंतिम चरण में चयनित 41 छात्रों के विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी तरुण पंत ने मां सरस्वती की चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।बच्चों द्वारा प्रदर्शित प्रोजेक्ट का मूल्यांकन हेमा कापड़ी, रविंद्र सिंह बिष्ट, अनिल राठौर और प्रभुनाथ सिंह ने किया। जिसमें जीजीआईसी खटीमा की रेनू ओझा ने प्रथम, कनक वर्मा ने द्वितीय तथा तलत यासमीन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज झनकट की वंशिका पासवान प्रथम, मनीषा भारती द्वितीय तथा जगमोहन बिष्ट तृतीय, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा की महिमा अनेजा प्रथम, आरती द्वितीय तथा कुमकुम धामी ने तृतीय तथा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बंडिया की कृष्णा प्रथम, अमर मौर्या द्वितीय तथा आदित्य कुमार तृतीय स्थान पर रहे। अंत में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन रत्नाकर पांडे और भर्ती शर्मा ने सयुक्त रूप किया। इस अवसर पर ईस्टर इंडस्ट्रीज के प्रबंधक डॉ. अजय मेहता, नागरिक अस्पताल की चिकित्सक डॉ. ममता सिंह, जीआईसी के प्रधानाचार्य आरके कटिहार, बीआरसी समन्वयक करुणेश कुमार, प्रभुनाथ सिंह, अजय कुमार पाल, अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सदस्य भारती शर्मा, मिलन रावत, रामनारायण सैनी रूपाली शर्मा, होशिला प्रसाद, डॉ. एके सिंह, निर्मल न्योलिया, डॉ. हेमलता पाठक, महेश भट्ट, पूजा भट्ट, मेघा जोशी, पिंकी सिंह, दीपिका शर्मा, अदिति वर्मा, ललित जोशी, एकता रस्तोगी आदि थे।

एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया स्वच्छता कार्य

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके पांडे द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवियों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर की गई। साथ ही महाविद्यालय परिसर में समस्त क्यारियों की निराई-गुड़ाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही कूड़ा कचरा आदि उठाकर पूरे स्वच्छता का कार्य किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.प्रदीप दुर्गापाल एवं डा.दर्शना पंत, डा.रीता सचान मौजूद रहे।

पीजी कालेज में निराई-गुड़ाई का कार्य करते एनएसएस के बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एकः सम्पत्रमश्नाति वस्त्रे वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्यः को नृशंसतरस्ततः ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है,कीमती वस्त्र,स्वादिष्ट व्यंजन,सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बाटंता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

संपादकीय

बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया,मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि,शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर,रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का ताममान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं,बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही,डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

प्रसंगवश

महात्मा गांधी के आखिरी घंटे

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की,नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध,उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली,गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे,जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे,जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है,लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा,आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ,पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी,लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं,इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है,उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए,लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया,लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है,लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है,जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं,ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है,लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी,परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा,विज्ञान एवं तकनीक,व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण,डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट,पीसी,स्मार्टफोन,स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

सोशल फोरम

जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी

संजय वर्मा
इंदौर

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

- फेसबुक वॉल से

धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा,बड़ी बहन,दिल्लगी,वारिस,माशूका,जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति,ग्लैमर,मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित,लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली,लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

केलिगीतों की परंपरा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी,सोहर, बटगमनी,तिरहुत,समदाउन,नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।

केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत,युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था,जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ,ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव,विद्यापति,महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस,कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

पर्वतीय जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए

बारिश न होने के कारण उपजे हालात के मद्देनजर राज्य आंदोलनकारियों ने उठाई मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रदेश के पर्वतीय जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने व फसल ऋण माफ करने की मांग की है। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि इस बार समय से बारिश ना होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि काफी प्रभावित हुई है। जिससे किसानों में काफी निराशा है। किसानों को राहत देने के उद्देश्य से पर्वतीय जिलों को सूखाग्रस्त किया जाना चाहिए। संगठन ने इस संबंध में सीएम को एक ज्ञापन भी भेजा है।

मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारियों ने कहा है कि बीते छह सात महीने से वर्षा न होने के कारण पर्वतीय क्षेत्र के अधिकांश किसान रबी की फसल की बुवाई ही नहीं कर पाए। जिन किसानों ने आंशिक बुवाई की भी वह सूखे के चपेट आकर नष्ट हो चुकी है। सिंचित क्षेत्रों में जो कुछ फसल बची है। उसे पानी की कमी, जंगली

जानवरों से बचा पाना किसानों के लिए काफी मुश्किल साबित हो रहा है । कृषि बागवानी के लिए अनेक किसानों ने सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण भी लिए हैं। लेकिन सूखे के कारण किसानों को ऋण चुकाने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। संगठन ने कहा है कि किसानों को सूखे की मार से बचाने के लिए उनका ऋण माफ करने तथा पर्वतीय जिलों को सूखाग्रस्त करने की कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए। ज्ञापन में ब्रह्मनंद डालाकोटी, शिवराज बनौला, दौलत सिंह, शांति देवी, कुबेर सिंह, राम सिंह, देबुली देवी, किरन आर्या, रमेश राम, कमलेश पांडे समेत अनेक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

ग्रामीणों का सिंचाई विभाग के कार्यालय में तालाबंदी का ऐलान

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : बरसात के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने इस मसले को लेकर 8 फरवरी को टनकपुर स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में तालाबंदी करने और धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को भी अवगत करा दिया है।

मालूम हो की बरसात के दिनों में गांव आमबाग, ककरालीगेट, ज्ञानखेड़ा, मोहनपुर, बिचई आदि ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था न होने से किरोडा नाले व अन्य छोटे नालों का पानी गांव में घुसकर एक ओर जहां फसलों को भारी नुकसान होता है वहीं जल भराव से लोगों के घरों तक पानी घुस जाता है जिससे आवाजाई में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में शासन प्रशासन के साथ टनकपुर स्थित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी कई बार अवगत करा दिया गया है लेकिन अभी तक इस जटिल समस्या का निस्तारण नहीं हो पाया है। इधर मोहनपुर की ग्राम प्रधान राधिका चन्द, आमबाग की ग्राम प्रधान मोहिनी चन्द, ज्ञानखेड़ा के प्रधान नरी राम,बीडीसी सदस्य गीता सेठी, पूर्व ग्राम प्रधान कमला चन्द,पूर्व ग्राम प्रधान पुष्पा विश्वकर्मा, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य अंबा अंबा दत्त पंत, विपिन जोशी, सुभाष चन्द ,पूर्व बीडीसी सदस्य हरिओम सेठी,दीपक चन्द, उप प्रधान दीपक पचौली, तनुज पचौली, कृपाल पंत, चंदन चन्द, हरीश चन्द, सतीश चन्द समेत तमाम ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 7 फरवरी तक जल निकासी के लिए निर्माण कार्य शुरू न होने पर 8 फरवरी को टनकपुर स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में तालाबंदी के साथ धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। इधर सिंचाई विभाग के एसडीओ आर के यादव का कहना है कि जल निकासी के एस्टीमेट बनाकर पहले ही शासन को भेजा जा चुका है जल्दी ही स्वीकृति मिलने पर निकासी कार्य का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

अमृत सरोवरों के जरिए पर्यटन व मत्स्य पालन की संभावना तलाशें

▸▸ जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बुधवार को कलक्ट्रेट में जनपद में बने अमृत सरोवरों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन अमृत सरोवरों में पर्याप्त पानी है, उनमें आजीविका से संबंधित पर्यटन, मत्स्य पालन जैसी संभावनाएं तलाशी जाएं।

साथ ही संबंधित विभागों के साथ समन्वय करके उनमें आजीविका से संबंधित गतिविधियों को शुरू किया जाए। जिलाधिकारी तोमर ने कहा कि जनपद के अंतर्गत जितने भी अमृत सरोवर बने हुए हैं, उनमें यह सर्वे भी किया जाए कि अमृत सरोवरों के आसपास कितने जल स्रोतों में पानी का डिस्चार्ज बढ़ गया है तथा कितने जल स्रोत संबंधित अमृत सरोवर से पुनर्जीवित हुए हैं।

अल्मोड़ा में अधिकारियों की बैठक लेते डीएम विनीत तोमर। ● अमृत विचार

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अमृत सरोवरों में पानी की मात्रा कम है, उनमें पानी बढ़ाने के लिए मरम्मत, कैचमेंट एरिया को बढ़ाने जैसे कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी योजना है।

इस योजना में विभाग विशेष रुचि लेकर कार्य करें तथा लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी एसके पंत ने बताया कि जनपद भर में 103 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है, जिनमें 79 अमृत सरोवर ग्राम्य विकास विभाग, 14 वन विभाग तथा 12 ग्राम्या के द्वारा निर्मित किए गए हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया, मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार, परियोजना निदेशक ग्राम्या डा.एसके उपाध्याय समेत अन्य उपस्थित रहे।

शीशमहल फिल्टर प्लांट बंद रहने से दिनभर ठप रही पानी की आपूर्ति

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ सिंचाई नहर की मरममत के कारण प्लांट किए गए बंद

▸▸ लगभग 60 हजार की आबादी रही प्रभावित

अमृत विचार: शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट बंद रहने के कारण शहर में पानी की आपूर्ति दिनभर ठप रही। सिंचाई नहर की मरम्मत के चलते शीशमहल के चारों प्लांट को बंद किया गया था हालांकि सुबह को पानी की आपूर्ति की गई थी। प्लांट बंद रहने से लगभग 60 हजार की आबादी प्रभावित रही। विभागीय टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई लेकिन इनसे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया जिस कारण लोगों को निजी टैंकर मंगाने पड़े। दूसरी तरफ शीशमहल क्षेत्र का ट्यूबवेल खराब होने के कारण लोगों को पानी नहीं मिल पाया। यहां भी लोगों को टैंकरों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया। जिन क्षेत्रों में प्लांट के साथ ही ट्यूबवेल से भी पानी की आपूर्ति होती है वहां लोगों को ट्यूबवेल से पानी मिलने पर राहत मिली।

जल संस्थान के ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि सुबह को पानी की आपूर्ति की गई थी लेकिन शाम को आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने बताया कि टैंकरों से पानी बांटा गया। कहा कि खराब टयूबवेल को ठीक किया जा रहा है।

वन डे हाइक में लोगों ने भाग लिया

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : माउंटेनियरिंग एंड आउटडोर क्लब ने नववर्ष कार्यक्रम की शुरुआत वन डे हाइक के आयोजन से की। हाइक में 11 से 73 वर्ष के नागरिकों ने भाग लिया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ महिला और पुरुषों, एसएसबी के ऑफिसर्स और जवान, केआरसी और सप्लाई डिपो के अफसर आदि शामिल रहे।

ट्रैक की अगुवाई आरएमओसी के सदस्यों ने की। क्लब की सदस्य शीतल ठाकुर ने ट्रैक को लीड किया। गोल्फ ग्राउंड से शुरूआत कर ट्रैकर्स ने दलमोटी के जंगल से होते हुए बटुलिया गांव और वहां से सुंदरखाल गांव होते हुए मजखाली में ट्रैक को पूरा किया, 37 लोगों के इस ग्रुप ने पहाड़ के रहन सहन को करीब से देखा, 16 किलोमीटर की ट्रैकिंग यात्रा के अंत में एक डिब्रिफिंग सेशन में सभी लोगों ने अपने अनुभवों को साझा किया। बताया कि उन्होंने किस प्रकार ट्रैकिंग के दौरान आयी प्राकृतिक बाधाओं पर विजय पायी और किस प्रकार उन्होंने इस 16 किलोमीटर ट्रैक को अपनी शारीरिक क्षमताओं को चुनौती देने हुए पूरा किया।

आरएमओसी ने एसएसबी आईजी अमित कुमार और एसएसबी कमांडेंट राजेश ठाकुर को से सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। अध्यक्ष सुमित गोयल, उपाध्यक्ष विवेक पांडेय और सचिव अनुज साह ने ट्रेक के बाद अनुभव साझा करने के सत्र की अगवानी की। अंत में सम्मान वितरण ट्रेक के सबसे युवा बालक 11 वर्ष के भूविक सिंह असवाल ने किया।

उद्योग व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा का सदस्यता अभियान जारी है।

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा रामलीला ग्राउंड खत्याड़ी, बेस, लोअर माल रोड के दो सौ से अधिक व्यापारियों को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता अभियान के साथ ही देवभूमि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों से व्यापार से संबंधित समस्याओं को जाना और उन समस्याओं के समाधान हेतु सभी व्यापतियों से सुझाव भी मांगे। व्यापारियों ने देवभूमि की इस पहल की सराहना करते हुए सदस्यता शुल्क 50 रुपये रखने पर भी खुशी जाहिर की। सदस्यता अभियान के तहत मनोज सिंह पंवार, हिमांशु कांडपाल, ललित कनवाल, कमल बिष्ट, दीप चंद्र जोशी, मुकेश लटवाल, मोहित चौधरी आदि मौजूद रहे।

हादसों की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश दिए

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने जिले में अलग अलग स्थानों पर हुई तीन वाहन दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने नामित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

रानीखेत के बोहरा गांव के पास भुजान में 26 दिसंबर को माल वाहक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई। इसके कारणों की जांच के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह पांच जनवरी को तहसील सल्ट के डंगुला-पीपना मोटर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हुई बोलेरो में चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसकी जांच सल्ट के एसडीएम को सौंपी गई है। एक नवंबर 2023 को तहसील अल्मोड़ा के माल रोड के चौघानपाटा में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें चालक की मौत हो गई थी। डीएम ने इस दुर्घटना की जांच के लिए एसडीएम सदर को नामित किया है। तीनों अधिकारियों को अपनी सुस्पष्ठ रिपोर्ट 15 दिनों में जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सड़क सुरक्षा सप्ताह प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

हवालबाग में आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी अपने प्रमाण पत्र के साथ। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा राजकीय इंटर कालेज हवालबाग में सड़क सुरक्षा जागरूकता विषयक पोस्टर, निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विद्यालयों से बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं के द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा विषयक चित्रों को बनाया गया तथा वाद विवाद व निबंध प्रतियोगिता के द्वारा यातायात नियमों एवं मार्ग संकेतकों, यात्रा के दौरान ध्यान में रखे जाने वाली बातों का उल्लेख किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कंचन प्रथम, विनीता द्वितीय, आयुषी और कमला तृतीय स्थान पर रही। वाद विवाद में तन्नु व खुशी प्रथम, कमला और प्रियंका प्रियंका द्वितीय, कमला तिवारी तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी प्रथम, तन्नु द्वितीय और माही नेगर तीसरे स्थान पर रही। अव्वल रहे सभी प्रतिभागियों को संभागीय परिवहन अधिकारी डा. गुरुदेव सिंह एवं प्रधानाचार्य डा. कपिल नयाल ने स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा विषय की शपथ भी दिलाई गई। छात्र छात्राओं का आह्वान किया गया कि स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और समाज को इस संबंध में जागरूक करें। ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक निर्मल पंत, नवीन वर्मा, सुनीता बोरा आदि के साथ-साथ परिवहन विभाग के शुभम जोशी, आनंद प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

रानीधारा और गैस गोदाम मार्ग नहीं सुधरा तो होगा आंदोलन

अल्मोड़ा। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा से रानी धारा तथा लोअर माल गैस गोदाम अपर माल रोड के तत्काल सुधारीकरण एवं मरम्मत किए जाने की मांग की है।

कर्नाटक ने कहा है कि अल्मोड़ा के आंतरिक मार्ग जिसमें मुख्य रूप से रानीधारा व लोअर माल रोड गैस गोदाम लिंक मार्ग की स्थिति पिछले तीन वर्षों से अत्यधिक भयावह बनी हुई है। जिसका खामियाजा अल्मोड़ा की जनता लगातार झेल रही है। उन्होंने कहा है कि इन मार्गों से छोटे वाहनों के अलावा अनेकों स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। जिस कारण इन मार्गो में सड़क हादसों की संभावनाएं रहती हैं । लेकिन कई बार की शिकायतों के बाद भी इन मार्गों को दुरुस्त नहीं किया जा सका है। कर्नाटक ने कहा कि अगर प्रशासन ने इन मार्गों की मरम्मत को गंभीरता से नहीं लिया तो स्थानीय लोग उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे।

वर्ग पहेली-329

बाएं से दाएं

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली,नष्ट करने वाली।

5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।

7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।

8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

ऊपर से नीचे

2. तीन रंगों वाला।

3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।

4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।

6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।



वर्ग पहेली - 328 का हल

1 ज	■	2 के	■	3 सिं
तु	■	जु	■	गा
क	■	अ	■	रि
■	4 ढो	ल	5 कि	या
6 पू	■	■	लो	■
ज	■	8 पी	ल	पाँ
न	■	■	■	ली

सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3			4		8			
5			6				7	1
		9		2		6		
			8		6			5
	3	4				2	9	
1			9		2			
2		3		1		8		
6	7				4			3
			3		5			2

सुडोकू - 45 का हल

5	4	2	9	6	7	8	1	3
8	9	1	5	3	4	6	2	7
6	3	7	1	8	2	9	5	4
3	6	5	2	1	9	7	4	8
1	8	4	7	5	3	2	9	6
2	7	9	8	4	6	1	3	5
7	1	3	6	9	5	4	8	2
4	2	8	3	7	1	5	6	9
9	5	6	4	2	8	3	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।

दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

वृष — आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

मिथुन — आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

सिंह — आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

कन्या — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी,लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

तुला — आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

वृश्चिक — आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।

धनु — आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

मकर — आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

कुंभ — आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

मीन — आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
दानवीर — रात : 07.00

SONY MAX
तुम्हारी सुलु — सुबह : 10.50
सड़क — रात : 09.17

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट — सुबह : 08.46
इट — शाम : 06.30

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.30
मुक्काबाज — रात : 07.30

colors CINEPLEX
नमक हलाल — दोपहर : 12.14
कभी खुशी कभी गम — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

प्रत्येक श्रमिक को मिले सरकार की सभी योजनाओं का लाभ: मुख्यमंत्री

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को बांटे कंबल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को कंबल बांटे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और हौसला भी बढ़ाया। सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क के समीप एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भवन एवं सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों की सहायता के लिए जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, प्रत्येक पात्र को उक्त सुविधाओं का लाभ समय पर मिले। विभिन्न योजनाओं के प्रति उनको जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें समाज के हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए निरन्तर प्रयास करने हैं। इस अवसर पर सचिव श्रम आर. मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, श्रमायुक्त दीप्ति सिंह व श्रमिक मौजूद रहे।

देहरादून में श्रमिकों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

कार्यकाल पूरा होने पर मुख्य सचिव संधू ने की सीएम से भेंट

देहरादून। मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर डॉ. एसएस संधू ने बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संधू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार के कामकाज में उनकी ओर से मिले सहयोग के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने संधू को कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि नके कार्यकाल में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है।

पांचों लोकसभा सीटों पर चुनाव कार्यालय खोलेगी भाजपा

देहरादून। भाजपा लोकसभा चुनाव की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए कल से राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर चुनाव कार्यालय शुरू करने जा रही है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम द्वारा देहरादून से इन कार्यालयों का वर्चुअली उद्घाटन किया जाएगा।

महानगर कार्यालय से प्रातः 10 बजे संचालित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहेंगे। पार्टी ने टिहरी लोकसभा का कार्यालय देहरादून महानगर, हरिद्वार लोकसभा कार्यालय हरिद्वार शहर, पौड़ी गढ़वाल का कार्यालय श्रीनगर, नैनीताल का ऊधम सिंह नगर और अल्मोड़ा का कार्यालय अल्मोड़ा में बनाया है। इस उद्घघाटन कार्यक्रम के अवसर पर हरिद्वार में गढ़वाल क्लस्टर प्रभारी कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत और ऊधम सिंह नगर कार्यालय पर कुमाऊं कलेक्टर प्रभारी कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मौजूद रहेंगे।

कैबिनेट मंत्री को दी जन्मदिवस की बधाई

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को 67वें जन्मदिवस पर देहरादून के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने डाट काली मंदिर, दरबार साहिब, मानक सिद्ध मंदिर व कुर्मांचल भवन स्थित मां दुर्गा मंदिर और में पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने परिवार संग टपकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व हवन यज्ञ किया। टपकेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित भंडारे में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी सहित कई बड़ी हस्तियां ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, सहदेव पुंडीर, उमेश शर्मा काऊ, रेणू बिष्ट, विनोद चमोली, सुरेश चौहान, संजय डोभाल, राज्यमंत्री कैलाश पंत, विश्वास डाबर, डॉ देवेंद्र भसीन, शदाब सम्स, विनय रोहिला, टिहरी अध्यक्ष राजेश नौटियाल, काशीपुर अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, रुद्रपुर अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, निर्मला जोशी, मयंक जोशी, ज्योति कोटिया, निर्मला थापा, संध्या थापा, विष्णु गुप्ता, सिकन्दर सिंह सहित कई वरिष्ठ बीजेपी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन्मदिवस पर देहरादून के मंदिरों में पूजा अर्चना करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व अन्य। ● अमृत विचार

72 सीढ़ी को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए

- ऋषिकेश क्षेत्र में ढालवाला से पशुलोक बैराज तथा बैराज से हरिपुर कला तक कार्य पूर्ण कर लिया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट परिसर में नमामि गंगे योजना के तहत जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इसमें समितिके संयोजक प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नीतिशमणी त्रिपाठीएवं नोडल अधिकारी/जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल के संयुक्त रूप से समिति की बैठक ली। बैठक में नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों को गंगा घाट की सफाई तथा 72 सीढ़ी को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु नियमित अभियान चलाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का परिपालन कराने को कहा गया। बैठक में उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी डॉ आर के चतुर्वेदी, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक खन्ना, अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग दिनेश चंद्र उनियाल,सहायक अभियंता उत्तराखण्ड जल संस्थान हरीश बन्सल, जिला गंगा सुरक्षा समिति के जिला परियोजना अधिकारी आर के पाण्डेय, गुरमीत सिंह एमआईएस एक्सपर्ट नगर निगम ऋषिकेश, नगर निगम के स्वच्छता ब्राण्ड अम्बेसडर पर्यावरण विनोद जुगलान, समिति के सदस्य डॉ दीपक कुमार तायल, समाजसेवी प्रतिभा सरन, समाजसेवी डॉ राजे सिंह नेगी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति और तबादले पर विदाई

बागेश्वर। जिलाधिकारी के वैयक्तिक सहायक भगवत पंत के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में टीआर बगरेठा के अल्मोड़ा स्थानांतरित होने पर पुलिस कार्यालय में पुलिस लाईन व पुलिस कार्यालय में भाव-भीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में वक्ताओं ने भगवत प्रसाद पंत की कार्यकाल की प्रशंसा कर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। भगवत प्रसाद पंत ने कहा कि 37 साल के सेवाकाल में उन्हें जगह जगह कर्मचारियों व अधिकारियों का सहयोग मिला जिसे वे आजन्म याद करेंगे। इसके अलावा निरीक्षक टीआर बगरेठा के साथ अपने अनुभव को साझा किया गया उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सड़क निर्माण में भूमि अधिग्रहण की अड़चनें शीघ्र दूर हों : सतपाल

- प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री ने केंद्रीय वन मंत्री को पत्र लिखकर दिया सुझाव

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के सुगम यातायात के लिए वांछित मोटर मार्गों के निर्माण में वन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के बाधित रहने से हो रही समस्याओं को लेकर उसके निदान के लिए सुझाव दिये हैं ताकि प्रदेश में सड़कों के निर्माण में आने वाली बधाओं को दूर किया जा सके। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व एवं संस्कृति, मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर कहा है कि उत्तराखंड राज्य में लगभग 80% भाग पहाड़ी क्षेत्र एवं 20% भाग मैदानी क्षेत्र है। इसमें से 70% भू-भाग वन आच्छादित है जिस कारण पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के सुगम यातायात हेतु वंछित मोटर मार्गो के निर्माण में अधिकांशतः वन भूमि की आवश्यकता पड़ती है।

लोनिवि मंत्री महाराज ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि अधिकांश मार्गों में एक हेक्टेयर से ज्यादा वन भूमि की आवश्यकता के कारण क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु दोगुनी भूमि की आवश्यकता का प्रावधान है। वन भूमि के अलावा उपलब्ध राजस्व भूमि इस कार्य हेतु उपलब्ध कराई जाती है, किंतु वन विभाग द्वारा इसे क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त नहीं पाया जाता है, जिसका मुख्य कारण उपलब्ध भूमि का पहाड़ की भौगोलिक परिस्थिति में तीक्ष्ण ढाल, पथरीली भूमि एवं सघन वन क्षेत्र होना होता है। जिस कारण वन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया बाधित रहती है। प्रदेश के लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर उनसे यह भी अनुरोध किया कि उपयुक्त भूमि के राज्य में उपलब्धता की कमी के दृष्टिगत अन्य राज्यों में उपलब्ध लैंड बैंक को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रयोग किये जने के साथ-साथ राज्य हित में उनके सुझावों पर दिशा निर्देश जारी किये जायें।

शोध की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए करार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- विवि के शोधार्थी वीपीकेएएस की प्रयोगशाला का उपयोग शोधकार्य के लिए कर सकेंगे

अमृत विचार : सोबन सिंह जीना विवि और विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मध्य शोध और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस करार के बाद अब विवि के शोधार्थी संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ मिल कर शोध कार्य कर सकेंगे। विवि के शोधार्थी वीपीकेएएस की प्रयोगशाला का उपयोग शोधकार्य के लिए कर सकेंगे।

संस्थान में आयोजित हुए औद्योगिक सम्मेलन में विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट और संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. बिष्ट ने कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने के लिए बद्री गाय पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बद्री गाय के दूध से बने उत्पाद स्वास्थ्य के लिए उत्तम हैं।

इस क्षेत्र में शोध कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शोघ के बाद निकले निष्कर्षों को आम जीवन में अपना कर लोगों की आर्थिकी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। उन्होंने दोनों संस्थानों के बीच हुए इस करार को काफी महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने अपने शोध कार्यों को साझा किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डा. केके मिश्रा, डा. संदीप कुमार समेत एसएसजे के अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

पंपिंग योजनाओं का जायजा लेगी तीन विभागों की संयुक्त टीम

संवाददाता, गरमपानी

- चार सदस्यीय विशेष टीम को जांच का जिम्मा
- करोड़ों रुपये की लागत से हुआ योजनाओं का निर्माण

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक की चार महत्वाकांक्षी पंपिंग पेयजल योजना की जांच को संयुक्त टीम गठित कर दी गई है। संयुक्त टीम में जल निगम, जल संस्थान तथा यांत्रिक शाखा को भी को शामिल किया गया है। जल निगम की अधिशासी अभियंता पल्लवी चौधरी के अनुसार पंपिग योजनाओं से गांवों के बाशिंदों को पेयजल उपलब्ध न हो पाने के कारणों की जांच की जाएगी। अनियमितता मिलने पर कार्रवाई भी होगी।

जिला मुख्यालय में बीते दिनों विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी वंदना सिंह के आगे करोड़ों रुपये की लागत से बनी बारगल - कफूल्टा, मझेडा. - ब्यासी, धारी खैरनी तथा रिची थापल पंपिंग पेयजल योजना से गांवों के बाशिंदों को पेयजल उपलब्ध न होने का मुद्दा जोर-शोर से उठा। आरोप लगा की करोड़ों रुपये की सरकारी धनराशि खर्च किए जाने के बावजूद गांव के लोग पेयजल संकट का सामना करने को मजबूर हैं। कड़ाके की ठंड में भी दूरदराज से पानी ढोना मजबूरी बन चुका है। लगातार ग्रामीण योजना का लाभ दिए जाने की मांग उठा रहे है बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। लगातार उपेक्षा की जा रही है। जिससे गांव के लोगों में रोष भी पनपने लगा है जो जल्द ही जनआंदोलन का रुप भी ले सकता है। मामले को गंभीरता से ले जिलाधिकारी वंदना ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के आदेश पर अब विभागीय अधिकारी भी हरकत में आ गए हैं। बकायदा जांच टीम भी गठित कर दी गई है। चार सदस्यीय जांच टीम में जल निगम, जल संस्थान तथा यांत्रिक शाखा के अधिकारियों को शामिल किया गया है। जल निगम की अधिशासी अभियंता पल्लवी चौधरी के अनुसार चारों योजनाओं से गांवों के बाशिंदों को पेयजल उपलब्ध न होने की जांच कराई जाएगी। यदि जांच के दौरान योजना में अनियमितता सामने आई तो निश्चित ही कार्रवाई भी की जाएगी।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का स्वागत

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : देहरादून में रेसकोर्स स्थित ट्रांजिट हॉस्टल के सभागार में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत का स्वागत किया गया। अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत भाषण में वरिष्ठ अधिवक्ता एसडी पंत ने कहा कि श्री रावत ने बहुत कम समय में अथक परिश्रम एवं मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।

देहरादून बार ने बुधवार को ट्रांजिट कैंप ऑफीसर्स हॉस्टल में हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र सिंह रावत का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विजय बौड़ाई ने किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री बोड़ाई ने अध्यक्ष का माल्यार्पण कर उन्हें अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी और उनका स्वागत किया। बोड़ाई ने अधिवक्ताओं की समस्याओं की जानकारी अध्यक्ष रावत को दी।

जिसमें एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल, जूनियर एडवोकेट को स्टाइपेंड देने की बात भी रखी गई। अध्यक्ष श्री रावत ने आश्वासन दिया कि वो हमेशा अधिवक्ताओं के आत्मसम्मान और उनके हितों के लिए लड़ते रहेंगे।

इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जगमोहन असवाल, राहुल राजबंसी, प्रमिला रावत, दीपक गैरोला, सुरेन्द्र चितकारिया, मनोज शर्मा, मनोज मिश्रा, राजेश देवलियाल, दीपक रावत, वीके श्रीवास्तव, देवेन्द्र सामंत, रामनरेश सिंह रावत, भास्कर नेगी, राजेंद्र सिंह रावत, भानू जोशी, योगेश शर्मा, सागर पंवार आदि मौजूद रहे।

बांट माप विभाग को मिला इंस्पेक्टर

अल्मोड़ा। लंबे समय से इंस्पेक्टर समेत अनेक अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कर्मचारियों का टोटा झेल रहे बांट माप विभाग को आखिरकार अब राहत मिल गई है। विभाग में करीब छह साल के बाद इंस्पेक्टर,कनिष्ठ सहायक और प्रयोगशाला परिचर की तैनाती हो गई है। कर्मचारियों की तैनाती के बाद अब विभाग में लंबित कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। जिले के व्यापारियों को इलेक्ट्रानिक तराजू का प्रतिवर्ष और सामान्य तराजू और बांट सत्यापन दो वर्ष में एक बार कराना जरूरी है। विभाग के आंकड़ों में जिले में 3500 दुकानें हैं, लेकिन कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे विभाग के लिए घटतौली रोकने के साथ ही राजस्व वसूली के लक्ष्य को हासिल करना अब तक चुनौती भरा साबत हो रहा था, क्योंकि अब तक पिथौरागढ़ के वरिष्ठ इंस्पेक्टर के जिम्मे अल्मोड़ा जिले का भी प्रभार था। दो जिलों का प्रभार होने और काम का अधिक बोझ होने के कारण विभाग के कई महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हुए थे।

सार-संक्षेप

दुकान में शराब पिलाने वाला गिरफ्तार

बागेश्वर। झिरौली पुलिस द्वारा दुकान में शराब पिलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र सिंह पुत्र डुंगर सिंह निवासी जोशी पालड़ी थाना झिरौली जनपद बागेश्वर को अपनी दुकान ढाबे में अवैध रूप से शराब बेचने व पिलाने पर गिरफ्तार किया गया।

मौसम ने बदली करवट, बादल छाए, बूंदाबांदी हुई

बागेश्वर। जनपद में बुधवार को दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली। सुबह हल्के कोहरे के बाद धूप खिली। दोपहर बाद आसमान को बादलों ने अपने आगोश में ले लिया तथा बूंदाबांदी हुई। जिससे ठंड बढ़ गई। दोपहर बाद बादल छाने व हल्की बूंदाबांदी के कारण बाजार में सुनसानी छा गई। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार जनपद में दो दिन का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है जिससे जनता में बरसात की उम्मीद जगी है तथा किसानों को फसल में कुछ सुधार होने की उम्मीद है।

मनरेगा कर्मी की उच्च स्तरीय जांच की मांग मुखर

अल्मोड़ा। द्वाराहाट तहसील में मनरेगा कर्मी की उच्च स्तरीय जांच करने और ब्लॉक में कार्यरत मनरेगा कर्मी को हटाने की मांग को लेकर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संगठन ने तहसीलदार लीना चंद्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने कहा है कि पूर्व में प्रशासन ने मनरेगा कर्मी की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आंदोलनकारियों ने जांच नहीं करने पर 12 फरवरी से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन में अध्यक्ष मनोज अधिकारी, बीरेंद्र बजेठा, जगदीश, चंदन नेगी, धनीराम आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

कार में 4.13 ग्राम स्मैक ले जाते दो गिरफ्तार

टनकपुर। मनिहारगोठ क्षेत्र में पुलिस ने चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान दो अभियुक्तों को कार में अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त हिमांशु कश्यप निवासी वार्ड नंबर 5 नई बस्ती टनकपुर के कब्जे से 2 .08 ग्राम व अजय राम निवासी वार्ड नंबर 6 कर्मचारी कॉलोनी टनकपुर के कब्जे से 2 .05 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

जगदीश हत्याकांड में महिला की जमानत याचिका खारिज

अल्मोड़ा। जिले के सल्ट विकास खंड के बहुचर्चित जगदीश हत्याकांड मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीकांत पांडे की अदालत ने हत्याकांड की महिला आरोपी भावना देवी की जमानत याचिका खारिज की है। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि हत्यारोपी भावना देवी ने अदालत से जमानत की गुहार लगाई थी। सुनवाई के दौरान शासकीय अधवक्ता ने अदालत में साक्ष्यों के साथ छेड़खानी और भागने की आशंका जताई। इसके बाद विशेष सत्र न्यायाधीश ने आरोपी की याचिका को खारिज कर दिया है।

निरीक्षण को निकली बीईओ तो खुली स्कूलों की पोल

गरमपानी। रामगढ़ ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी गांवो में स्थित विद्यालयों के हालात देख दंग रह गई। निरीक्षण में राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौड़ा बंद मिला। जौरासी में शैक्षणिक स्तर न्यून पाया गया। बीइओ ने सख्त रुख अपनाते हुए दोनों विद्यालयों के तीन अध्यापकों के वेतन पर रोक लगा दी। बीईओ गितिका जोशी के अनुसार लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी गितिका जोशी ने अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज ढोकाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर परीक्षाओं की तैयारियों में जुटने की अपील की। कार्यक्रम के बाद बीइओ गितिका ने आसपास के गांवों में स्थित विद्यालयों को रुख किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौड़ा बंद मिला। विद्यालय में तैनात शिक्षक महेंद्र सिंह नेगी नदारद थे। गितिका के अनुसार लंबे समय से इस विद्यालय से गुरुजी के अनुपस्थित रहने की शिकायते भी मिल रही थी। प्राथमिक विद्यालय जौरासी में निरीक्षण के दौरान शिक्षण कार्य बेहद न्यूनतम स्तर का पाया गया। बीइओ ने सख्त रुख अपना जौरासी व गौड़ा विद्यालय में तैनात तीन शिक्षकों के वेतन पर रोक लगा दी।

बैठक | कार्यकर्ताओं ने सरकार पर धर्म और जातियों के नाम पर देश को बांटने का आरोप लगाया

देश को बांटने की राजनीति कर रही भाजपा : टम्टा

- सोमेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में हुई चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोमेश्वर की बुधवार को पार्टी कार्यालय में बैठक हुई।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर धर्म और जातियों के नाम पर देश को बांटने का आरोप लगाया। पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना होगा। पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा आदि पर बात तक नहीं करती। किसानों और युवाओं की समस्याओं पर भी सरकार कोई गौर नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार धर्म और जातियों के नाम पर देश को बांटने का कार्य कर रही है। साथ ही स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। टम्टा ने कहा कि भाजपा सरकार की इन जनविरोधी नीतियों के कारण राहुल गांधी की न्याय यात्रा को आज पूरे देश में अपार जन समर्थन मिल रहा है। जिसे देखकर भाजपा बुरी तरह घबरा गई है।

सोमेश्वर में आयोजित बैठक में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा व अन्य कार्यकर्ता।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह कांग्रेस की नीतियों को घर घर तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें। ताकि आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को उसकी जनविरोधी नीतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन भंडारी, राजू भट्ट, चंद्रशेखर लोहनी, हरीश आगरी, सुरेश बोरा, भीम सिंह अलमियां, डूंगर सिंह रावत, कुंदन बोरा, संतोष कुमार, प्रकाश बिष्ट, राजेंद्र बोरा, राहुल आर्या, प्रकाश खाती, पुष्पा आर्या, राजेश गिरी आदि मौजूद रहे।

सफाई अभियानों में भाग लेगा स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी में हुई गोष्ठी में तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। क्षेत्र को साफ, सुथरा रखने तथा सड़क नालियों तथा गलियों को गंदगी से मुक्त रखने का संकल्प लिया गया। बीमारियों से बचने को जागरूकता अभियान पर जोर दिया गया। चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत ने कहा की क्षेत्र को साफ सुथरा बनाए रखने में सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

सीएचसी सभागार में चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने, सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करने, कूड़ा वाहन के जरिए निस्तारण, नदियों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया।प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सतीश पंत ने कहा कि साफ सफाई से तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। गंदगी से होने वाली तमाम बीमारियों की जानकारी भी दी। व्यापार मंडल अध्यक्ष गजेंद्र नेगी ने भविष्य में चलने वाले सफाई अभियानों में बढ़-चढ़कर भागीदारी का भरोसा दिलाया। सर्वसम्मति से तय हुआ की लोगों को बिमारियों से बचाने को समय समय पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

एक नजर

एनसीएलएटी में दो न्यायिक व दो तकनीकी सदस्य नियुक्त

नैनीताल। कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय भारत सरकार की कैबिनेट कमेटी की सिफारिश पर कॉरपोरेट कार्य विभाग ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में उत्तराखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज शरद कुमार शर्मा व दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस योगेश खन्ना को न्यायिक सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 4 वर्ष के लिए की गई है। इन न्यायिक सदस्यों को प्रतिमाह 2.25 लाख रुपये वेतन देय होगा।

कॉपोरेट कार्य मंत्रालय के सचिव डॉ. मनोज गोयल की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में 2 तकनीकी सदस्य पदों पर इंदीवर पांडे, आईएएस सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय व जतीन्द्रनाथ स्वैन, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व सचिव, मत्स्य पालन विभाग को नियुक्त किया गया है। इन सदस्यों की नियुक्ति भी 4 साल के लिए हुई है। उन्हें भी 2.25 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा।

नौ सूत्रीय मांगों को मनवाने के लिए डिप्लोमा इंजीनियरों ने की नारेबाजी

चौघानपाटा के निर्माण खंड कार्यालय के बाहर एकत्र, उग्र आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने समेत नौ सूत्रीय मांगों को लेकर लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स का कार्यस्थल बहिष्कार जारी है। आंदोलन के तीसरे दिन डिप्लोमा इंजीनियर्स ने चौघानपाटा स्थित निर्माण खंड कार्यालय के बाहर नारेबाजी की।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रांतीय आह्वान पर आंदोलन के पहले चरण में कार्यस्थल बहिष्कार किया जा रहा है। अगर मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर अपर सहायक अभियंताओं की पदोन्नति करने, 2018 में भर्ती हुए कार्मिकों का स्थायीकरण किए जाने, कार्यस्थल पर मेट बेलदार की नियुक्ति करने तथा 55 साल की आयु पूरी कर चुके कार्मिकों का ऐच्छिक तबादला करने समेत सभी मांगों पर कार्यवाही करने की मांग की। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के खंडीय अध्यक्ष हेमंत पाठक ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर्स 9 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। शासन की हठधर्मिता से मजबूरन डिप्लोमा इंजीनियर्स को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। अगर मांग पूरी नहीं होती तो पूर्ण कार्य बहिष्कार के साथ ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्य बहिष्कार के दौरान खंडीय अध्यक्ष हेमंत पाठक, गणेश जोशी, गोविंद नाथ, हरीश जोशी, हेम चंद्र पंत, कैलाश रौतेला, आलोक ओली, सुरेश पौडियाल, रवि दानी आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में नौ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते डिप्लोमा इंजीनियर। ● अमृत विचार

आपत्तियों का निराकरण, पत्रावली सौंपी

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : वन अधिकार समिति बिंदुखत्ता के सदस्यों ने उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा से भेंट कर बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम को लेकर लगाई गई आपत्तियों का निराकरण कर पत्रावली पुनः सौंपी।

वनाधिकार समिति के समिति के सदस्यों ने बुधवार को उप जिलाधिकारी हल्द्वानी परितोष कुमार वर्मा से भेंट कर उन्हें राजस्व गांव की पत्रावली में लगाए गए आपत्ति के निराकरण संबंधी पत्रावली पुनः प्रस्तुत की। इसमें समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी ने आरटीआई से प्राप्त किए गए रामनगर के तीन गांवों के अलावा उत्तरप्रदेश के गोरखपुर, बहराइच, महाराजगंज में बने राजस्व ग्राम से संबंधित अभिलेखों (उपखण्ड तथा जिला स्तरीय समितियों की आख्या व साक्ष्य) का अवलोकन भी उप जिलाधिकारी को कराया। इस अवसर पर बिंदुखत्ता वनाधिकार समिति के श्याम सिंह रावत, सुरेश पांडेय, उमेश भट्ट, कविराज धामी, चंचल सिंह कोरंगा, हरेंद्र बिष्ट, बलवंत सिंह बिष्ट एवं देवेंद्र बिष्ट शामिल थे।

आपत्तियों का निराकरण कर पत्रावली उप जिलाधिकारी को सौंपते वनाधिकार समिति के सदस्य।

जल जीवन मिशन योजना के 500 पाइप चोरी, पांच दिन बाद भी नहीं लग सका पता

गरमपानी। बेतालघाट ब्लॉक के गांवों से जल जीवन मिशन योजना के सात लाख रुपये से भी अधिक के गायब हुए पाइपों का पांच दिन बीतने के बावजूद कुछ पता नहीं लग सका है। कार्यदाई कंपनी के अधिकारियों की तहरीर के आधार पर हालांकि प्रशासन ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव भारद्वाज के अनुसार पाइपों के गायब होने से योजना का कार्य भी प्रभावित हो चुका है। प्रोजेक्ट मैनेजर ने जल्द मामले के खुलासे की मांग की है। बेतालघाट ब्लॉक के ओडाब्रास्कोट तथा दाडिमा गांव में रुड़की की कंपनी जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य कर रही है। पाइप लाइन बिछाने के साथ ही टैंको के निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। बीते दिनों कंपनी ने गांव में लगभग सात लाख रुपये लागत के पांच सौ से भी अधिक लोहे के पाइप भिजवाए। निर्माण कार्य के दौरान जब श्रमिकों को पाइपों की जरुरत पड़ी तो श्रमिक पाइप लेने उस जगह पहुंचे जहां पाइप उतारे गए थे। श्रमिक मौके पर पहुंचे तो पाइप गायब हो चुके थे। घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सड़क सुरक्षा प्रबंधन और सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में दी जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवहन विभाग ने भीमताल के ग्राफिक इरा हिल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत स्कूल बस चालकों और सहायकों को विभाग की ओर से तैयार की गई स्कूल बस ड्राइवर सहायक हैंड बुक का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में 150 लोगों ने प्रतिभाग किया। परिवहन विभाग ने हैंड बुक को विशेष तौर पर चालकों और सहायको के लिये तैयार किया गया है। परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद आर्या ने चालक व सहायक की भूमिका और कर्तव्य सड़क सुरक्षा प्रबंधन और सुरक्षा प्रक्रियाओं और स्कूली प्रबंधन से संबंधित कानून व कानूनी उपकरणों की जानकारी दी। इसके साथ ही सड़क पर सुरक्षित संचालन के लिये रक्षात्मक ड्राइविंग के टिप्स भी बताये गए। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के संबंध में पंपलेट भी बांटे गए।

परिवहन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

एनएचपीसी पावर चैनल में जल रिसाव से हड़कंप

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : टनकपुर जल विद्युत परियोजना के एनएचपीसी पावर चैनल में करीब आधा दर्जन स्थानों पर जल रिसाव से एनएचपीसी प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। पावर चैनल के गांव सैलानीगोठ के नई बस्ती क्षेत्र में जल रिसाव होने से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

इधर एनएचपीसी प्रबंधन पावर चैनल में जगह-जगह हो रहे जल रिसाव को रोकने में जुट गई है। साथ ही एनएचपीसी ने जल रिसाव जानने के लिए विशेषज्ञ गोताखोरों की टीम भी बुला ली है। बताया जाता है कि मंगलवार की रात्रि को टनकपुर से करीब 5 किलोमीटर दूर एनएचपीसी पावर चैनल के सैलानीगोठ गांव से लगे नई बस्ती क्षेत्र में करीब आधा दर्जन स्थानों पर जल रिसाव होने लगा। बुधवार को सुबह जब ग्रामीण जागे तो जगह-जगह जल रिसाव होने से क्षेत्र में अपरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर एनएचपीसी प्रबंधन के अधिकारी कर्मचारियों के साथ घटना क्षेत्र में पहुंचे जहां उन्होंने मौका मुआयना किया। बताया जाता है कि इससे पहले भी पावर चैनल से जल रिसाव हो चुका है। इधर एनएचपीसी के महाप्रबंधक राजिल व्यास ने बताया कि पावर चैनल के कई हिस्सों में जल रिसाव हो रहा है उसकी रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जल रिसाव को बंद कर कर दिया जाएगा। फिलहाल यहां हो रहे जल रिसाव से विद्युत उत्पादन कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है। इधर टनकपुर के एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि पावर चैनल से हो रहे रिसाव चार से पांच लीटर प्रति सेकंड की गति से हो रहा है इसलिए इससे कोई खतरा नहीं बना है। यहां बता दें कि टनकपुर जल विद्युत परियोजना का निर्माण वर्ष 1992 में हुआ था। करीब 120 मेगावाट क्षमता वाली इस परियोजना से उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान, दिल्ली को बिजली आपूर्ति की जाती है।

एनएचपीसी पावर चैनल रिसाव से गांव को बहता पानी। ● अमृत विचार

अधिक रिसाव हुआ तो खनन कार्य भी हो सकता है प्रभावित

टनकपुर। एनएचपीसी के पावर चैनल में पानी का अधिक रिसाव हुआ तो शारदा नदी के डाउनस्ट्रीम में हो रहे खनन कार्य भी प्रभावित हो सकता है। इस समय शारदा नदी के डाउनस्ट्रीम में खनन निकासी हो रहा है। पावर चैनल में अधिक पानी रिसाव होने की स्थिति में एनएचपीसी प्रबंधन को पावर चैनल गेट बंद कर अन्य गेटों से पानी को छोड़ना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में खनन निकासी कार्य बंद तो होगा ही साथ ही शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम स्थित खनन क्षेत्र में परिवारों के साथ रह रहे सैकड़ो श्रमिकों को भी दिक्कतें उठानी पड़ सकती है।

उत्तर प्रदेश

डांस कर रही युवतियों का वीडियो बनाने पर दो पक्षों में हुई मारपीट

संवाददाता, बरखेड़ा

अमृत विचार : नामकरण संस्कार की दावत में डांस कर रही युवतियों का मोबाइल से वीडियो बनाने पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। गाली-गलौज से शुरू हुए विवाद में कुछ ही देर में पत्थर भी चल गए। घटना के दोनों तरफ के छह लोग घायल हुए। पुलिस क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव ललौरगुजरानपुर में सत्यवीर के परिवार में नामकरण संस्कार की दावत थी, जिसमें काफी लोग आए थे। डीजे पर परिवार की महिलाएं-युवतियां डांस कर रही थीं। इसी बीच गांव के ही कुछ युवकों ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसका ऐतराज जताने पर गाली गलौज हो गई। कहासुनी के बाद मामला मारपीट में तब्दील हो गया। जमकर लाठी डंडे चले और पत्थर भी एक दूसरे पर फेंके गए। दावत में भगदड़ सी मच गई। घटना में एक पक्ष से सत्यवीर, रामगोपाल, तेजपाल, रामचंद्र, सुशीला देवी जबकि दूसरी तरफ से कुंवरसेन को चोट आई है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि दावत के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

शर्मनाक

- नामकरण संस्कार की दावत में गांव के युवकों पर आरोप
- जमकर लाठी डंडे चले और पत्थर भी एक दूसरे पर फेंके

लापरवाही पर दो अधिशासी अभियंता निलंबित

बरेली। लक्ष्य के अनुसार वसूली न कर सकने और काम में लापरवाही बरतने पर शाहजहांपुर के दो अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इससे जोन के अन्य अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बकाया बिल वसूली में तेजी लाने को लेकर पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल लगातार निर्देश दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को पिछले साल की तुलना में 25 तो ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को 50 प्रतिशत अधिक वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाई जा रही है। लक्ष्य के अनुसार वसूली न होने और अन्य कामों में लापरवाही करने पर शाहजहांपुर में तैनात अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार और कर्म सिंह को एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने निलंबित कर दिया है। अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बताया कि काम में लापरवाही करने पर दोनों अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई की गई है। अन्य अधिकारी भी लापरवाही करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब से चलने से यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 13 घंटे 58 मिनट प्रभावित रही जनसाधारण एक्सप्रेस

अमृत विचार : लंबी दूरी की ट्रेनों की प्रतीक्षा के बाद लोग यात्रा का माध्यम बदलने को मजबूर हैं। बुधवार को जनसाधारण, लिंक एक्सप्रेस, उपासना और गरीब नवाज के यात्रियों को अपना कार्यक्रम बदलना पड़ा। दोपहर बाद सीआईटी और स्टेशन मास्टर कक्ष में कई यात्री आए और टिकट निरस्त कराया। रेल प्रबंधन ट्रेनों के विलंब को लेकर कुछ भी स्पष्ट बोलने को तैयार नहीं है।

स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि लंबी दूरी की ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। कोहरा पर किसी का नियंत्रण नहीं है। संरक्षा कारणों से रात में ट्रेनों की गति नियंत्रित कर दी गयी है। उधर, दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने के बाद रेलवे के परिचालन विभाग के जिम्मेदारों के चेहरे पर तनाव देखा गया। स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि मौसम अचानक खराब हो गया। इसका प्रभाव ट्रेनों की समयबद्धता पर पड़ेगा। साधारण श्रेणी के यात्रियों की गाड़ी जनसेवा एक्सप्रेस का बुरा हाल है।

सुबह के समय यह गाड़ी 15 घंटे 46 मिनट की देरी से चल रही थी। रात में 13:58 मिनट देरी से यहां पहुंची। उधर, सरयू-यमुना 3 घंटे 52 मिनट, गंगा-सतलुज 6 घंटे 18 मिनट, दुर्गियाना 2 घंटे 30 मिनट, चंडीगढ़ मेल 3 घंटे 4 मिनट और काठगोदाम जनशताब्दी 2 घंटे 12 मिनट की विलंब से आई। धार्मिक नगरी कामाख्या से चलने वाली कामाख्या एक्सप्रेस 3 घंटे 5 मिनट की देरी से चल रही है। देहरादून से सूबेदारगंज के बीच चलने वाली लिंक एक्सप्रेस के यात्री 4 घंटे 50 मिनट से ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं।

अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया।

मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इस सूची में सपा ने डिंपल यादव को फिर से मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

कोर्ट के आदेश पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- लापता युवक का शाहजहांपुर में शव मिलने का मामला

अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने नगर की एक महिला की ओर से हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला ग्यासपुर निवासी सुशीला देवी पत्नी स्व. रमेश कश्यप ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पुत्र दीपक के पास पांच मार्च 2023 की रात करीब 10 बजे पटेल नगर कॉलोनी निवासी महेश सिंह चौहान के पुत्र चंचल का फोन आया। बेटा यह बताकर गया कि चंचल व राहुल उसे बुला रहे हैं। वह थोड़ी देर में लौट कर आ जाएगा। बेटा जब काफी देर तक घर लौटकर नहीं आया तो उसने फोन से संपर्क करना चाहा, लेकिन नहीं हो सका। दूसरे दिन छह मार्च को सुबह बीसलपुर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने गई। मगर पुलिस ने रिश्तेदारी में पुत्र को तलाश करने की बात कहकर लौटा दिया। इसके बाद सात मार्च की दोपहर ढाई बजे शाहजहांपुर जिले के रोजा स्टेशन से जीआरपी के दरोगा ने फोन करके बताया कि उनके पुत्र का शव क्षेत्र में मिला है। रोजा स्टेशन से आधा किलोमीटर दूर पुत्र का शव वहां की पुलिस ने बरामद किया। पोस्टमार्टम होने के बाद तहरीर दी गई, लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी गई। 26 जुलाई 2023 को एसपी को भी डाक से पत्र भेजा। उसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई। तब जाकर न्यायालय की शरण ली गई। महिला ने बताया कि मृत्यु से पूर्व उनके बेटे ने पुत्री भगवती को बताया था कि वह ऑटो में बैठा है। चंचल व राहुल के साथ बरेली आया है। महिला ने उक्त दोनों युवकों द्वारा पुत्र की हत्या कर देने की आशंका जताई। एसएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

विवाह बिलासपुर में आधा घंटा रुके मुख्यमंत्री, वर-वधू के साथ मंच पर बिताए 10 मिनट

कृषि राज्यमंत्री के पुत्र और पुत्रवधू को योगी ने दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बिलासपुर

- कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह के पुत्र की रिसेप्शन पार्टी में पहुंचे
- मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग उत्साहित नजर आए

अमृत विचार : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार दोपहर 2:10 बजे कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र गुरकीरत सिंह औलख की रिसेप्शन पार्टी में पहुंचे। यहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। पूरे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मीडिया से दूरी बनाए रखी।

बिलासपुर में मंगलवार शाम मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम मिलने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया था। बुधवार को हाईवे पर नवीन मंडी के निकट से उत्तराखंड व नगर की ओर आने वाले वाहनों को बदले मार्ग से गुजारा गया। हाईवे पर ही एक कॉलोनी में बनाए गए हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर करीब दो बजकर 10 मिनट पर उतरा। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के आवास के सामने पंडाल में बनाए गए वीआईपी व अन्य गेट पर आमंत्रित किए गए लोगों को अंदर एंट्री मिली। हेलीपैड पर हेलीकाप्टर उतरने के बाद कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोग उत्साहित नजर आए। जैसे ही मुख्यमंत्री ने एंट्री की लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। मुख्यमंत्री ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने गुरकीरत सिंह औलख व पुत्रवधू सुप्रीत कौर को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री केवल 10 मिनट कार्यक्रम स्थल पर रुकने के बाद राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के आवास पर पहुंचे और अन्य परिजनों से मिले। मुख्यमंत्री इस दौरान करीब आधा घंटे रुकने के बाद कार से हेलीपैड के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी आदि मौजूद रहे।

बिलासपुर में कृषि राज्यमंत्री के पुत्र और पुत्र वधू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

बोर्ड परीक्षा में न चलेगा व्यवस्थापकों का बहाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गड़बड़ी पकड़े जाने पर कहते थे हमें किसी ने नहीं दी थी जानकारी

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संचालित करने में इसबार केंद्र व्यवस्थापकों किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। वे तकनीकि रूप से प्रशिक्षित न होने का बहाना करके कापी, पेपर, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती से लेकर सीसीटीवी कैमरा के खराब संचालन के मामले से बच निकलते थे। मगर, इसबार उन्हें मास्टर ट्रेनर के जरिए प्रशिक्षण देकर सरकार दक्ष बना रही है, ताकि नकल की कोई गुंजाईश न रहे। हालांकि परीक्षा के दौरान कैमरे की आडियो खराब बताकर बोलकर नकल कराने के तमाम मामले सामने आते रहे हैं।

इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से ट्रेन्ड किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी एक से एक बारीक बातों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि इस बार भी बोर्ड परीक्षा में कुछ नए इनीशिएटिव्स लिए जा रहे हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है।

कुलपति प्रो. लाल की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज

प्रयागराज। पूर्व भाजपा नेता की हत्या के प्रयास के मामले में जेल में निरुद्ध शुआट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरबी लाल की दूसरी जमानत अर्जी भी जिला न्यायालय से खारिज हो गई।

बता दें कि इसके पहले भी सत्र न्यायालय से उनकी जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। उनके खिलाफ भाजपा नेता ने नैनी थाने में हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार सुबह साढ़े छह बजे वह टहलने के लिए अरैल बांध रोड पर आए थे। उनके साथ दोस्त सर्वेंद्र विक्रम सिंह भी थे। लौटते वक्त कुलपति आरबी लाल फॉर्च्यूनर गाड़ी से अपने दो साथियों के साथ आये और हत्या की नीयत से उसके दो साथियों नेता पर फायरिंग की, जिसमें दिवाकर और उसके साथी सर्वेंद्र बाल-बाल बच गए। इसी मामले में आरबी लाल को गिरफ्तार किया गया है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

▸▸ सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर

राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,450
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	73,700।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 84-86 मसूरी 65 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**-काला चना 96-116 साबुत चना दाल 62-64 मूंग साबुत 94 राजमा 180-202 दाल उड़द 115-118 साबुत मसूर दाल 71-72 मसूर दाल 70-73 उड़द साबुत 96-116 काबुली चना 115-165 अरहर साबुत 105-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी-77-81 सोयाबीन 41-42 मूंगफली 75-77 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 25 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपए चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

देश के केंद्रीय बजट 2024 से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ संगठन ने कहा-सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला है क्षेत्र

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने देश के केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है।

महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है। 11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।

एक नजर

खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन

मुंबई। शिवसेना विधायक अनिल बाबर का बीमारी के कारण बुधवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबर ने सांगली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक एवं करीबी सहयोगी और राज्य के लोगों ने एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि खो दिया है। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापूर-अटपाडी से विधायक थे।

राष्ट्रीय

सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा-उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली, अमृत विचार: संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि

अमृत विचार : बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, सात की मौत

बारामूला। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से सात यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी के बोनियार इलाके में एक यात्री वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण-कश्मीर) रवींद्र पॉल सिंह ने बताया कि इस हादसे में सात लोगों की जान चली गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि शव बरामद कर लिये गये हैं तथा कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बारामूला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

दुष्कर्म के आरोपों पर एम्स के चिकित्सक तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक चिकित्सक को साथी महिला चिकित्सक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तलब किया और कहा कि मौजूद साक्ष्य मामले को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रथम दृष्टया पर्याप्त' हैं।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ हौज खास थाने में डॉ. दीपक गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धाराओं 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 313 (महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थीं। मजिस्ट्रेट ने कहा-मैंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत चालान और दर्ज बयान व साक्ष्यों को देखा है और प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी चीजें मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने 23 जनवरी को एक आदेश में कहा-सभी चीजों को देखते हुए मैंने आरोपी के खिलाफ भादंसं की धाराओं के अंतर्गत अपराध पर संज्ञान लिया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

पटना, एजेंसी

▸▸ राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।



केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

कोच्चि। केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी (घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

चंडीगढ़, एजेंसी

महापौर का चुनाव

▸▸ हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।

टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय

विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने विष्णु सरवनन

विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस खेलों में बनाई जगह

एडीलेड, एजेंसी

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के विष्णु सरवनन ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

एशियाई खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे

सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा। सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका एडीलेड सेलिंग क्लब में प्रतिस्पर्धा कर रहे खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। रेस इतनी कड़ी थी कि सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है। सरवनन इससे पहले दिसंबर में थाईलैंड एशियाई चैंपियनशिप के जरिये ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और इस झटके से उबरकर आगे बढ़े थे।

मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना

साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

भारतीय बल्लेबाजों ने स्वीप-रिवर्स स्वीप के अभ्यास में बहाया पसीना

पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं मारा था यह शॉट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य किसी भारतीय बल्लेबाज ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में स्वीप शॉट नहीं लगाया था। इंग्लैंड यह टेस्ट 28 रन से जीता था। यह भारतीय टीम की 2013 के बाद से घरेलू मैदान पर सिर्फ चौथी हार थी।इंग्लैंड ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया था।

नेट सत्र में लय तलाशते दिख शुभमन

दोपहर में नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। गिल ऐसे खिलाड़ी है जिसके पास लगभग सभी शॉट्स हैं लेकिन पहले मैच में जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक होने पर उनकी आलोचना हुई। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम के बल्लेबाज हर गेंद पर स्वीप नहीं कर रहे थे लेकिन हैदराबाद के नेट सत्र की तुलना में यह काफी अधिक था। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। वह और पाटीदार दोनों स्लिप में कैच का अभ्यास भी कर रहे थे।

अपनी ताकत अनुसार चाहिए खेलना

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। स्वीप और रिवर्स स्वीप ऐसी चीज नहीं है जिसे आप आजमा सकते हैं। इसका अभ्यास करने की जरूरत है। आपके पास अधिक शॉट हैं तो वह फायदेमंद है। हम पारंपरिक तरीके से खेलते हैं। हमारी ताकत सीधे बल्ले से खेलना और अपने पैरों का उपयोग करना है। हमें इसे अच्छी तरह से करने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट सुबह टीम के सत्र में रिवर्स स्वीप के अभ्यास से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में तैयार हुए।

सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला

विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

खेल डायरी

किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।

भारतीय मैदान विकेट कीपरों के लिए चुनौती

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड के बेन फोक्स का कहना है कि भारतीय विकेट विकेटकीपरों के लिए सबसे कठिन हैं क्योंकि उन्हें लगातार सुधार की आवश्यकता होती है और गलतियों से निपटने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होने की भी जरूरत होती है। 11 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे फोक्स ने हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को स्टंप किया था। फोक्स ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड के बाहर काफी विकेटकीपिंग की है लेकिन अधिक उछाल के कारण भारतीय पिचों पर विकेटकीपिंग सबसे मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अगला मैच कड़ा होने वाला है।

एशियन लीजेंड्स लीग में चमक बिखेरेंगे 5 देशों के दिग्गज

क्रिकेट

नई दिल्ली। भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेट सितारे 13 मार्च से शुरु होने वाली एशियन लीजेंड्स लीग में अपनी चमक बिखेरेंगे। वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप ने बुधवार को एशियन लीजेंड्स लीग के उद्घाटन संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। लीग कमिश्नर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने सीजन के लिए अपने आईकन खिलाड़ियों के साथ पांच फ्रेंचाइजी के नामों की भी घोषणा की। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान जहां इंडियन रॉयल्स टीम का हिस्सा बने, वहीं पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान पाकिस्तान स्टार्स के लिए मैदान में उतारेंगे। इसी तरह श्रीलंका लायंस ने पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को अपने साथ जोड़ा है, जबकि अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान उद्घाटन संस्करण के लिए अफगानिस्तान पठान्स टीम में शामिल हुए हैं। मोहम्मद अशरफुल को बांग्लादेश टाइगर ने अपने आईकन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया है। चेतन शर्मा ने कहा कि एशियन लीजेंड्स लीग एक अनोखा टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के पांच शीर्ष देशों के कुछ सबसे बड़े नाम एक बार फिर वर्चस्व की लड़ाई में भाग लेते हुए दिखेंगे। एक क्रिकेटर के रूप में, जब खेलते हैं तो बहुत गर्व महसूस होता है। लेकिन ऐसी लीगों में देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की अनुभूति होती है।

सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव

जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

मयंक को अस्पताल से मिली छुट्टी

अगरतला, एजेंसी

कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया।

मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

बॉलीवुड हलचल

रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें

रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।



वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर

बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

जैकलीन फर्नांडिस : अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

मोनिका बेदी : 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

ममता कुलकर्णी : ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

रिया चक्रवर्ती : सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

सोनाली बेंद्रे : सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

श्वेता बसु प्रसाद : मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

49 साल की हुईं अभिनेत्री प्रीति जिंटा

अभिनेत्री प्रीति जिंटा बुधवार को 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने कॅरिअर की शुरुआत 1998 में मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इसके लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इसमें प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इके पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद दिल चाहता है प्रीति जिंटा के कॅरिअर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई, वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा भी खूब पसंद की गई। वर्ष 2005 में सलाम नमस्ते, 2006 में कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की मिसाइलों का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपनी जवाबी और रणनीतिक हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया और जापान पर रणनीतिक दबाव बनाने के लिए उत्तर कोरिया का यह नवीनतम परीक्षण है। दक्षिण कोरिया की सेना ने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में उत्तर कोरिया की ओर से कई क्रूज मिसाइलें दागने का पता लगाया था, इसके एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया में यह खबर आई। उत्तर कोरिया की ओर से इस माह यह तीसरा प्रक्षेपण है।

रूस ने यूक्रेन के साथ की 195 युद्धबंदियों की अदला-बदली

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन ने 195-195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। मंत्रालय ने बताया कि यह अदला-बदली बुधवार को की गई। इस घोषणा से एक सप्ताह पहले रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेनी बलों ने यूक्रेनी युद्धबंदियों को ले जा रहे सेना के एक परिवहन विमान को मार गिराया। इन युद्धबंदियों की रूस के युद्धबंदियों से अदला-बदली की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से दागी गईं मिसाइलों ने 24 जनवरी को रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में विमान को मार गिराया। यूक्रेन की सीमा से लगते बेलगोरोद में स्थानीय प्राधिकारियों ने बताया था कि इस घटना में विमान में सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गई जिसमें चालक दल के छह सदस्य और रूस के तीन सैनिक शामिल थे।

होमलैंड सिक्योरिटी ने मयोरकास के खिलाफ किया वोट

वाशिंगटन। अमेरिकी हाउस रिपब्लिकन की होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी ने कानून का पालन करने से जानबूझकर और प्रणालीगत इनकार करने और मैक्सिको सटी सीमा से होने वाले अवैध अप्रवास मामले से निपटने में सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए होमलैंड सिक्योरिटी सचिव एलेजांद्रो मायोरकास पर महाभियोग चलाने के लिए सफलतापूर्वक मतदान किया। कमेटी के चेयरमैन मार्क ग्रीन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मायोरकास ने जानबूझकर और व्यवस्थित रूप से कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का पालन करने से इनकार कर दिया है और कांग्रेस तथा अमेरिकी जनता के विश्वास को तोड़ा है।

भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी मामले में नौ साल जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में मंगलवार को एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के मामले में नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। अदालती दस्तावेजों के अनुसार घरेलू स्वास्थ्य कंपनी श्रृंग होम केयर इंक (श्रृंग) के मालिक एवं संचालक मिशिगन निवासी 43 वर्षीय योगेश के. पंचोली से दवाओं की बिक्री का अधिकार छीन लिया गया था बावजूद इसके पंचोली ने कंपनी के अपने स्वामित्व को छिपाने के लिए दूसरों के नाम, हस्ताक्षर और व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग करके श्रृंग को खरीदा।

पर्ड्यू विवि के छात्र की मौत में कुछ भी संदेहास्पद नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय हवाई अड्डे के नजदीक मिले भारतीय मूल के छात्र नील आचार्य के शव पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को चोट का कोई निशान नहीं मिला है और न ही मामले में किसी अनहोनी की आशंका है। मृत्यु समीक्षक (कॉरनोर) कार्यालय ने यह जानकारी दी।

▸▸ **रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था नील आचार्य का शव**

आचार्य का शव रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था और पुलिस को पूरे प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया था। द लफायेट्टे जर्नल एंड कुरियर अखबार ने खबर दी कि सोमवार के पोस्टमॉर्टम के बाद भी आचार्य की मौत पहेली बनी हुई है। टिप्पेकैनोई काउंटी के मृत्यु समीक्षक कैरी कॉस्टेलो ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों को आचार्य के शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मौत के पीछे किसी अनहोनी की आशंका नहीं है। मौत के प्राथमिक कारणों की जानकारी विषविज्ञान जांच के नतीजे से मिलेगी जिसकी रिपोर्ट आने में छह सप्ताह का समय लगेगा।

नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहों की हमारी अपनी दुनिया के अलावा और भी अनेकों संसार हैं, जो अनोखे ही नही दुर्लभ भी हैं। नासा ने हाल ही में छः ग्रहों वाले सौर परिवार की खोज की है। इस खोज को दुर्लभ खोज माना जा रहा है, जहां भविष्य में जीवन की संभावना जताई जा रही हैं।

यह खोज अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की टीइएसएस टेलीस्कोप द्वारा हुई है। इस सौर मंडल का सूर्य अभी युवा है। खास बात यह है कि इसका व्यवहार बिल्कुल बच्चों जैसा है, जो अठखेलियां करता प्रतीत होता है। इसका नाम टीओआई-1136 दिया गया है। नासा का मानना है कि यह ग्रह प्रणाली ग्रहों के निर्माण से संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान कर सकती है साथ ही तारे के चारों ओर ग्रह कैसे बनते और विकसित होने की जानकारी दे सकते हैं। बड़ी बात यह है कि खगोलविदों को 4 अरब साल पहले की हमारे ब्रह्मांडीय विकास की जानकारी मिल सकती है। यह सौर मंडल पृथ्वी से लगभग 270 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विजिटिंग प्रोफेसर तारा फेदरॉल्फ़ का कहना है कि नया सौर मंडल हमारे सौर मंडल के समान हो सकता है, जो हमें बहुत कुछ जानकारी दे सकता हैं। इस खोज के प्रारंभिक अध्ययन में कई दूरबीनों से अवलोकन किया गया। जिससे ग्रहों के द्रव्यमान, उनकी कक्षाओं के आकार और यहां तक कि उनके वायुमंडल की विशेषताओं का पता लगाया गया।



नासा द्वारा खोजे गए नए सौर परिवार की तस्वीर।

कई तरह की समानताएं हैं दोनों सौर मंडल के ग्रहों में

छह ग्रहों की यह दुनिया हमारे सौर मंडल के ग्रहों से मेल खाती हैं। एक ग्रह की चौड़ाई पृथ्वी से दोगुनी है, जबकि इसके अन्य ग्रह हमारे ग्रह के आकार से चार गुना बड़े हैं। साथ ही बर्फ के ग्रह हमारे यूरेनस और नेपच्यून के आकार के बराबर हैं। इसके ग्रह 88 पृथ्वी दिनों से भी कम समय में एक चक्कर पूरा करते हैं। इससे पता चलता है कि इस सौर मंडल के ग्रह अपने तारे के बेहद नजदीक मौजूद हैं।

मलेशिया के 17वें राजा के रूप में इस्कंदर ने ली शपथ

कुआलालंपुर। मलेशिया के जोहोर राज्य पर शासन करने वाले अरबपति सुल्तान ने क्रमगत बदलाव वाली राजशाही व्यवस्था के तहत देश के 17वें राजा के रूप में शपथ ली।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर (65) ने महल में पद की शपथ ली। उन्होंने अन्य शाही परिवारों, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और कैबिनेट सदस्यों की मौजूदगी में एक समारोह में शपथ से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये। बाद में राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक, सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट से लेकर दूरसंचार और बिजली संयंत्रों तक एक व्यापक व्यापारिक साम्राज्य है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की जेल

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला: सरकारी पद पर रहने से 10 साल तक के लिए प्रतिबंधित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही मंगलवार को सरकारी गोपनीयता अधिनियम उल्लंघन मामले में एक विशेष अदालत ने खान (71) को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी।

नई सजा सुनाए जाने से आम चुनाव से सत्ता में लौटने की उनकी कोशिश को एक और झटका लगा है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई की। अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है और प्रत्येक पर 78.70-78.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बुशरा बीबी बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। सुनवाई की शुरुआत में न्यायाधीश बशीर ने खान से पूछा कि क्या उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह बयान दर्ज कराएंगे। खान ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है, मुझे केवल सुनवाई के लिए उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में न्यायाधीश ने जुलाई 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भी दोषी ठहराया था।

सजा सुनाते समय अदालत ने धोखा दिया: इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को जवाबदेही अदालत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बजाय उन्हें और उनकी पत्नी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है क्योंकि मुझे केवल सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह अपना बयान दर्ज कराएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले सिफर मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा, आप जल्दी में क्यों हैं? कल भी, जल्दबाजी में सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि मेरे वकील अभी तक यहां नहीं आए हैं। जब वे आएंगे तो मैं उन्हें बताने के बाद बयान दर्ज कराऊंगा। खान ने कहा कि वह केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अदालत में उपस्थित हुए हैं। इस पर खान से कहा गया कि वह तुरंत अपना बयान दर्ज कराएं और अदालत का समय बर्बाद न करें। इसके बाद खान अदालत कक्ष से बाहर निकल गए, जिसके बाद अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को उनकी अनुपस्थिति में सजा सुनाई। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

नामांकन खारिज करने को इमरान ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी के आम चुनाव में पंजाब प्रांत में दो नेशनल असेम्बली सीट पर अपना नामांकन पत्र खारिज कर दिये जाने को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। प्रांत के लाहौर एवं मियांवाली जिलों में नेशनल असेम्बली की दो सीट पर पिछले महीने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सुप्रीमो खान के नामांकन पत्रों को 'नैतिक आधार पर एवं तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिये जाने के कारण' खारिज कर दिया गया था। खान ने नामांकन पत्रों को खारिज किये जाने के खिलाफ इस माह के प्रारंभ में लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने निर्वाचन अधिकारी एवं अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसलों को सही करार देते हुए खान की याचिका खारिज कर दी थी। खान ने याचिका में शीर्ष अदालत से उन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए पात्र घोषित करने की अपील की है। अर्जी में कहा गया है कि अनुच्छेद 63(1)(एच) के तहत अयोग्य घोषित करने की अधिसूचना अनुचित है।

अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में हुती की मिसाइल को मार गिराया

यरुशलम, एजेंसी

अमेरिकी नौसेना के विध्वसंक पोत ने लाल सागर में यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा दागी गई पोत रोधी मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया। यह इस समुद्री मार्ग पर अमेरिकी गश्ती बल को निशाना बनाकर किया गया नवीनतम हमला है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि हमला मंगलवार देर रात आर्ले बर्क श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रावैली को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है। हुती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बुधवार सुबह जारी बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इसे फिलिस्तीनी लोगों के उत्पीड़न के लिए जीत और देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता की प्रतिक्रिया बताया।

हुती विद्रोही पूर्व में भी बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते रहे हैं, जबकि उनकी मिसाइलें कभी-कभी जमीन पर नष्ट हो जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहती हैं। हुती विद्रोहियों ने सोमवार को भी बिना किसी सबूत के दावा किया था कि उसने यूएसएस लुईस बी. पुलर को निशाना बनाया है। यह पोत नौसेना सील और अन्य के लिए तैरते आधार के तौर पर काम करता है। हालांकि, अमेरिका ने दावे को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। हुती विद्रोहियों ने शुक्रवार को भी व्यापारिक जहाज पर मिसाइलें दागी थी जिसकी वजह से आग लग गई थी।

17 फरवरी तक अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

मॉस्को। यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हुती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले कहा कि लाल सागर में दु:खद सुरक्षा चुनौती, हुतियों के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय होगा। सभी सदस्य देश भाग लेने के इच्छुक नहीं होंगे, लेकिन मुझे आशा है कि कोई भी बाधा नहीं डालेगा।

हुती विद्रोहियों से निपटने के लिए पोत भेजन को तैयार ब्रिटेन

लंदन। ब्रिटेन हुती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों से जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाल सागर में एक विमानवाहक पोत भेजने की तैयारी कर रहा है। द टेलीग्राफ अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन की नौसेना अमेरिका लौटने पर अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस इवाइट आइजनहावर को बदलने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट में बताया है कि ब्रिटेन के पास एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ जैसे दो विमानवाहक पोत हैं, जिन्हें एफ-35 लड़ाकू विमान ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भी कहा गया है कि यदि इस क्षेत्र में तैनात किया जाता है तो एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स अपना पहला लड़ाकू अभियान चलाएगा।

खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर इजराइली सेना ने हमला किया

गाजा, एजेंसी

इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर हमला किया। सरकारी फिलिस्तीन टीवी ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा कि इजराइली बलों ने मंगलवार को अस्पताल की बाहरी दीवार को ध्वस्त कर दिया और विस्थापित लोगों तथा चिकित्सा कर्मियों को परिसर तुरंत खाली करने के लिए कहा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों में अस्पताल के आसपास तीव्र इजराइली गोलाबारी देखी गई थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही सैकड़ों फिलिस्तीनियों को क्षेत्र से विस्थापित होना पड़ा था। अल-अमल अस्पताल में खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की ओर से की जा रही गोलीबारी के कारण हजारों फिलिस्तीनियों ने शरण ली है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि अल-अमल अस्पताल पर कोई हमला नहीं हुआ है। इसमें प्रवेश नहीं हुआ है या बंदूक की नोक पर लोगों को छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। समिति ने कहा कि अस्पतालों के आसपास के इलाकों सहित घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में चल रही शत्रुताएं सबसे कमजोर समूहों, जैसे चिकित्सा टीमों, मरीजों, घायलों, बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन को खतरे में डालती हैं।

आज मिस्र जाएगा हमास का प्रतिनिधिमंडल

गाजा। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित बैठक के दौरान गाजा पट्टी में संघर्ष विराम पर रूपरेखा के समझौते पर चर्चा करने के लिए बुधवार को मिस्र का दौरा करेगा। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मिस्र की जनरल इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ राजधानी काहिरा में बैठक करेगा। मिस्र में होने वाली बैठक में पेरिस बैठक के नतीजों पर चर्चा होगी, जिसमें गाजा में युद्धविराम के लिए कई चरणों की रूपरेखा तैयार की गई थी। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह ने घोषणा की थी कि पेरिस बैठक में प्रस्ताव मिला है, जिसमें गाजा में हिंसा को रोकना और इजराइली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पर हमारा रूख गाजा के खिलाफ इजराइली आक्रामकता को रोकने और गाजा पट्टी से सेना को वापस लेने पर आधारित होगी।

कोकीन की तस्करी के मामले में भारतीय दंपति को जेल

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक दंपति को वाणिज्यिक विमानों के जरिए ऑस्ट्रेलिया में आधा टन से अधिक कोकीन की तस्करी का दोषी पाए जाने के बाद 33-33 साल की सजा सुनाई गई। दोनों पति-पत्नी पर फरवरी 2017 में भारत के गुजरात में अपने गोद लिए हुए बेटे गोपाल सेजानी (11) और एक रिश्तेदार की हत्या का भी आरोप है और भारत ने उन्हें प्रत्यर्पित किए जाने का अनुरोध किया है।

▸▸ **गोद लिए बेटे और रिश्तेदार की हत्या में भी हैं आरोपित**

राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने मई 2021 में सिडनी में 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी थी जिसके बाद एजेंसी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में ईलिंग की आरती धीर (59) और कवलजीतसिंह रायजादा (35) की संलिप्तता का पता लगाया था। जांच के अनुसार बक्सों की आड़ में विमान से मादक पदार्थ भेजने के पीछे इस दंपति का हाथ था। रायजादा की अंगुलियों के निशान धातु के उपकरणों के उन बक्सों पर मिले थे जिनमें से मादक पदार्थ जब्त किए। धीर और रायजादा को 21 जून 2021 को हनवेल में उनके घर से गिरफ्तर किया गया था। दोनों पर गुजरात में फरवरी 2017 में अपने गोद लिए 11 वर्षीय बेटे गोपाल सेजानी और रायजादा के जीजा हरसुखभाई करदानी की हत्या का आरोप भी है।

राजनयिकों ने देखा बीएपीएस मंदिर...

अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में अब एक महीने से कम का समय शेष है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने दुनियाभर के कई राजनयिकों की यहां मेजबानी की। वे सभी मंदिर की वस्तुकला और जटिल रूपांकनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

जापान के थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट, लगी आग

टोक्यो। जापान के मध्यवर्ती आइची प्रान्त में एक थर्मल पावर स्टेशन में बुधवार को विस्फोट हो गया, जिसके बाद घटनास्थल पर आग और काला धुआं उठता देखा गया। यह विस्फोट अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स इंक और चुबु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के संयुक्त उद्यम, जेरा कंपनी द्वारा संचालित संयंत्र में यह हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग और अधिकारियों ने अब तक जेरा ताकेतोयो थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट के परिणामस्वरूप किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। समाचार एजेंसी क्योडो ने अग्निशमन अधिकारियों और प्रीफेक्चरल पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट इमारत की 13वीं मंजिल पर बॉयलर के भीतर हुआ। कन्वेयर से आग निकलती देखी गई है, काला धुआं उठता देखा गया है।

प्रतुष्टि पार्श्व गायिका बोलीं- प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर राम भुजंग गाकर 20 साल की इच्छा हुई पूरी, महोत्सव में भजन गाना सौभाग्य की बात, जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी

रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं : अनुराधा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं है। मेरी 20 साल पुरानी इच्छा पूरी हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर भजन गाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी। ये कहना है पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल का। वो बुधवार शाम शहर के एक होटल में 'अमृत विचार' से खास बातचीत कर रहीं थीं। कहा कि रामलला के समक्ष राम भजन प्रस्तुत करना उनके जीवन का अप्रितम क्षण है।

सुप्रसिद्ध गायिका ने अपने कॅरिअर के हर पड़ाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनकी रुचि संगीत में थी। इसके लिए उनकी मां ने प्रोत्साहित किया। लता जी उनकी आदर्श रही हैं, उन्हीं से प्रेरणा लेकर वह रेडिया व संगीत सुनकर गाने का अभ्यास करती थीं। उन्हें कॅरिअर का पहला ब्रेक अभिमान फिल्म से मिला। फिल्मों में करीब 20 साल गायकी के बाद उनकी रुचि भक्ति गाने की तरफ हुई। सन् 92-93 में भजन-स्तुति का गायन शुरू किया।

उन्होंने कहा कि करीब 20 साल पहले जब अयोध्या आई थी तो रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी हुआ था। उस समय सिर्फ एक ही भाव मन में आया था कि प्रभु आप जल्द अपने भव्य मंदिर में विराजमान हों और उस दिन मैं आपके भजन गाऊं। उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला के समक्ष राम भजन की स्तुति करने का अवसर मिला। जो मेरे जीवन का सबसे सौभाग्यशाली क्षण है। अब इसके आगे कोई इच्छा शेष नहीं है। जीवन की सारी तपस्या फलीभूत हो गई है।

जन्मभूमि में पौडवाल के सुरों से सजी राग सेवा उत्सव की शाम

मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद जन्मभूमि परिसर में राग सेवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम को आयोजित हो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नामी कलाकार गायन, वादन व नृत्य प्रस्तुत कर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुधवार को पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा ने राम भजन प्रस्तुत कर रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने पायोजी मैंने राम रतन धन पायो..., ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजानिया... समेत कई राम भजन और संसकृत में राम भुजंग गाकर लोगों का मन मोह लिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उन्होंने राम भुजंग की दो लाइनें गाईं थीं। जिसे आज पूरा किया।

आशा और किशोर दा के साथ गायन सबसे अच्छा अनुभव

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि गायिकी में उनकी आदर्श रहीं लताजी के साथ काम करने की ख्वाहिश अधूरी रह गई, लेकिन उनकी प्रेरणा से आज यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने बताया कि आशा, हेमंत, किशोर दा, तलत महमूद के साथ उन्हें काम करने का मौका मिला। इससे उन्हें अच्छे अनुभव भी हासिल हुए।

मोदी और योगी की वजह से बदली अयोध्या: पौडवाल

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कर बहुत सुखद अनुभूति हुई। यही नहीं अब तो पूरी अयोध्या ही बदल गई। ये सब मोदी जी और योगी जी के विजन के कारण ही संभव हुआ है।

जी20 को जन-जन तक ले जाना महत्वपूर्ण कदम : श्रीनिवास

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

▸▸ **कहा- जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर आयोजित नहीं हुए थे इतने सारे कार्यक्रम**

पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन को जन-जन तक ले जाने से न केवल समूह के महत्व के बारे में लोगों में जागरुकता पैदा हुई, बल्कि इसने सभी की भलाई के लिए अलग-अलग देशों की सरकारों को भी एकजुट किया। भारत सरकार के संयुक्त सचिव के.जे. श्रीनिवास ने मंगलवार को यहां एक बैठक में यह बात कही।

जोहानिसबर्ग के वाणिज्य दूतावास में 150 से अधिक प्रवासी और स्थानीय भारतीय समुदाय के नेता एकत्र हुए। गुयाना में उच्चायुक्त नियुक्त होने से पहले श्रीनिवास 2013 और 2016 के बीच जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत थे।

श्रीनिवास ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन ऐसा घटनाक्रम था जिस पर हम सभी भारतीयों, एनआरआई और प्रवासी भारतीयों को बहुत गर्व होना चाहिए। यह एक ऐसा अवसर था जब पूरी दुनिया हमारी ओर देख रही थी और हमने इसे सफलता के साथ पूरा किया। उन्होंने कहा कि पूरे शिखर सम्मेलन को जनता के बीच ले जाना भारत के नेतृत्व में एक बड़ा कदम था। जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर इतने सारे कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए थे।